CMYK

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 09°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, रविवार 7 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 326 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 15 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




बहुजनों के आत्मसम्मान वाले अच्छे दिन कब आएंगे: मायावती पेज 2



तीसरा वनडे: भारत ने साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराया, जायसवाल की सेंचुरी खेल टाइम्स



पुतिन के दौरे से भारत-अमेरिका रिश्ते बेअसर: जयशंकर पेज 11



संदीपा धर ने अपने नए प्रोजेक्ट की शुरुआत की बॉलीवुड

## बंगाल में निलंबित टीएमसी विधायक ने बाबरी मस्जिद की नींव रखी

- हुमायूं कबीर ने मौलवियों के साथ फीता काटा, दो लाख से ज्यादा लोग ईंट लेकर पहुंचे
- सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की 19 टीमें, रैपिड एक्शन फोर्स, बीएसएफ, पुलिस की कई टीमों समेत तीन हजार से ज्यादा जवान रहे तैनात



**मुर्शिदाबाद/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बनने वाली मस्जिद की आधारशिला रखी।

कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की। इस दौरान नारा-ए- तकबीर, अल्लाहु अकबर के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में 2 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी। बंगाल के अलग-अलग जिलों से आए लोगों में कोई अपने सिर, कोई ट्रैक्टर-ट्रॉली तो कोई रिक्शा या वैन से ईंट लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा था। कार्यक्रम को लेकर बेलडांगा समेत आसपास का इलाका शनिवार सुबह से हाई अलर्ट पर है। बेलडांगा और उसके आसपास सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की 19 टीमें, रैपिड एक्शन फोर्स, बीएसएफ, स्थानीय पुलिस की कई टीमों समेत 3 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं। हुमायूं कबीर ने 25 नवम्बर को कहा था कि वे 6 दिसम्बर को अयोध्या में बाबरी मस्जिद विध्वंस के 33 साल पूरे होने पर बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखेंगे। टीएमसी ने 4 दिसम्बर को हुमायूं कबीर को पार्टी से सस्पेंड कर दिया था। कार्यक्रम से पहले हुमायूं कबीर ने शनिवार को कहा था कि हिंसा भड़काकर कार्यक्रम को बाधित करने की साजिशें रची जा रही हैं, लेकिन मैं बेलडांगा में मस्जिद की नींव रखूंगा। कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकती। हम कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करेंगे। कोलकाता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मस्जिद निर्माण पर रोक लगाने से इन्कार किया था।

## भगोड़े नीरव मोदी की बढ़ीं मुश्किलें

**लंदन, वार्ता**



**नीरव मोदी को** दक्षिण लंदन की एक जेल से अक्टूबर में दूसरी जेल में शिफ्ट किया गया था। शिफ्टिंग के बाद उसका ज्यादातर कानूनी सामान उसके पास नहीं पहुंचा। नीरव के वकील ने कहा कि वह एक छोटी कोठरी में दो और कैदियों के साथ रहता है और एक छोटी-सी मेज पर ही काम करता है।

जेल में इंटरनेट या कंप्यूटर की सुविधा भी नहीं है। ऐसे में जनवरी 2026 में होने वाला बैंक ऑफ इंडिया वाला केस वह ठीक से नहीं लड़ सकते। जज ने कहा कि नीरव मोदी को अपने पुराने नोट्स और दस्तावेज मिलने बहुत जरूरी हैं। जज ने साफ कहा कि अगर कागजात नहीं मिले, तो नीरव मोदी अपना पक्ष ठीक से नहीं रख पाएंगे। कोर्ट ने आदेश दिया कि पिछली जेल से सारे कागजात तुरंत उसकी नई जेल में भिजवाए जाएं।

# देश की ग्रोथ स्लो थी, तो हिंदू रेट कहा गया: मोदी

### बोले-आज तेजी से बढ़ रही, तो कोई नहीं बोलता, फिलहाल भारत अलग लीग में

शाह टाइम्स ब्यूरो-



आज जो बुद्धिजीवी हर बात में सांप्रदायिकता खोजते रहते हैं उन्हें हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ में नजर नहीं आई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि जब भारत की ग्रोथ रेट दो-तीन परसेंट थी, तो इसे हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहा गया और ये सिद्ध करने का प्रयास किया गया कि भारत की धीमी विकास दर का कारण हिंदू संस्कृति है। पीएम मोदी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेज से बढ़ती इकोनॉमी है। आज क्यों नहीं हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहा जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जो बुद्धिजीवी हर बात में सांप्रदायिकता खोजते रहते हैं उन्हें हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ में नजर नहीं आई। यह टर्म उनकी किताबों में रिसर्च पेपर का हिस्सा बना दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है। फिर भी इस दौर में हमारा भारत एक अलग लीग में दिख रहा है। भारत आत्मविश्वास से भरा है। जब दुनिया में स्लोडाउन की बात होती है भारत ग्रोथ की कहानी लिखता है। पीएम मोदी ने कहा कि जब दुनिया में ट्रस्ट की क्राइसिस होती है तब भारत पिलर बनता है। कुछ दिन पहले भारत के जीडीपी आंकड़े आए, जिसमें 8 प्रतिशत से ज्यादा ग्रोथ हो रही है। ये सिर्फ नंबर नहीं है, ये स्ट्रांग मैक्रो इकोनॉमिकल सिग्नल है। यह संदेश है भारत ग्लोबल इकोनॉमी का ग्रोथ ड्राइवर बन रहा है। देश में लोगों के 78 हजार करोड़ रुपये बैंक खातों में अनक्लेम पड़े हुए हैं। इसी तरह इंश्योरेंस कंपनियों में 48 हजार करोड़ रुपये बिना दावे के पड़े हैं। यह ज्यादातर गरीब परिवारों का पैसा है, जिसे लोग भूल चुके हैं। इसलिए -शेष पृष्ठ दो पर

## सिंगर नेहा सिंह राठौर को नहीं मिली राहत

### पीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी: नहीं मिली जमानत

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पीएम मोदी के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी से जुड़े एक मामले में भोजपुरी सिंगर और यूट्यूबर नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, नेहा सिंह राठौर की अप्रैल में की गई टिप्पणी को लेकर इस साल की शुरुआत में लखनऊ के हजरतगंज पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। गायिका पर इसी तरह के आरोपों के लिए पूरे उत्तर प्रदेश में कई एफआईआर दर्ज हुई हैं। यह मामला अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के संबंध में राठौर की टिप्पणियों से जुड़ा है। 'बिहार में का बा' सॉन्ग फेम सिंगर नेहा ने 23 अप्रैल की अपनी एक्स पोस्ट में आरोप लगाया था कि मोदी सरकार जाति और धर्म के आधार पर राजनीति कर रही है।

## इंडिगो संकट पर केंद्र ने दिखाई सख्ती

### किराए तय किए, 18 हजार रुपये से ज्यादा नहीं ले सकेंगी एयरलाइंस



- 500 किमी तक का किराया 7,500
- किराया सीमाएं तब तक लागू रहेंगी जब तक किराए स्थिर नहीं हो जाते या अगला आदेश जारी नहीं होता

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट को लेकर सरकार पांच दिनों के बाद सख्त नजर आ रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इस संकट से निपटने के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सरकार की ओर से इंडिगो को यात्रियों का पैसा तुरंत वापस करने के लिए कहा गया है।

इसके साथ ही सरकार ने दूसरी एयरलाइन के किराए में हुए बेतहाशा बढ़ोतरी पर भी लगाम कस दी है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सभी प्रभावित रूट्स पर सही और वाजिब किराया सुनिश्चित करने के लिए अपनी रेगुलेटरी पावर का इस्तेमाल किया है। सरकार ने एयरलाइन से कहा कि वह तय हवाई किराए से ज्यादा न लें। घरेलू एयरलाइंस यात्रियों से नीचे बताई गई सीमा से अधिक किराया नहीं वसूल सकती हैं। घरेलू एयरलाइंस यात्रियों से सीमा से अधिक किराया नहीं वसूल सकती हैं। 500 किमी तक की दूरी- अधिकतम किराया 7500 रुपये, 500-1000 किमी की दूरी- अधिकतम किराया 12000 रुपये, 1000-1500 किमी की दूरी- अधिकतम किराया 15000 रुपये, 1500 किमी से अधिक की दूरी: अधिकतम किराया 18000 रुपये किराया वसूला जा सकेगा। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उपरोक्त किराया सीमाएं लागू उपयोगकर्ता विकास शुल्क, यात्री सेवा शुल्क और करों को छोड़कर हैं। ये किराया सीमाएं बिजनेस क्लास और आरसीएस उड़ानों पर लागू नहीं होंगी। सरकार की ओर से कहा गया है कि किराया सीमाएं तब तक लागू रहेंगी जब तक किराए स्थिर नहीं हो जाते या अगला आदेश जारी नहीं होता। ये किराया सीमाएं सभी प्रकार की बुकिंग पर लागू होंगी, चाहे टिकट एयरलाइन की आधिकारिक वेबसाइट से खरीदा गया हो या किसी ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट के प्लेटफॉर्म से। एयरलाइंस सभी श्रेणियों में टिकट उपलब्धता बनाए रखेंगी और आवश्यकता होने पर उन सेक्टरों में क्षमता बढ़ाने पर विचार करेंगी जहां मांग अचानक बढ़ गई हो।

### संकट के बीच किराए की लूट

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो पांच दिनों से परिचालन संकट से जूझ रही है। इसके चलते देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर हंगामे की स्थिति है और लाखों लोग परेशान हैं। लोग कई घंटों से हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। ऐसे हालात में भी देश की विमानन कंपनियां बेशर्मी से लोगों से किराए की लूट करने में जुटी हैं और औसत किराए की तुलना में कई गुना ज्यादा किराया वसूल रही हैं। दिल्ली से हैदराबाद के बीच का हवाई किराया शनिवार को कई फ्लाइट बुकिंग प्लेटफॉर्म पर 36 हजार से ज्यादा पहुंच गया है।

## बीरभूम में भड़की हिंसा टीएमसी नेता की हत्या

- विरोधी हमले में पांच लोग घायल

**कोलकाता।** बीरभूम जिले के नानूर के थुपसुरा में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बूथ अध्यक्ष रासबिहारी सरदार (50) की एक विरोधी गुट के अचानक हमले में बेरहमी से हत्या कर दी गई।

इस हमले में उनके बेटे समेत पांच अन्य लोग भी घायल हो गए। घायलों को पुरबा बर्धमान जिले के मंगलकोट में एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्टों के मुताबिक यह घटना तब हुई जब हमलावर और पीड़ित एक गांव के मंदिर के आंगन में बैठकर समुदाय से जुड़ी समस्याओं पर बात कर रहे थे। बिना किसी चेतावनी के एक विरोधी गुट के सदस्यों ने हिंसक होकर उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

## रोहिंग्याओं पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पूर्व जजों व वकीलों ने आपत्ति जताई

- सीजेआई सूर्यकांत को लेटर लिखा, कहा था- क्या घुसपैठियों को रेड कार्पेट वेलकम देना चाहिए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2 दिसम्बर को भारत में रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों के कानूनी दर्जे पर सवाल उठाए थे।

इसे लेकर पूर्व जजों, वकीलों और कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफार्म्स ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत को लेटर लिखकर आपत्ति जताई है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने एक हैबियस कार्पस याचिका पर सुनवाई करते हुए पूछा था कि अगर कोई गैर-कानूनी तरीके से भारत में घुस आता है, तो क्या उसे रेड कार्पेट वेलकम देना चाहिए, जबकि देश के अपने नागरिक ही गरीबी से जूझ रहे हैं? लेटर में कहा गया है कि रोहिंग्या पर की गई टिप्पणी अमानवीय और संविधानिक मूल्यों के खिलाफ है। रोहिंग्या को दुनिया के सबसे उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों में बताया गया है। साथ ही रोहिंग्या लोगों को अनुच्छेद 21 के तहत सुरक्षा का अधिकार बताया गया।

# सरकार नेहरू को इतिहास से मिटाना चाहती है: सोनिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

- बोलीं: उन्हें गलत तरीके से पेश किया जा रहा
- पूर्व पीएम नेहरू के खिलाफ बयानबाजी पर भाजपा की आलोचना की



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी (सीपीपी) की चेयरपर्सन सोनिया गांधी दिल्ली स्थित जवाहर भवन में नेहरू सेंटर इंडिया के लॉन्च समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ बयानबाजी को लेकर भाजपा सरकार की आलोचना की।

सोनिया गांधी ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करना आज की सत्ता का मुख्य मकसद है। वह उन्हें (नेहरू को) सिर्फ इतिहास से मिटाना नहीं चाहती, बल्कि उनकी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक आधारों भी को कमजोर करना चाहती है, जिन पर देश खड़ा हुआ। सोनिया गांधी ने कहा कि इतने बड़े व्यक्तित्व (नेहरू) के जीवन और काम का एनालिसिस और समीक्षा होना स्वाभाविक है और ऐसा होना चाहिए भी, लेकिन उन्हें बदनाम करने, कमजोर दिखाने और उनकी बातें तोड़ने-मरोड़ने की संगठित कोशिश अस्वीकार्य है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि नेहरू का व्यक्तित्व छोटा करने की कोशिश जारी है। उनका ऐतिहासिक बैकग्राउंड अलग रखकर उनके काम का आकलन करना अब आम होता -शेष पृष्ठ दो पर

### राहुल भारतीय राजनीति के भस्मासुर: भाजपा

**नई दिल्ली।** सोनिया गांधी के बयान के बाद भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को भारतीय राजनीति का भस्मासुर कहा। उन्होंने कहा कि नेहरू की गलतियों को मोदी सरकार ने ठीक किया। उन्होंने आगे कहा कि सोनिया गांधी नेहरू की लेगेसी की बात करती हैं, तो ये किस तरह की लेगेसी है। हिंदी चीनी भाई भाई का नारा नेहरू ने दिया था लेकिन नेहरू ने यूएन सिक्योरिटी काउंसिल की सीट चीन को दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड-हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट, केदारनाथ में -14 डिग्री पारा

**नई दिल्ली।** पहाड़ी इलाकों से आ रही बर्फीली हवाओं ने कई राज्यों में ठिठुरन बढ़ा दी है। राजस्थान के 18 शहरों में शुक्रवार को तापमान 10 डिग्री से नीचे आ गया। 7 शहरों में तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया। फतेहपुर 1.9 डिग्री के साथ सबसे ठंडा शहर रहा। लूणकरणसर में 3.2, सीकर में 3 और नागौर में 3.1 पारा रिकॉर्ड हुआ। मध्य प्रदेश के 19 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया। पचमढ़ी से पारा सबसे कम 5.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। पहाड़ों से सर्द हवाएं आने के कारण 7 और 8 दिसम्बर को सर्दी का असर और बढ़ेगा। इधर, आईएमडी ने उत्तराखंड में रविवार को बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। इससे तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है। राज्य के कई जिलों में तापमान पहले से शून्य से नीचे पहुंच गया है। केदारनाथ में शुक्रवार को -14 और बद्रीनाथ में -11 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।

### जुबीन गर्ग की मौत केस में 12 दिसम्बर को चार्जशीट

**गुवाहाटी।** असम पुलिस सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में 12 दिसम्बर को चार्जशीट दाखिल करेगी। केस की जांच कर रहे सीआईडी के स्पेशल डीजी मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने शनिवार को बताया कि इस केस की जांच पूरी हो चुकी है। केस में अब तक तक सात गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। 300 से ज्यादा गवाहों से पूछताछ की गई है। जुबिन की मौत 19 सितम्बर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान समुद्र में डूबने से हुई थी। गुप्ता ने कहा कि अब मामले में अधिक जानकारी चार्जशीट दाखिल होने के बाद ही दी जाएगी। गुप्ता ने कहा कि गर्ग की मौत के बाद पूरे असम में करीब 60 एफआईआर दर्ज की गई थीं। चार्जशीट मूल मामले में दाखिल की जाएगी।

### रूसी डेलीगेशन से बात करके मजा आया: थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को बताया कि 5 दिसम्बर को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए आयोजित डिनर में शामिल हुआ था। वहां का माहौल बहुत अच्छा और दिलचस्प था। रूसी डेलीगेशन के साथ बातचीत करके मजा आ गया। थरूर ने एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। इस डिनर में लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को न्योता नहीं मिला था।

### मोदी का 'परीक्षा पे चर्चा' जनवरी में होगा आयोजित

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी का वार्षिक संवादात्मक कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का नौवां संस्करण जनवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि श्री मोदी का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम जनवरी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत और विदेश के छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षा के तनाव पर चर्चा करने और परीक्षाओं को एक उत्सव और जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए उनके साथ जुड़ेंगे।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### मुर्मू, मोदी और बिरला ने अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा सभापति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को बाबासाहब डा. भीमराव अम्बेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बिरला ने अपने संदेश में कहा कि भारत के महान संविधान के शिल्पी, सामाजिक न्याय के प्रहरी, भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि समानता, न्याय, शिक्षा और समावेशी विकास पर आधारित समाज का उनका दृष्टिकोण आज भी देश के विकास के लिए मार्गदर्शक बना हुआ है। इन मूलभूत तत्वों का समावेश बाबा साहब ने भारतीय संविधान में भी किया।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर बैठकर निकालें समाधान

**मथुरा।** बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर मथुरा की श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद पर शाही ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष जैड हसन साहब ने श्री कृष्ण जन्म स्थान और शाही ईदगाह विवाद मामले को बैठकर निपटाने की वकालत की है। जैड हसन ने कहा है कि मैं चाहता हूं कि दोनों पक्ष बैठकर इस समस्या का समाधान निकाले। जैड हसन साहब ने कहा कि मथुरा नगरी हमारी रसखान की नगरी है, राधा कृष्ण की नगरी है और प्रेम की नगरी है। इस विषय में भी हमारी नगरी से कोई प्रेम की बात ही समस्त संसार को मिलनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मुझे यहां के भाइयों ने शाही ईदगाह मस्जिद का अध्यक्ष भी नियुक्त किया है, मेरी भी जिम्मेदारी हो जाती है।

# बहुजनों के अच्छे दिन अब तक क्यों नहीं आए: मायावती

नई दिल्ली, वार्ता




■ महापरिनिर्वाण दिवस पर मायावती ने पूछा सवाल

अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की और सवाल उठाया कि बहुजनों के आत्मसम्मान से जुड़े 'अच्छे दिन' अब तक क्यों नहीं आए।

मायावती ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस व संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती और पुण्यतिथि पर यह सवाल उठता ही रहेगा कि संविधान के पवित्र मानवतावादी एवं कल्याणकारी उद्देश्यों पर आधारित देश के बहुजनों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान युक्त अच्छे दिन कब आएंगे। मायावती ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में अम्बेडकर के मार्ग पर चलना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। मायावती ने कहा कि आज भी बहुजन समाज को वह सम्मान, समता और अधिकार नहीं मिल पाए, जिनकी कल्पना बाबा साहेब ने संविधान निर्माण के दौरान की थी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और अम्बेडकर जयंती जैसे पावन अवसरों पर यह सवाल बार-बार उभर कर सामने आता है कि सामाजिक न्याय आधारित असली 'अच्छे दिन' कब आएंगे। उन्होंने याद दिलाया कि यूपी में बसपा सरकारों के दौरान बहुजन समाज के उत्थान और आत्मसम्मान के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए थे।

मायावती ने हाल में रुपये के भारी अवमूल्यन पर भी गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि यह मुद्दा केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक और राष्ट्रहित से जुड़ा हुआ है। उन्होंने सरकार को सलाह दी कि आर्थिक सलाहकारों से आगे बढ़कर खुद हस्तक्षेप करें और गिरते रुपये को संभालने के लिए ठोस कदम उठाएं। इसके साथ ही उन्होंने बहुजनों से वोटर लिस्ट पुनरीक्षण प्रक्रिया एसआईआर में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की, ताकि हर योग्य व्यक्ति लोकतांत्रिक अधिकारों का उपयोग कर सके।

### देश मन-विधान से नहीं, संविधान से चले: सपा



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को डा. बीआर अम्बेडकर की पुण्यतिथि और महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कहा कि देश का नारा 'जय जवान, जय किसान, जय संविधान' होना चाहिए। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने चेताया कि संसद में संविधान की रक्षा पर बहस होना लोकतंत्र के लिए दुखद संकेत है और यह स्थिति बताती है कि लोकतांत्रिक ढांचे पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। अखिलेश यादव ने साफ कहा कि संविधान सिर्फ किताब नहीं, बल्कि देश की बुनियाद है और इसका कमजोर होना लोकतंत्र को कमजोर करने जैसा है। उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान को कमजोर करना चाहते हैं, वे एकतंत्र की ओर देश को धकेलना चाहते हैं। अखिलेश ने आरोप लगाया कि संविधान जनता को अधिकार देता है और जो ताकतें लोगों के अधिकार छीनना चाहती हैं, वे संविधान विरोधी हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि संविधान ही लोकतंत्र का कर्म ग्रंथ है और इसलिए इसे बचाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने दोहराया कि देश को 'मन-विधान' से नहीं, बल्कि संविधान से चलना चाहिए, क्योंकि यही देश की दिशा और दशा तय करता है।

# हवाई यात्रा के संकट पर श्वेतपत्र जारी करे सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

■ मोदी सरकार हर क्षेत्र में कर रही एकाधिकार

कांग्रेस ने देशभर में हवाई यात्रियों के समक्ष पैदा हुए अभूतपूर्व संकट को सरकार के एकाधिकार की नीति का पहला नमूना बताया और कहा कि स्थिति को संभालने में विफल रहे नागर विमानन मंत्री के राम मोहन नायडू को जिम्मेदारी लेते हुए सरकार को इस पर श्वेतपत्र जारी करना चाहिए।

कांग्रेस ने कहा कि विमानन कंपनी इंडिगो के कारण देश के नागरिकों के समक्ष विमानन क्षेत्र में जो अभूतपूर्व संकट खड़ा हुआ, वह सरकार की एकाधिकार नीति का एक नमूना मात्र है और आने वाले समय में एकाधिकार की सरकार की नीति का खामियाजा देश के नागरिकों को बड़े पैमाने पर भुगतना पड़ेगा। पार्टी ने कहा कि निजीकरण के काम में जुटी मोदी सरकार हर क्षेत्र में एकाधिकार को महत्व दे रही है और आने वाले समय में ऊर्जा, बंदरगाह आदि क्षेत्रों में भी इसी तरह का संकट देश को झेलना पड़ेगा, इसलिए सरकार को एकाधिकार नहीं प्रतिस्पर्धा को महत्व देना चाहिए। कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले कुछ दिनों में देश ने अब तक का सबसे बड़ा विमानन संकट देखा है। हजारों उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और आज शनिवार को भी 600 से अधिक उड़ानें रद्द की गई हैं।

# थाना प्रभारी ने गोली मारकर की आत्महत्या

जालौन, वार्ता

■ संत कबीरनगर जनपद के निवासी थे अरूण कुमार रॉय

उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के कुठौंद थाना परिसर में शुक्रवार देर रात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अरुण कुमार राय ने अपने सरकारी आवास में खुद को सर्विस रिवॉल्वर से गोली मार ली।

गोली उनके सिर के आरपार हो गई। देर रात गोली की आवाज सुनते ही थाने में मौजूद पुलिसकर्मी दौड़कर उनके क्वार्टर पहुंचे। दरवाजा खोलने पर इंस्पेक्टर खून से लथपथ हालत में फर्श पर पड़े मिले, उनके पास ही उनकी सर्विस रिवॉल्वर पड़ी हुई थी। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने के लिए करीब दो घंटे तक प्रयास किए, लेकिन देर रात लगभग 11:15 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक इंस्पेक्टर अरुण कुमार राय मूल रूप से संत कबीरनगर जनपद के निवासी थे और वर्ष 2023 में उन्हें इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति मिली थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने थाने व आवासीय परिसर की गहन जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। सभी पहलुओं पर गहन जांच की जा रही है। घटनास्थल की परिस्थितियों को देखते हुए गोली बहुत करीब से चलाई गई प्रतीत होती है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है।

## तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले दल देश का कर रहे अहित: योगी

# अंबेडकर की मूर्तियों की सुरक्षा करेगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बाउंड्री वाल बनाकर की जाएगी सुरक्षा, मूर्तियों पर छत्र भी लगाया जाएगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले दल न केवल भारत का अहित कर रहे हैं, बल्कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का भी अपमान कर रहे हैं।

बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर डा. भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में योगी ने कहा कि प्रायः कुछ शरारती तत्व मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास करते हैं, इसलिए उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार महत्वपूर्ण निर्णय लेने जा रही है कि जहां भी बाबा साहेब की मूर्तियां लगी हैं, वहां बाउंड्रीवाल बनाकर उन मूर्तियों की सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही मूर्तियों पर छत्र भी लगाया जाएगा, जिससे बाबा साहेब की मूर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। योगी ने डा. निर्मल के उस वक्तव्य का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा कि चतुर्थ श्रेणी, संविदा, सफाई कर्मचारियों को उचित मानदेय मिले। योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने कॉरपोरेशन का गठन किया है। अगले एक-दो महीने के अंदर ही सरकार चतुर्थ श्रेणी, संविदा, सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय देने की गारंटी उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें संविधान और बाबा साहेब पर गौरव की अनुभूति होती है। बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर ने उस समय भी खतरों से जागरूक किया था।

कांग्रेस के बड़े नेता का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने 1923 में वंदे मातरम गाने से इन्कार कर दिया था। जब उनका अंतिम समय आया, तो उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि येरूशलम में मरूं। तब बाबा साहेब ने टिप्पणी की थी कि जो व्यक्ति भारत में पैदा होकर यहां की सुविधा का उपभोग करके भी भारत की धरती को पवित्र न मानता हो, उसका वक्तव्य कभी भी भारतवासियों के हित में नहीं हो सकता। अतिथियों का स्वागत आंबेडकर महासभा के अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डा. लालजी प्रसाद निर्मल ने किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, महापौर सुषमा खर्कवाल, आंबेडकर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार, महामंत्री अमरनाथ प्रजापति, कोषाध्यक्ष सत्या दोहरे आदि की उपस्थिति रही।

### बाबा साहेब के विचार, सिद्धांत और दूरदृष्टि भारतीय लोकतंत्र की नींव: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान निर्माता, 'भारत रत्न' बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शनिवार को कहा कि बाबा साहब के विचार, सिद्धांत और दूरदृष्टि भारतीय लोकतंत्र की नींव हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को एक्स पर लिखा कि सामाजिक न्याय के अग्रदूत, संविधान निर्माता, 'भारत रत्न' बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। बाबा साहब के विचार, सिद्धांत और दूरदृष्टि भारतीय लोकतंत्र की नींव हैं। समाज में व्याप्त विषमता, अन्याय और भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष करते हुए समानता, स्वतंत्रता और बंधुता पर आधारित समाज के निर्माण का जो सपना बाबा साहब ने देखा था, वह आज भी हम सभी के लिए पथप्रदर्शक है।



सेंसेक्स 85712.37
निफ्टी 26146.45



सोना रु. 130150
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 190000
प्रति किलो



# देशभर में 37 प्रीमियम ट्रेनों में 116 अतिरिक्त कोच जुड़ेंगे

नई दिल्ली, वार्ता



रेलवे ने निजी विमानन कंपनी इंडिगो की उड़ानों के परिचालन में आई दिक्कतों के मद्देनजर यात्रियों को सुविधा मुहैया कराने के लिए देशभर की 37 प्रीमियम ट्रेनों में 116 अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया है।

रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है हवाई यात्रा बाधित होने के कारण अचानक काफी संख्या में यात्रियों ने रेलवे की ओर रुख किया है। यात्रियों की इस तत्काल बढ़ी हुई मांग को देखते हुए भारतीय रेलवे ने देशभर की 37 प्रीमियम ट्रेनों में 116 अतिरिक्त कोच जोड़े हैं, जिससे हजारों की संख्या में अतिरिक्त सीटें उपलब्ध हो गई हैं। रेलवे ने कहा है कि यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने एक क्षेत्रवार कार्य योजना लागू की है और विभिन्न रेल मंडलों ने अपने सबसे व्यस्त और ज्यादा मांग वाले मार्गों पर कोचों की संख्या बघई। विज्ञप्ति में बताया गया है कि दक्षिणी रेलवे ने सबसे अधिक कोच जोड़े हैं। दक्षिण रेलवे ने 18 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए हैं। ये उपाय छह दिसम्बर से लागू हो गए हैं। इसमें विशेष तौर पर चेयर कार और स्लीपर क्लास के कोच शामिल हैं। वहीं उत्तर रेलवे भारी मांग वाले गलियारों पर दबाव कम करने के लिए आठ ट्रेनों में 3एसी (थर्ड एसी) और चेयर कार कोच जोड़े हैं। पश्चिमी रेलवे ने चार उच्च-मांग वाले मार्गों पर ट्रेनों में 3एसी और 2एसी कोचों की संख्या बढ़ाई है। इससे देश के पश्चिमी क्षेत्रों से राष्ट्रीय राजदानी की ओर आवाजाही सुगम होगी। पूर्वी मध्य रेलवे ने 6-10 दिसम्बर तक पांच फेरों के लिए राजेंद्र नगर-नई दिल्ली (12309) सर्विस में अतिरिक्त 2एसी कोच लगाया है, जिससे बिहार-दिल्ली के बीच आवागमन करने वाले यात्रियों को किसी तरह की कोई असुविधा न हो। रेलवे ने कहा है कि पूर्वी रेलवे ने यात्रियों की मांग के मद्देनजर तीन प्रमुख ट्रेनों में सात और आठ दिसम्बर को छह फेरों के लिए स्लीपर क्लास कोच बढ़ाएगा।

# सोने का दाम गिरा, चांदी के भाव में तेजी आई

**नई दिल्ली।** सोने ने 1.30 लाख रुपये का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जबकि चांदी के भाव में तेजी देखी गई। अमेरिका में मंदी की आहट और फेडरल रिजर्व के फैसले से पहले बाजार में बड़ा सवाल यह है कि क्या सोना अब 1.50 लाख के ऐतिहासिक स्तर को छुएगा? 24 कैरेट सोने का भाव 540 रुपये घटकर 1,30,150 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा, वहीं सोने के उलट शनिवार को भारत में चांदी के रेट में तेजी आई है। 1 किग्रा चांदी 3,000 रुपये बढ़कर 1,90,000 रुपये पर आ गया है। इस हफ्ते चांदी ने सोने से बेहतर परफॉर्म किया है और इसमें 1 परसेंट से ज्यादा की तेजी आई है, जबकि सोने में 0.41 परसेंट की गिरावट आई है।

सेन्को गोल्ड के एमडी और सीईओ सुवंकर सेन का कहना है कि अगर ग्लोबल मार्केट का सपोर्ट मिलता रहा, तो सोना जल्द ही 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम का स्तर भी पार कर सकता है। आभूषण बनाने के लिए ज्यादा इस्तेमाल होने वाले 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,260 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। देश के अन्य महानगरों की बात करें, तो मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में भाव दिल्ली के मुकाबले थोड़े कम हैं, लेकिन वहां भी तेजी बरकरार है। इन शहरों में 22 कैरेट सोने का भाव 1,19,110 रुपये और 24 कैरेट का भाव 1,29,940 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रहा है। जयपुर, लखनऊ और चंडीगढ़ जैसे उत्तर भारत के प्रमुख शहरों में कीमतें दिल्ली के बराबर ही बनी हुई हैं। वैश्विक बाजार की बात करें, तो चांदी का हाजिर भाव 58.17 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। चांदी में आई यह गिरावट उन लोगों के लिए एक अच्छा मौका है।

# चावल, गेहूं और दालों में रही नरमी, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़ रही

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमतों में गिरावट रही। गेहूं और दालों के दाम भी घट गए। चीनी में तेजी रही। वहीं खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 38 रुपये घटकर 3,823.09 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं भी नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ और 2,844.45 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा आठ रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। दाल.दलहनों में गिरावट रही। उड़द दाल 24 रुपये और तुअर दाल 57 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल 52 रुपये गिर गया। मसूर दाल की कीमत 54 रुपये और मूंग दाल की 15 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 69 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। अन्य तेलों में नरमी रही। मूंगफली तेल 93 रुपये और पाम ऑयल 28 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 14 रुपये और वनस्पति की नौ रुपये घट गई। सोया तेल में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 11 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7812.14 रुपये, मसूर काली 8116.37 रुपये, मूंग दाल 10089.27 रुपये, उड़द दाल 10356.15 रुपये, तुअर दाल 10525.12 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2844.45 रुपये और चावल 3823.09 रुपये प्रति क्विंटल, आटा (गेहूं) 3288.75 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी. गुड़: चीनी एस 4335.25 रुपये और गुड़ 5024.90 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17705.97 रुपये, मूंगफली तेल 17654.54 रुपये, सूरजमुखी तेल 15699.01 रुपये सोया तेल 13781.16 रुपये, पाम ऑयल 12440.97 रुपये और वनस्पति 14461.12 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देश की...** सरकार अब देशभर में स्पेशल कैंप लगाकर असली हकदारों को खोज रही है। अब तक लगभग 5000 जिलों में कैंप लगाकर करोड़ों रुपये सही लोगों तक वापस पहुंचाए जा चुके हैं। अंग्रेजों को पता था लंबे समय तक राज करना है, तो उनमें हीनभावना का संचार करना होगा। उस दौर में अंग्रेजों ने यही किया भी इसीलिए भारतीय पारिवारिक संरचना को पुराना बताया पोशाक का मजाक उड़ाया। त्योहार को इरेशनल कहा गया। भारतीय आविष्कारों का मजाक उड़ाया गया। पीढ़ी दर पीढ़ी यही चलता रहा। ऐसे ही भारतीयों का विश्वास चकनाचूर होता गया। भारत का स्पेस सेक्टर पहले सरकारी कंट्रोल में था हमने इसे प्राइवेट सेक्टर के लिए खोला। आज इसके नतीजे देश देख रहा है। अभी 11 दिन पहले हैदराबाद में स्काई रूट कैंपस का इनॉगरेशन किया। यह भारत की प्राइवेट स्पेस कंपनी है। यह कंपनी फ्लाईरेडी विक्रम 1 बना रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी 7 की इकोनॉमी औसतन 1.5 फीसदी के पास है इन परिस्थितियों में भारत लो इंफ्लेशन मॉडल बना है। एक समय देश में ज्यादा महंगाई को लेकर चिंता जताते थे आज वे कम होने की बात करते हैं। एक समय था जब भारत में रिफॉर्म स्वार्थ के चलते होते थे। या संकट को मैनेज करने के लिए लेकिन आज देशहित में होते हैं। देश के हर सेक्टर में कुछ न कुछ बेहतर होता रहता है। हमारा इंटेंट नेशन फर्स्ट का है। भारत के एक सामर्थ्य का बड़ा हिस्सा लंबे समय तक अनटैप रहा है। हमारा पूर्वी भारत, गांव, नारी शक्ति, छोटे शहर, यूथ पावर, ब्लू इकोनॉमी का इस्तेमाल पहले के दशकों में हो ही नहीं पा रहा था। भारत अब इनके साथ आगे बढ़ रहा है। पूर्वी भारत में आधुनिकता पर निवेश हो रहा है, हमारे गांव भी आधुनिक सुविधाओं से लैस हो रहे हैं। हमारे गांव में किसान एफपीओ बनाकर मार्केट से जुड़ रहे हैं। हमारे देश में ऐसे प्रावधान थे, जहां छोटी गलती को गंभीर अपराध माना जाता था। हम कानून लाए उन्हें अपराध की कैटैगरी से हटाया। पहले 1000 रुपये के लोन के लिए बैंक गारंटी मानता था। हमने इसे तोड़ा। अब 37 लाख तक गारंटी फ्री लोन मिलता है। इस पैसे से उन परिवारों के नौजवानों को एन्टरप्रेन्योर बनने का अवसर मिल रहा है।

**सरकार नेहरू को...** जा रहा है। उनकी बहुमुखी विरासत खत्म करके दोबारा इतिहास लिखने की कोशिश हो रही है। सोनिया गांधी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में नेहरू की भूमिका और स्वतंत्र भारत के शुरुआती कठिन दशकों में उनके नेतृत्व को कम दिखाने की कोशिश की जा रही है। उनकी बहुआयामी विरासत को एकतरफा तरीके से नुकसान पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह प्रयास कौन कर रहा है, हम सभी जानते हैं। यह वे ताकतें हैं, जो साल-दशकों से सक्रिय हैं और अब सामने आई हैं। ये उस विचारधारा से जुड़ी हैं, जिसका स्वतंत्रता आंदोलन में कोई योगदान नहीं था और न ही संविधान निर्माण में उनकी कोई भूमिका थी। बल्कि, उन्होंने संविधान का विरोध किया और उसकी प्रतियां जलाने तक की घटनाएं की थीं। सोनिया गांधी ने कहा कि यह वही विचारधारा है, जिसने लंबे समय पहले नफरत का माहौल बनाया, जिसके कारण महात्मा गांधी की हत्या हुई। आज भी उस विचारधारा को मानने वाले लोग गांधी के हत्यारों का महिमामंडन करते हैं। यह विचारधारा लगातार हमारे नेताओं के मूल्यों को खारिज करती रही है।

# इंडिगो संकट के बीच अतिरिक्त उड़ानों का संचालन करेगी एयर इंडिया

नई दिल्ली, वार्ता

इंडिगो संकट के बीच टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया और उसकी सहयोगी एयर इंडिया एक्सप्रेस अतिरिक्त उड़ानों का संचालन करेगी।

एयर इंडिया ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि वह यात्रियों और उनके बैगेज को जल्द से जल्द उनके गंतव्यों तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने के विकल्प तलाश रही है। एयर इंडिया ने दावा किया है कि उसने 04 दिसम्बर से जारी भारी मांग के बीच खुद ही पहल करते हुए किराए की कैपिंग की है, ताकि यात्रियों को परेशानी न हो। हालांकि इस पोस्ट के उत्तर में कुछ नेटिजन्स ने एयर इंडिया के ऐप के स्क्रीनशॉट साझा किए हैं, जिसमें साफ दिख रहा है कि किराया कई गुना पहुंच चुका है। साथ ही कुछ ने अपने टिकट की तस्वीर और कुछ ने अन्य प्लेटफॉर्मों पर टिकट की कीमत के स्क्रीनशॉट साझा किए हैं। उल्लेखनीय है कि इंडिगो की 4 दिसम्बर से अबतक लगभग दो हजार उड़ानें रद्द हो चुकी हैं और आज रात तक यह संख्या और बढ़ सकती है। सूत्रों ने बताया कि अप्रत्याशित मांग को देखते हुए सरकार ने इंडिगो के अलावा दूसरी विमान सेवा कंपनियों से अस्थाई तौर पर अतिरिक्त उड़ानें चलाने के लिए कहा है।

### होटलों, उड़ानों का भी अधिकतम किराया तय हो: खंडेलवाल


**नई दिल्ली।** लोकसभा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने शनिवार को उपभोक्ता वस्तुओं के अधिकतम खुदरा मूल्य की तरह होटलों और उड़ानों जैसी सेवाओं का भी अधिकतम किराया तय करने की मांग की। दिल्ली की चांदनी चौक सीट से भाजपा सांसद ने इंडिगो संकट के मद्देनजर केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी को लिखे पत्र में कहा कि इंडिगो संकट के कारण घरेलू हवाई किराए सामान्य स्तर से बढ़कर 70,000-80,000 रुपये तक पहुंच गए हैं। वहीं दिल्ली के एयरोसिटी क्षेत्र के होटल प्रति रात 70,000 रुपये से अधिक वसूल रहे हैं। इससे फंसे हुए यात्रियों को खुले आम संकट- आधारित लूट का शिकार होना पड़ रहा है। सुझाव दिया है कि परिचालन संकट की स्थिति में एयरलाइंस और होटलों द्वारा वसूले जाने वाले किरायों को नियंत्रित करने के लिए एमआरपी की तर्ज पर 'अधिकतम स्वीकार्य किराया' की व्यवस्था लागू की जाए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# परिजनों को बंधक बनाकर नकदी-जेवर लूटे

**'खाला' दरवाजा खोलो कहकर घर में घुसे तीन बदमाश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** थाना कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर शुक्रवार देर रात हुई दुस्साहसिक डकैती ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। मोहल्ला लाल मोहम्मद में प्रॉपर्टी डीलर यूसुफ के घर में इलेक्ट्रिशियन व डेकोरेशन कर्मी बनकर आए तीन नकाबपोश बदमाशों ने परिवार की चार महिलाओं को बंधक बनाते हुए करीब 65 तोला सोना-चांदी व 11 लाख रुपये नकद लूट कर फरार हो गए।

**खाला, मैं हूं इसी आवाज ने खुलवाया दरवाज़ा, खुलासा की सबसे बड़ी कुंजी:** वारदात की शुरुआत तब हुई जब हेलमेट पहने एक बदमाश ने दरवाजा खटखटाकर कहा 'खाला, मैं हूं', लाइटें उतारने आए हैं।

दरवाजा खोलने में झिझक रही सबीना को जैसे ही भरोसा हुआ, बदमाशों ने गेट धक्का देकर अंदर घुसते ही उसे दबोच लिया।

पिस्टल कनपटी पर रख दी और बाकी परिवार को रस्सी से बांधकर बंधक बना लिया। बदमाश लगातार एक ही सवाल पूछते रहे दो करोड़ रुपये कहां छिपाए हैं? जल्दी बताओ यह पूछताछ संकेत देती है कि लुटेरों को घर की गतिविधियों और हाल की जमीन बिक्री की पूरी जानकारी थी, जिससे पुलिस का शक 'घर के भेदी' पर और गहरा गया है।

**लूट का पूरा खेल बीस मिनट में कमरों की अलमारियां तोड़कर समेट ले गए कीमती सामान:** घर के पुरुष सदस्य मुजफ्फरनगर में वलीमे में गए हुए थे। घर में मौजूद नाजिम, उसकी पत्नी सबीना, भतीजा नदीम और उसकी पत्नी शीबा को कमरों में बंद कर दिया गया। बदमाशों ने अलमारियां तोड़कर लगभग 80 लाख की कीमत के सोना-चांदी व नकदी समेट ली और जाते समय धमकी दी कि शोर मचाया तो गोली मार देंगे। आसपास के कैमरों में बदमाशों की हलचल साफ दिखी है।



पुलिस ने उनके भागने के रूट की मैपिंग शुरू कर दी है। हेलमेट और बंदरटोपी के कारण पहचान मुश्किल बनी हुई है।

**दो करोड़ की जमीन बिक्री ने बढ़ाया शक किसने दी लुटेरों को जानकारी:** कुछ दिन पहले नाजिम द्वारा 10 बीघा जमीन करीब दो करोड़ रुपये में बेचना अब जांच का मुख्य आधार बन गया है।

लुटेरों द्वारा 'दो करोड़' का बार-बार जिक्र साफ बताता है कि सूचना भीतर के किसी करीबी ने ही पहुंचाई।

**पुलिस महकमे में खलबली, रात में एसएसपी से लेकर एसपी सिटी तक पहुंचे मौके पर:** घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी संजय वर्मा, एसपीसिटी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, सीओ रामआशीष यादव सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। फॉरेन्सिक और क्राइम ब्रांच टीम ने घर की बारीकी से जांच की। एसएसपी ने एसओजी, स्वॉट और क्राइम ब्रांच को मिलाकर चार टीमें गठित की हैं। पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण क्लू भी मिले हैं।

**थाने के नजदीक डकैती से सुरक्षा पर उठे सवाल, परिवार सहमा, मोहल्ला दहला:** थाने से सिर्फ कुछ मीटर की दूरी पर इतनी बड़ी वारदात होना पुलिस के लिए सबसे बड़ा सवाल बन गया है। घटना के बाद पूरा परिवार दहशत में है और मोहल्ला बिल्कुल सदमे में। वही नाजिम पुत्र यूसुफ ने पुलिस को अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर देते हुय कार्रवाई की मांग की है।

# बेकाबू स्कार्पियो कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**मृतक के पुत्र ने अज्ञात कार चालक के विरुद्ध कराया मुकदमा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** हाइवे पर बरला इंटर कॉलेज के सामने एक साइकिल में पीछे से आई स्कार्पियो कार ने टक्कर मार दी जिससे साइकिल सवार गंभीर घायल हो गया। कार चालक कार सहित फरार हो गया। घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई मृतक के पुत्र ने एक सप्ताह बाद अज्ञात कार चालक के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव रेत्ता नगला निवासी कवल सिंह साइकिल पर किसी कार्य से 28 नवंबर को शाम के समय बरला गया था। जब वह वापस लौट रहा था तो बरला इंटर कॉलेज के सामने रुड़की की ओर से तेजगति से आ रही स्कार्पियो कार ने टक्कर मार दी जिससे साइकिल सवार गंभीर घायल हो गया।

चालक कार सहित फरार हो गया वहां मौजूद गांव के लोगों ने घायल के परिजनों को सूचना दी उन्होंने घायल को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां से डाक्टरों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया वहां एक प्राइवेट नर्सिंग होम में अगले दिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र अंकित ने अज्ञात कार चालक के विरुद्ध थाने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू करते हुए कार्यवाही आगे बढाई।




मुजफ्फरनगर: शिव चौक पर शौर्य दिवस मनाते हिंदू संगठन कार्यकर्ता।

# सहायक अध्यापक परीक्षा में गैरहाजिर रहे 3005 परीक्षार्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरूष/महिला) प्रारम्भिक परीक्षा आज दो पालियों में पन्द्रह परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण भी किया तथा परीक्षा को निर्विघ्न और नकल विहीन सम्पन्न करोन के लिए भागदौड भी की। प्रथम पाली में कुल 7103 परीक्षार्थियों में से 4098 ही परीक्षा देने आए। गणित की इस महत्वपूर्ण परीक्षा में 3005 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि हिन्दी विषय की परीक्षा दूसरी पाली में आठ परीक्षा केन्द्रों पर हुई जिसमें कुल 2897 में से 1818 परीक्षाथियों ने ही परीक्षा दी। 1079 परीक्षार्थी परीक्षा देने ही नहीं आए।

### वरिष्ठ अधिवक्ता जयप्रकाश आजाद का निधन

**मुजफ्फरनगर।** जिला बार संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा स्वतंत्रा संग्राम सेनानी परिवार के वरिष्ठ सदस्य जयप्रकाश आजाद एडवोकेट का आज निधन हो गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोडकर गए है। उनके छोटे भाई मनेष गुप्ता एडवोकेट सामाजिक कार्यकर्ता है। श्री आजाद के निधन पर जिला बार संघ तथा सिविल लाइन संघ ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होने अपनी देह मेडिकल कॉलेज को दान कर की हुई है।



मुजफ्फरनगर: सहायक अध्यापक परीक्षा देने परीक्षा केन्द्रों पर जाते अभ्यर्थी।

# हिन्दू शक्ति संगठन ने मनाया शौर्य दिवस

## शिव चौक पर कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को मिठाई बांटकर मनाया जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 6 दिसंबर 1992 की घटना की स्मृति में राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन ने शौर्य दिवस मनाते हुए राहगीरों को मिठाई बांटी।

शनिवार को संगठन के राष्ट्रीय संयोजक संजय अरोड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लोगों ने आपसी सौहार्द के साथ कार्यक्रम में भागीदारी दिखाई। इस दिन को संगठन शौर्य दिवस के रूप में मनाता है और देश की अखंडता एवं एकता के भाव को मजबूत करने का संदेश देता है।

संगठन के सदस्यों ने कहा कि देश में शांति, एकता और भाईचारे को बनाए रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और इसी भाव को लेकर संगठन आगे भी समाज सेवा और जनजागरूकता के कार्य करता रहेगा। वहीं, अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा विजय शौर्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। शिव चौक पर भगवान आशुतोष की महाआरती कर मिष्ठान का भोग लगाया गया। इसके पश्चात उपस्थित हिंदू वीरों को लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया और आतिशबाजी के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में हिंदूर महासभा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र मित्तल, सहारनपुर मंडल प्रभारी पंडित रामानुज दुबे, नगर सचिव अजय सिंह, आर. के. अग्रवाल शामिल रहे। साथ ही जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट नील कुमार तथा युवा-राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन बंसल सहित देवराज वर्मा, रचिल गोयल, अमित बंसल, सविता देवी, अमृता देवी, शशांक व सचिन आदि भी उपस्थित रहे। वरिष्ठ नेता सुरेंद्र मित्तल ने कहा कि अयोध् या में भव्य मंदिर निर्माण के बाद अब मथुरा और काशी की बारी है।

उन्होंने कहा कि हिंदुत्व के लिए प्रत्येक हिंदू वीर अपना रक्त बहाने को तैयार है। सहारनपुर मंडल प्रभारी पंडित रामानुज दुबे ने जानकारी दी कि 7 दिसंबर 2025 को शुक्रतीर्थ में होने वाली सनातन धर्म संसद में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

# हार्ट अटैक से क्रिकेट खिलाड़ी नन्दू शर्मा की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्थानीय क्रिकेट लीग में मैच खत्म होने के बाद डगआउट में व्यापारी नेता संजय मित्तल के साथ बैठे अनुभवी खिलाड़ी नंदू शर्मा की ह्रदयगति रुकने से मौत हो गई। 50 वर्षीय नंदू शर्मा की अचानक मृत्यु से शहर के खेल जगत में शोक की लहर है।

शनिवार को जानसठ रोड स्थित लाला जगदीश प्रसाद इण्टर कॉलेज में आयोजित 'गली मोहल्ला क्रिकेट लीग' के दूसरे मुकाबले के दौरान एक दर्दनाक घटना सामने आई। अधिवक्ताओं की टीम को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की टीम ने हराने के कुछ ही मिनट बाद 50 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी नंदू शर्मा की डगआउट में बैठते समय ही ह्रदयगति रुकने से मौत हो गई। नंदू शर्मा को शहर के सबसे पुराने क्रिकेट खिलाड़ियों में गिना जाता था और वह स्थानीय सपा विधायक पंकज मलिक के करीबी भी थे। उनकी अचानक मौत ने पूरे खेल समुदाय को सदमे में डाल दिया है।



व्यापारी वॉरियर्स बनाम एडवोकेट इलेवन का मैच, जीत के बाद हुआ हादसा घटना जानसठ रोड स्थित लाला जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज के सामने बने बॉक्स क्रिकेट मैदान पर हुई।

शनिवार को खेले गए मैच में व्यापारी वॉरियर्स ने एडवोकेट इलेवन को हराया। जीत के बाद टीम के ऑलराउंडर खिलाड़ी नंदू शर्मा डगआउट में आकर बैठ गए। उनके साथ व्यापारी नेता संजय मित्तल भी मौजूद थे कि तभी अचानक नंदू शर्मा की तबीयत बिगड़ने लगी और वह बेहोश होकर गिर पड़े।

बताया गया है कि कुछ समय पहले ही हार्ट प्रोब्लम के कारण उन्हे नई दिल्ली के एक अस्पताल में स्टंट डलवाए गए थे। आज अंतिम ओवर में जब वह गेंदबाजी कर रहे थे तब उन्हे दर्द हुआ साथियों ने उन्हे गेंद बाजी करने से रोका भी, लेकिन वह जीत पक्की करने हेतू गेंदबाजी करते रहे।

### सीपीआर देकर बचाने की कोशिश, लेकिन नहीं बच पाई जान

टीम के खिलाड़ियों और ग्राउंड स्टाफ ने तुरंत स्थिति को समझा और नंदू शर्मा को सीपीआर देने की कोशिश की। मामला गंभीर होता देख उन्हें कार से तत्काल आरोग्य हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### स्थानीय क्रिकेट जगत में गहरा शोक

नंदू शर्मा की छवि एक सम्मानित व्यापारी, एक समर्पित खिलाड़ी और स्थानीय खेल के प्रेरक चेहरे के रूप में थी।

उनकी खेल भावना और सामा. जिक जुड़ाव की शहर में हमेशा सराहना होती रही है की अचानक मौत से क्रिकेट प्रेमियों, साथियों और जानने वालों में गहरा दुख व्याप्त है।

# पुण्य तिथि पर याद किए गए संविधान निर्माता

## सपा ने गोष्ठी में दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवादाता**

**मुजफ्फरनगर।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर विचार गोष्ठी में सपाईयों ने उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट ने तथा संचालन महानगर अध्यक्ष बॉबी त्यागी ने किया। सपा राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद हरेंद्र सिंह मलिक ने अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज संविधान और अधिकारों को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं, ऐसे समय में सपा कार्यकर्ताओं को बाबा साहब के विचारों से प्रेरणा लेकर संविध गान रक्षा का संकल्प मजबूत करना चाहिए। यहां तहसीन मंसूरी, सोमपाल सिंह कोरी, साजिद हसन, आमिर कासिम एडवोकेट,लोकेंद्र कुमार, नेपाल सिंह एडवोकेट, पूजा अंबेडकर, सत्यवीर त्यागी, संजीव आर्य, बसंत धारिया, धर्मेंद्र सिंह नीटू, जोगेंद्र सैनी, सुमित पंवार बारी, गुफरान तेवड़ा, डॉ. अलीशेर अंसारी, रमेश चंद शर्मा, मीर हसन, चौधरी यशपाल सिंह, फिरोज अख्तर, सुंदर सिंह, नितिन सहावली, फैसल राणा एडवोकेट, डॉ. इसरार अल्वी, अनेश निर्वाल, श्याम सुंदर, शादाब राणा, सलीम कुरैशी, जानी कुमार आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने किया माल्यार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारतीय संविधान के जनक और समाज सुधारक डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस पर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पार्टी कार्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में 14 दिसंबर 2025 को दिल्ली में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ रैली को कैसे कामयाब बनाना है उस पर भी गहनता के साथ मंथन किया गया। इसके बाद कचहरी गेट पर 'डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके 'जिला अध्यक्ष सत्यपाल कटारिया' के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी ने उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आज की मासिक बैठक और श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में 'जिला अध्यक्ष सत्यपाल कटारिया', हकीम जफर महमूद, ममनून अंसारी एडवोकेट, मदन मोहन शर्मा, हरीश भूषण, रिज़वान अहमद सिद्दीकी, मोहम्मद आरिफ अंसारी, अनुज इंद्रपाल, सद्दाम सिद्दीकी, सद्दाम राणा, नौशाद अल्वी, साकिब अंसारी, शादाब, सुरैया, यासीन, रूबी त्यागी, मुमताज, फैज मोहम्मद खान, सरदार फारुकी रहे।

# बोले उज्जवल के परिजन-पुलिस व राजनीतिक दलों से मिली निराशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुढ़ाना डीएवी पीजी कॉलेज के छात्र उज्जवल राणा की आत्महत्या से आहत उसके परिजनों ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि सात आरोपियों में से अभी तक दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है और पांच आरोपी खुले घूम रहे है। उन्होने कहा कि आठ दिसम्बर को कॉलेज में एक धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें दस सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा जाएगा। रूड़की रोड़ स्थित रेस्टोरेंट में वार्ता करते हुए उज्जवल राणा के चाचा सचिन राणा व बहन सलौनी राणा ने कहा कि अभी तक किसी भी राजनेतिक दल ने आरोपियो ंकी गिरफ्तारी के लिए कोई पहल नहीं की। हर तरफ से अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों से उन्हे निराशा हाथ लगी है। उन्होने मांग करते हुए कहा कि कॉलेज की प्रबंध समिति निरस्त किए जाए और प्राचार्य को निलंबित किया जाए। उन्होने कहा कि आठ दिसम्बर को होने वाला आंदोलन में परिवार के अलावा क्षेत्रीय किसान और अन्य लोग भी शामिल होगे।





मुजफ्फरनगर: भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सांसद व सपा नेतागण।



मुजफ्फरनगर: कचहरी गेट के बाहर अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी।

# कचरा जलाने पर छह छोटी फैक्ट्री सील

**डीएम ने गठित की है पांच विभागों की संयुक्त टीम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वायु प्रदूषण फैलाने पर जिलाधिकारी द्वारा गठित पुलिस, प्रशासन, विद्युत, उद्योग एवं प्रदूषण नियंत्रण विभाग की संयुक्त टीम ने आज स्लैग क्रशिंग इकाईयों का निरीक्षण कर छह छोटी फैक्ट्रियों को सील कर दिया।

क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी ने बताया कि धूल उत्सर्जन की रोकथाम हेतू वाटर टेंकर्स और स्मॉग गन के जरिए लगातार पानी का छिडकाव कराया जा रहा है वहीं फैक्ट्रियों में स्थापित प्रदूषण संयत्रों की निगरानी की भी की जा रही है तथा सभी इण्डस्ट्रीज को चेतावनी दी गई है कि वह फैक्ट्री के संचालन में अनुमन्य ईंधन का प्रयोग न करे। किसी भी दशा में कूडा, सोल्डि वेस्ट, पन्नी टायर आदि न जलाए अन्यथा प्रदूषण फैलाने पर इकाईयां सील कर दी जाएगी।

उन्होने बताया कि मैसर्स आदिल ट्रेडर्स सुजडू, फिरोज इण्डस्ट्रीज सुजडू, शकील अहमद इण्डस्ट्रीज, जीएस ट्रेडर्स संधावली रोड, भारत ट्रेडर्स सुजडू अण्डर पास व बसी मेन्यूफैक्चर सुजडू को प्रतिबंधित ईंधन जलाने पर सील कर दिया गया।

# पुलिस ने मुठभेड़ में गोली मार पकड़े 3 डकैत

## दो डकैत घायल, लाखों रुपये और कार बरामद

**बुढाना पुलिस ने मुठभेड़ में बदमाशों को दी शिकस्त**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना/फुगाना।** पुलिस ने मुठभेड़ में 2 डकेतों को गोली मारकर और तीसरे डकैत को कॉंबिंग के दौरान पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से एक लाख 52 हजार 150 रुपये, शस्त्र व कार बरामद कर घायल डकैतों कोध हस्पताल में भर्ती कराया। फुगाना पुलिस को मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति ग्राम हबीबपुर जाने वाले रास्ते पर बबलू निवासी सराय की टड्बवेल के पास कार में बैठकर डकैती की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर फुगाना पुलिस मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर गई तो पुलिस को देख कार सवार व्यक्ति कार से ग्राम हबीबपुर सीकरी की ओर भगाने लगे। टीम ने कार का पीछा किया।

कुछ दूर जाने पर कार ईंख के खेत मे उतरकर रुक गयी। कार सवार अभियुक्त कार वहीं छोडकर पुलिस पर फायरिंग कर ईंख के खेतों में भागने लगे। बदमाशों द्वारा किए फायर से पुलिस बाल बाल बच गई। टीम ने बदमाशों को फायरिंग बंद कर आत्म समर्पण करने को कहा परन्तु बदमाशों पर चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ तथा पुनः पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने भी बदमाशों पर कर दो बदमाशों को गोली मारकर और एक को भागदौड़ कर पकड़ लिया जबकि 4 बदमाश फरार हो गये। पकड़े गये डकैतों के नाम नीरज उर्फ रजनीश उर्फ अंकित पुत्र सुभाष निवासी ग्राम नसीरपुर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर घायल, रिंकू उर्फ रिंकुश पुत्र सुन्दरपाल ग्राम दायमपुर थाना कंकरखेडा, मेरठ घायल, प्रदीप पुत्र जैकी पुत्र राम कुमार निवासी उपरकोट अम्बर सिनेमा मुंशीवाडा सुनारों वाली गली थाना कोतवाली बुलंदशहर जबकि फरार डकैतों के नाम सचिन, संचित, संदीप और आकिल निवासीगण ग्राम दायमपुर थाना कंकरखेडा जिला मेरठ हैं। डकैतों ने पुलिस को बताया कि हम लोग अपने फरार साथियों के साथ डकैती करने का कार्य करते हैं। वे डकैती कर अवैध धन अर्जित करते हैं और उसे आपस में बराबर बांट लेते हैं। हमने बीती 21 जून को भोपा थाना क्षेत्र के मोहल्ला प्रेमनगर कॉलोनी ग्राम मोरना से सोने चांदी के आभूषण और 90 हजार रुपये चोरी किये थे। बीती 15 अक्टूबर को भौरांकलां थाना क्षेत्र के ग्राम मुण्डभर से आभूषण व नगदी चोरी की थी। बीते 21 अक्टूबर को सहारनपुर क्षेत्र में एक यात्री के बैग से जेवरात नगदी चोरी की। आभूषणों को बेचकर हमें साढ़े 4 लाख रूपये प्राप्त हुए। हमारे पास से डेढ़ लाख रुपये के करीब बरामद हुए। बाकी रुपये हमने खर्च कर दिए सभी डकैतों पर 30 मामले दर्ज हैं। डकैतों को पकड़ने में फुगाना थाना प्रभारी विजय कुमार की जबरदस्त मेहनत देखने को मिली।

# भाकियू की मीटिंग में बड़े आंदोलन की घोषणा

## 22 दिसम्बर को तहसील में बंधेंगे आवारा पशु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन के काफी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पुलिस प्रशासन के शोषण और दुर्व्यवहार के चलते अच्छे खासे नाराज हैं। आज शनिवार की दोपहर इस बात का खुलासा बुढाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित डाक बंगले पर आयोजित हुई भाकियू की मीटिंग में पीड़ित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा भावुकता में किया गया। जिस पर भाकियू संगठन मंत्री विकास त्यागी ने साफ शब्दों में कहा अगर इस तरह का रवै"या संगठन से जुड़े लोगों के साथ बुढ़ाना पुलिस प्रशासन कर रहा है तो वो भी कान खोलकर सुन ले हम ऐसे अधिकरियों को बुढ़ाना क्षेत्र में किसी भी सूरत में रहने नहीं देंगे। भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बलियान ने घोषणा करते हुए कहा कि हम आगामी 22 दिसम्बर को बुढ़ाना तहसील परिसर में बड़ा आंदोलन करेंगे। आवारा पशुओं को भी बहुत बड़ी संख्या में आंदोलन स्थल पर लाकर बांधेंगे और ये आंदोलन जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक अनिश्चितकाल के लिए होगा। उन्होंने इसी दिन ट्रेक्टर मार्च भी निकालने की घोषणा की। भाकियू तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार ने कहा कि अधिकारी हमारे कार्यकर्ताओं का अपमान और उनका जायज कार्य भी नहीं कर रहे हैं। बड़े शर्म की बात है ऐसे अधिकारी कर्मचारी हमारी तहसील में अभी भी तैनात हैं। अब ऐसे अधिकारों को यहां से बाहर करने का काम किया जाएगा। भाकियू ब्लाक अध्यक्ष सुधीर सहरावत प्रधान ने कहा कि रतनपुरी एसओ ने गत दिवस हमारे एक वरिष्ठ कार्यकर्ता के सामने हमारे अन्य कई कार्यकर्ताओं



की पिटाई कर उन्हें शांति भंग में जेल भेजा। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार अहमद ने कहा कि हम अब चुप बैठने वाले नहीं हैं। हम अपने किसी भी कार्यकर्ता का उत्पीडन बर्दाश्त नही करेंगे। यहां सुभाष राठी, लविश जांगिड, पिंटू बालियान, बिजेंद्र राठी, इरशाद सलमानी, आसू राणा दभेडी, इकराम पहलवान, वसीम कुरैशी, मंजूर हसन, जमील अहमद, मुम्तियाज आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बुढ़ाना पुलिस ने चार अभियुक्तों को भेजा जेल

**बुढाना।** पुलिस ने अलग अलग स्थानों से 4 अभियुक्तों को पकड़कर अलग अलग मामलों में जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में दारोगा छविकांत चौहान ने गैंगस्टर के एक वांछित अभियुक्त को अवैध अस्लाह के साथ किया गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम इकराम पुत्र निवासी जनपद गाजियाबाद है। आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा और एक जिन्दा कारतूस भी बरामद किया गया है। इसके अलावा हत्या के प्रयास में वांछित चलघ रहे 03 अभियुक्तों को बुढ़ाना पुलिस की टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। यह गिरफ्तारी गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कुमार कसाना ने हैड कांस्टेबल मनोज कुमार, हैड कांस्टेबल हरीश पाल सिंह और कांस्टेबल इस्फाक अहमद के द्वारा कांधला रोड से की गयी है। आरोपियों के नाम सावेज, परवेज और नानू उर्फ दिलशाद निवासी ग्राम हुसैनपुर कलां हैं।

# दिव्यांग बच्चों को नि:शुल्क वितरित किए गए सहायक उपकरण

**मुजफ्फरनगर।** निशुल्क उपकरण वितरण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायतराज अधिकारी, रेनू श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, प्राचार्य जिला शिक्षा एव प्रशिक्षण संस्थान मुजफ्फरनगर विश्वदीपक त्रिपाठी एवम बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ राजीव कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के परिसर मे स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, नगरीय क्षेत्र में जनपद मुज़फ्फरनगर के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को एलिम्को कानपुर के सहयोग से निशुल्क उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायतराज अधिकारी, रेनू श्रीवास्तव, द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि प्रारम्भिक शिक्षा वर्तमान में चुनौतीपूर्ण कार्य है, दिव्यांगता कोई अभिशाप नही है ,आज सभी बच्चे समान है,दिव्यांग बच्चे भी सामान्य बच्चो की तरह शिक्षा ग्रहण कर रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बेसिक शिक्षा अधिाकरी संदीप कुमार द्वारा की गयी उन्होने अपने सम्बोधन में बच्चो के अभिभावको से कहा कि वे अपने बच्चो व आसपास के समस्त बच्चो को विद्यालये में नामांकन करायें जिससे कि उन्हें सरकारी सुविधायें प्राप्त हो सके। प्राचार्य जिला शिक्षा एव प्रशिक्षण संस्थान मुजफ्फरनगर श्विवदीपक त्रिपाठी द्वारा अपने सम्बोधन मे कहा गया कि आज सरकार की मंशा एवं योजना के अनुरूप बेसिक शिक्षा विभाग एवं एलिम्को कानपुर के संयुक्त प्रयास से सभी प्रकार के दिव्यांग बच्चों को उपकरण प्रदान कर उनकी क्षमता और प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ राजीव कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के शिक्षण को ओर अधिक सुगम और सरल बनाने के लिये सहायक उपकरणों की व्यवस्था की गयी है। भविष्य में बच्चों को संरक्षण,पोषण एवम कल्याण से संबंधित समस्या के समाधान के लिये सम्पर्क कर सकते है। सुशील कुमार जिला समन्वयक समेकित शिक्षा द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया गया आज के कैम्प में 70 बच्चो को 15 ट्राईसाईकिल, 16 व्हील चेयर, 03 सी0पी0 चेयर, 24 मानसिक दिव्यांग बच्चों को किट, 16 मूक बधिर बच्चों को हियरिंग एड, 02 रोलेटर, 01 बैशाखी, वितरित किये गये, एलिम्को कानपुर से आये विशेषज्ञ पी0एण्ड ओ0 श्री आगम आलोक,तथा सूरज कुमार आडियालोजिस्ट, द्वारा अभिभावको को उपकरणों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

नि:शुल्क उपकरण वितरण शिविर के आयोजन में कस्तूरबा



गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डन बबीता का विशेष सहयोग रहा। उक्त शिविर में पूनम चौहान,रेनू धर्मेन्द्र, फरमान, रोशनलाल,इरशाद अहमद, आदित्य प्रकाश, अंगनपाल सिंह, राम. निवास, धर्मेनद्र कुमार एवं धर्मेन्द्रस्परूप् जैन आदि स्पेशल एजूकेटर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भयंकर सर्दी में एसडीएम ने धरना खत्म कराया



**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनितिक के ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के अध्यक्ष ठाकुर पिंटू सिंह के नेतृत्व में आज शनिवार के दिन सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने दरा बिछाकर खुले आसमान के नीचे बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी के कार्यालय के बाहर कुछेक मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरु किया। धरने पर महिलाएं भी काफी संख्या में नजर आई। इस दौरान धरने पर नायब तहसीलदार अमन कुमार ने कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर उनकी मांगों को जांच के बाद पूरा करने की बात कही लेकिन कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन समाप्त करने से साफ इंकार कर दिया। धरने का नेतृत्व कर रहे पिंटू ठाकुर ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी तब तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। उधर जब देर रात इस धरने का पता एसडीएम बुढ़ाना श्रीमति अपूर्वा यादव को लगा तो वे तुरंत धरनास्थल पर पहुंची और सब भाकियूअ कार्यकर्ताओं को समझा बुझाकर भयंकर ठंड में खुले आसमान के नीचे दिया जा रहा धरना प्रदर्शन समाप्त कराया। इस संबंध में तहसील अध्यक्ष सुभाष मलिक ने बताया कि एसडीएम बुढाना के आ्रवासन पर रविवार 12 बजे तक धरना-प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है। इसके बाद के समय की सभी कार्यकर्ता अपनी अपनी तैयारी रखें। धरना लगभग आठ घंटे तक लगातार चला लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

# विधायकों ने लखनऊ में दी डा.अम्बेडकर को श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरनगर।** देश के संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक, सामाजिक समानता एवं न्याय के प्रणेता, 'भारत रत्न' से सम्मानित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री द्धस्वतंत्र प्रभारऋ कपिल देव अग्रवाल ने आज अपने प्रभारी जनपद हापुड़ में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के वंचित, शोषित, पिछड़े एवं दलित वर्ग को अधिकार, सम्मान और समानता दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया, जिससे प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्राप्त हो सके।उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक परिवर्तन की अद्भुत प्रेरणा है। उनके विचार आज भी हमें सामाजिक न्याय, समरसता और राष्ट्र निर्माण के पथ पर आगे बढ़ने की दिशा दिखाते हैं। मंत्री



कपिल देव ने सभी कार्यकर्ताओं और नागरिकों से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के आदर्शों को जीवन में अपनाकर एक समतामूलक, न्यायपूर्ण और सशक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस मौके पर भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहेब के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# डीएम ने बूथों पर जाकर एसआईआर पुनरीक्षण का हाल जाना



**मुजफ्फरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पंकज कुमार राठौर के साथ आज जनपद की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सदर विधानसभा के मोहल्ला जनकपुरी वार्ड संख्या 32 में लगे कैम्प में चल रहे मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति हेतु का स्थलीय निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत एसआईआर के अंतर्गत गणना प्रपत्रों का संग्रहण कार्यों का जायजा लिया। एस आई आर कार्यों का निरीक्षण व जनमानस को जागरूक किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के मतदाताओं से अपील किया कि अंतिम तिथि का इंतजार न करें, तत्काल मतगणना प्रपत्र को भरकर बीएलओ को दे दें,जिससे आपका नाम डाटा ईंट्री में शामिल हो जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ सुनीता से गणना प्रपत्र फार्म जमा होने की जानकारी करने पर बताया कि 79 प्रतिशत तथा सपना ने बताया 68 प्रतिशत फार्म जमा हो गए हैं। जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस आई आर) के कार्य में गति लाएं। उन्होंने निर्देश दिए जो लोग गणना प्रपत्र जमा करने में छूट गए ऐसे घरों में जाकर भरे हुए गणना प्रपत्र जमा कराए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईआरओ तथा एआरओ को निर्देश दिए 7 दिसंबर को एक विशेष अभियान चलाया जाए।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम **JAN MAU0** से बदलकर **JAAN MOHD** रख लिया है भविष्य में मुझे **JAAN MOHD** के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**JAAN MOHD S/O MAHABUB,** HOUSE NO. NAYA, NASEERPUR ROAD, SUBHASHNAGAR, MUZAFFARNAGAR, UTTAR PRADESH-251001.

## गली-मोहल्ला क्रिकेट लीग ने उत्तर प्रदेश में ग्रासरूट क्रिकेट के लिए नया बेंचमार्क सेट किया

मुजफ्फरनगर। गली मोहल्ला क्रिकेट लीग द्धजीएमसीएलऋ उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए सबसे असरदार ग्रासरूट क्रिकेट प्लेटफॉर्म में से एक के तौर पर अपनी पहचान बना रही है। इसके बढ़ते असर के बारे में बताते हुए बाबा इंदर प्रीत सिंह ने बताया कि जी एम बॉक्स क्रिकेट एसोसिएशन, भारत में टैलेंटेड युवा खिलाड़ियों को ग्लोबल टूर्नामेंट में हिस्सा लेने और टेनिस बॉल बॉक्स क्रिकेट फॉर्मेट में प्रोफेशनल करियर बनाने के मौके देने के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट बॉडीज़ के साथ मिलकर काम कर रहा है। इस अवसर पर यूपी के इंचार्ज राकेश रस्तोगी ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर उस युवा क्रिकेटर तक पहुंचना है, जिसके पास टैलेंट है, लेकिन कोई प्लेटफॉर्म नहीं है। मुज़फ्फ़रनगर में जीएमसीएल के पहले स्टेट एग्ज़िबिशन मैच द्धसेशन 1, 2025ख26ऋ के दौरान देखी गई ज़बरदस्त भागीदारी दिखाती है कि युवा लोकल क्रिकेटर जीएमसीएल को इंटरनेशनल लेवल पर पहचान बनाने के लिए एक आसान और उम्मीद जगाने वाले रास्ते के तौर पर कैसे देखते हैं।

# डुंगर में मनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस



**बुढ़ाना।** आज ग्राम पंचायत डूंगर में भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के महापरि निर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य तौर पर विकास अंबेडकर डूंगर पूर्व जिला प्रभारी आजाद समाज पार्टी कांशीराम एवं राष्ट्रीय महासचिव गुरु रविदास विकास मंच द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दी गई और बाबा साहेब को नमन किया गया। सभा में उपस्थित सभी को बाबा साहेब के जीवन काल और संघर्ष की जानकारी दी गयी और सभी से अपील करते हुए कहा गया कि हमें बाबा साहेब के जीवन को पढ़ना चाहिए। इसलिए सभी को अपने अपने घरों में भारत का संविधान व बाबा साहेब का जीवन परिचय ग्रंथ जरूर रखना चाहिए। बाबा साहेब से आपको संघर्ष करने की प्रेरणा मिलती है और संविधान से आपको आपके अधिकार मिलते हैं। आज बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम भविष्य में बाबा साहेब के संघर्ष और कुर्बानियों को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। उनके विचार और सिद्धांतों को समाज तक पहुंचाकर उनके आंदोलन को जीवन प्रयत्न सीचने का प्रयास करेंगे। इस श्रद्धांजलि सभा के दौरान सभा में उपस्थित सेवाराम ठेकेदार, रणवीर सिंह, मांगेराम, सुरेश पाल, संजय, सतीश, तेजपाल, बाबूराम, सुधीर, विनोद, ओमपाल, शगुन, विवेक, मीरा, अंतराम, मनीष व अमरदास इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# इंद्रप्रस्थ स्कूल के बच्चों को प्राथमिक उपचार की दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना मे शुक्रताल मार्ग पर स्थित इन्द्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल मे शनिवार को स्काऊट कैम्प के दूसरे दिन प्राथमिक उपचार की जानकारी छात्र छात्राओं को दी गयी। साथ ही बच्चों के स्काउट स्कॉफ लगाये गये। ?

कार्यक्रम मे बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।जिला स्काऊट प्रशिक्षक आयुष चौधरी ने स्काऊट स्काफ, प्राथमिक चिकित्सा फ़र्स्ट ऐडओर फ्लैग होसटिन्ग ओर अनुशासन के बारे में विस्तार से बताया।पटीयों के प्रकार,पटी बांधना, विपरीत परिस्थितियों मे स्वयं को बचाकर दूसरों की मदद करना,स्वयं को अनुशासित कर अनुशासन के प्रति दूसरों प्रेरित करना आदि महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में बच्चों के उत्साह को देख कर प्रबंधक विराज तोमर ने कहां कि बच्चों में इस प्रकार की ऐक्टिविटी से उत्साह का संचार होता है।और राष्ट्र प्रेम की भावना का जागरण होता है। इस प्रकार के शिविर नियमित रूप से आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ़ का सहयोग रहा।

# गौशाला मे नौकरी कर रहे युवक के अपहरण का आरोप

**बुढ़ाना।** कुछ लोगों पर एक नौकर के साथ मारपीट करने के बाद उसका अपहरण करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी गयी है। पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। बुढ़ाना कोतवाली की परासौली पुलिस चौकी क्षेत्र के जंगल में स्थित माधव गौशाला के केयर टेकर और गौरक्षक छोटा सैनी ने आज शनिवार की देर रात परासौली पुलिस चौकी पर पहुंचकर पुलिस चौकी के इंचार्ज को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि आज शनिवार की सायं लगभग 04 बजे माधव गौशाला से नौकर राजेश शर्मा उर्फ कालू पुत्र किशन लाल निवासी गांव अहीर भगोला तहसील मुढांवर जिला अलवर राजस्थान प्रदेश का अपहरण हो गया। यह व्यकित पिछले तीन दिनों से माधवघ गौशाला मे काम कर रहा था। परसौली निवासी राजेश नामक व्यकित ने अज्ञात लोगों के माध्यम से नौकर का अपहरण कराया है।




यह गौशाला के पास रहने वाले व्यकित ने देखा है। उसके अनुसार अपहरण करने वाले व्यकित हरियाणा राज्य की सफेद रंग की कार में थे। जिसका अपहरण किया गया है उसने बीती शुक्रवार की देर रात ही बुढ़ाना पुलिस को अपहरणकर्ताओं के विरुद्ध उसकी दो साल की तनख्वाह ना देने की तहरीर दी थी। अपहृत व्यक्तित ने आरोपियों से जब अपनी दो साल की तनख्वाह मांगी थी तो उसकी पिटाई की गयी थी। तब वह छुपता छुपता गौशाला में आ गया था और अपनी आपबीती बताई थी। गौरक्षक छोटा सैनी ने बुढाना पुलिस से नौकर की सकुशल बरामदगी की मांग की है

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र गुलशेर बुरी संगत में पड़कर बिगड गया है। जो मेरे कहने सुनने में नहीं है। गुलशेर व उसकी पत्नी आसमा मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट व झगडा फसाद करते रहते है। मैने अपने पुत्र गुलशेर व पुत्रवधु आशमा को आज अपनी सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से गुलशेर मेरा पुत्र व आशमा पुत्रवधु नहीं रहे है। गुलशेर व आशमा द्वारा किये गये सामाजिक, व्यापारिक, अपराधिक, व्यवहार एवं कृत्यों के प्रति मेरी कोई जिम्मेदारी (उत्तरदायित्व) नहीं होगी।

**रहमत इलाही पुत्र मंगता**
**निवासी ग्राम खानजहांपुर**
**तहसील खतौली**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र अरसद व पुत्रवधु श्रीमति रिजवाना मेरे व मेरे परिवार वालो के कहने सुनने से बाहर है। जिनका चाल-चलन ठीक नहीं है। मैं व मेरा परिवार उनकी गलत हरकतो से तंग आ गया है। इसलिये मै आज से अपने पुत्र अरसद व पुत्रवधु श्रीमति रिजवाना से सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ तथा उन्हे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से भी बेदखल करता हूँ आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का मेरे पुत्र अरसद व पुत्रवधु श्रीमति रिजवाना से किसी प्रकार का कोई वास्ता मतलब नहीं रहा है और न ही भविष्य में रहेगा। यदि वह किसी अन्य व्यक्ति से कोई लेन-देन या अन्य कार्य किसी व्यक्ति के साथ करता है तो वो उसके स्वयं जिम्मेदार होगे। मेरा व मेरे परिवार के अन्य लोगो की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी।

**अली हसन पुत्र मेहरदीन**
**निवासी- ग्राम पुरबालियान,**
**थाना-मन्सूरपुर,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# चरथावल में तेंदुए का आतंक, किसानों में दहशत, ड्रोन से चल रही निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।**–ब्लॉक में तेंदुए की मौजूदगी ने ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना दिया है। ग्राम बिरालसी, रोनी हरजीपुर, गुनियाजुढी और पिलखनी क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से तेंदुए के देखे जाने की लगातार खबरें सामने आ रही हैं। खेतों में तेंदुए के पंजों के ताज़ा निशान मिलने के बाद स्थानीय किसानों का भय और बढ़ गया है। आलम यह है कि क्षेत्र के लोग अकेले खेतों या जंगल की ओर जाने से बच रहे हैं और समूह बनाकर ही अपने दैनिक कृषि कार्य कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि तेंदुए की सक्रियता की सूचना कई बार वन विभाग को दी गई, लेकिन विभाग की ओर से अभी तक न तो कोई प्रभावी कदम उठाया गया है और न ही तेंदुए को पकड़ने का कोई अभियान चलाया गया है। इसी स्थिति से नाराज़ होकर स्थानीय किसान संगठनों ने पहल की है। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन द्धअराजनीतिकऋ के ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान चौकड़ा और भाकियू सर्व के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश भारद्वाज के नेतृत्व में ग्रामीणों और किसानों ने जंगलों में कॉम्बिंग अभियान चलाया। इस दौरान तेंदुए की लो. केशन का पता लगाने के लिए ड्रोन कैमरों का भी सहारा लिया गया। ड्रोन की मदद से आसपास के घने जंगलों और खेतों की निगरानी की जा रही है ताकि तेंदुए की गतिविधियों का पता लगाया जा सके और लोगों को सतर्क किया जा सके। किसान नेताओं ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि जब तक वन विभाग कार्रवाई शुरू नहीं करता, तब तक वे खुद सुरक्षा और निगरानी की व्यवस्था जारी रखेंगे। कॉम्बिंग अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए, जिन्होंने प्रशासन से भी मांग की कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए और तेंदुए को सुरक्षित तरीके से पकड़ने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए।वही ग्रामीणों का कहना है कि यदि वन विभाग जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो किसी बड़ी घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।



# 42वें वार्षिकोत्सव में झलकी 'पहलगाम' और ऑपरेशन सिंदूर की याद

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** के.के. पब्लिक स्कूल में शनिवार को 42वां वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। रंगारंग प्रस्तुतियों ने ऐसा मंत्रमुग्ध वातावरण बनाया कि सभागार में मौजूद अभिभावक और अतिथि देर तक तालियाँ बजाते रहे। पहलगाम की खूबसूरत अनुभूति कराती मनोहारी प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में एनयूआर से यूकेजी तक के नन्हे बच्चों ने स्टेट फैशन शो और त्योहारों पर आधारित डांस प्रस्तुत कर समां बाँध दिया। बड़े बच्चों द्वारा राजस्थानी लोकनृत्य, गुजराती डांस, पहलगांव की घटना 'ऑपरेशन सिंदूर' प्रस्तुति, 'झांसी की रानी' नृत्य–नाटिका और शिवाजी अंग्रेजी नाटड मंचन ने दर्शकों को भावुक कर दिया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार जैन ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि संस्था शिक्षा के साथ सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों के विकास पर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि 12वीं में टॉप रैंक पाने वाले छात्र को विद्या यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेने पर 50 प्रतिशत शुल्क छूट विद्यालय की ओर से प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि पढ़ाई के साथ संस्कार जरूरी हैं, तभी बच्चे हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकते हैं। विद्यालय प्रबंधक अशोक कुमार अग्रवाल ने बच्चों में नैतिकता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने पर जोर दिया। मंच संचालन वर्णिका, आरुषि और इशिका ने प्रभावशाली ढंग से किया। उप–प्रधानाचार्य आतिश कुमार गुप्ता ने अभिभावकों, अतिथियों और छात्र–छात्राओं का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में आरोही, अराध्या, आस्था, तन्मय, आरव, उदय, वशेराज, अनुराग, माही, आयुषी, दिव्या, परी, रिया, कुनाल, कन्या, मानसी, विदुषी, निकुन, निष्ठा, पार्थ, हर्षिता, खुशी, राधिका, शिबलिया, अवनी, भावना सहित अनेक बच्चों ने भाग लिया। साथ ही डीडी आर्य, अंशु जैन, मनोज, विपिन, अनुज, अतुल, स्वीटी, भावना, अनामिका, निधि, स्वाती, उमा, पाखी, गीता, सोमेश, प्रदीप, जयवंश आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।





## हत्यारोपी जेठ को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

भोपा। क्षेत्र के गांव कसौली मे विवाहिता की हत्या मे शामिल आरोपी जेठ उन्नाब को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया इसके पूर्व पुलिस हत्यारोपी पति व सास को जेल भेज चुकी है।

भोपा थाना क्षेत्र गांव कसौली में बीते 30 नवंबर को विवाहिता हिना की गला दबाकर हत्या की गई थी। जिसमे मृतका के भाई अनस निवासी गांव पिमोडा थाना जानसठ द्वारा पति खुशनसीब सहित ससुर इंतजार सास फरजाना जेठ उन्नाब देवर वारिस के खिलाफ दहेज की खातिर बहन हिना की हत्या कर देने का मुकदमा दर्ज कराया गया था पुलिस ने हत्यारोपी पति खुशनसीब को बीते सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था गुरुवार को पुलिस ने हत्यारोपी सास फरजाना को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शनिवार को भोपा पुलिस ने आरोपी जेठ उन्नाब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### दो शावकों के साथ देखी मादा तेन्दुआ

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के ग्राम रोनी हरजीपुर में आज फिर एक मादा तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ देखी गई। ग्रामीणों ने धीरज शर्मा के खेत में तेंदुए को देखने के बाद भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता और जिला पंचायत सदस्य विकास शर्मा को इसकी सूचना दी।विकास शर्मा ने बताया कि उन्होंने पहले भी अधिकारियों को इस क्षेत्र में मादा तेंदुए की मौजूदगी और उसके जोड़े के बारे में अवगत कराया था। इससे पहले एक तेंदुआ बिरालासी गांव में भी देखा गया था।तेंदुआ देखे जाने की सूचना पर विकास शर्मा मौके पर पहुंचे और उन्होंने दूरभाष पर वन विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी। भाकियू नेता ने बताया कि मादा तेंदुए द्वारा बच्चों को जन्म देने के कारण उसके और अधिक खूंखार होने की आशंका है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। वन विभाग की कथित लापरवाही के विरोध में भाकियू नेता विकास शर्मा धरने पर बैठ गए।

### हरियाणा विधायक दधेड़ू कला पहुंचे ,ग्रामीणों ने किया स्वागत

**चरथावल।** समालखा के विधायक मनमोहन सिंह भड़ाना चरथावल ब्लाक क्षेत्र के गांव दधेड़ू कला पहुंचे।वह मोहम्मद ताबिश के आवास पर उनकी बहन के विवाह समारोह में शामिल हुए। विधायक भड़ाना के आगमन पर ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। लोगों ने उनसे मुलाकात कर अपनी खुशी व्यक्त की। मोहम्मद ताबिश ने इस अवसर पर कहा, माननीय भड़ाना का हमारे आवास पर आना हमारी खुशियों को कई गुना बढ़ा गया। हम उनके आभारी हैं कि उन्होंने अपना कीमती समय निकालकर हमारी खुशी में शामिल होकर हमें सम्मानित किया।ष विधायक ने नवविवाहित जोड़े को मंगलकामनाएँ दीं। यह कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस मौके पर मुस्तकीम प्रधान, आलमगीर प्रधान, शहजाद प्रधान, शारिक खान और कारी मोहम्मद मोनिस सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।जिन्होंने विधायक को शुभकामनाएँ दीं।।?

### मृतक छात्र उज्जवल राणा आत्मदाह प्रकरण...

**बुढ़ाना।** मृतक छात्र उज्जवल राणा आत्मदाह के मामले में नामजद किए गए मुख्य आरोपी डीएवी डिग्री कालेज बुढाना के प्रबंधक अरविंद कुमार गर्ग को बुढाना पुलिस अभी तक भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। जिसको लेकर कस्बे और क्षेत्र के लोगों में गुस्से की जबरदस्त लहर है। इसके लिए अब छात्रों के एक बड़े गुट ने कस्बे और क्षेत्र के लोगों को आगामी 8 दिसम्बर से डीएवी डिग्री कालेज बुढ़ाना के बाहर शुरु होने वाले अनिश्चितकालीन आंदोलन का न्यौता दिया है। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए और लंबा चलाने के लिए आज शनिवार के दिन कुछ लोगों ने उज्जवल राणा प्रकरण को लेकर कई जनप्रतिनिधि एवम कई अन्य सामाजिक संगठनों से मिलकर आगामी 8 दिसम्बर में बुढ़ाना में अनिश्चितकालीन धरने मे पहुंचने का आग्रह किया है। छात्र नेता विशु मलिक, अंकुश राठी, मोनू मलिक, रवित राठी, वसीम राणा, पवनीश जावला, कुलदीप बागड़ी, पुनीत कुमार, गौरव धीमान, विपिन लाटियान, शिवम निमेष और आर्यन बालियान आदि युवाओं ने भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के बाहर होने के कारण उनसे फोन पर वार्ता की और उनसे आंदोलन में शामिल होने का आग्रह किया। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री डाक्टर संजीव सिंह बालियान, मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक और रालोद के वरिष्ठ नेता सुधीर भारतीय सहित अन्य कई लोगों से भी आगामी आठ दिसम्बर को होने वाले आंदोलन को सफल बनाने के लिए समय से पहुंचने का आग्रह किया।

### बीएलओ सीमा जौला को एसडीएम ने किया सम्मानित

**बुढ़ाना।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विशेष पुनरीक्षण अभिमान एसआईआर कार्यक्रम बीती 04 नवम्बर से लेकर अब आगामी 10 दिसम्बर तक बीएलओ के माध्यम से डोर टू डोर कराया जा रहा है। जिसमें बीएलओ के द्वारा घर घर जाकर सभी मतदाताओं की वोटों का पुन निरीक्षण कर एसआईआर फॉर्म भरवाया जा रहा है। जिसकी अंतिम तिथि बीती 04 दिसंबर थी लेकिन अब एक सप्ताह और बढ़कर आगामी 11 दिसम्बर तक हो गयी है। जिसके लिए सभी बीएलओज के द्वारा डोर टू डोर पहुंचकर खूब मेहनत की जा रही है और घर–घर जाकर एक एक करके सभी मतदाताओं की वोटों का पुन: निरीक्षण किया जा रहा है और सभी के एसआईआर फॉर्म भरवाए जा रहे हैं। इस कार्य के चलते कई बीएलओज के द्वारा आत्महत्या तक कर ली गई है लेकिन वहीं दूसरी तरफ कुछ बीएलओज के द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुढाना क्षेत्र में एक महिला बीएलओ सीमा के द्वारा समय पर कार्य पूर्ण करने पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। जहां पर बीएलओ सीमा को एसडीएम बुढ़ाना श्रीमति अपूर्वा यादव के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिस पर बीएलओ सीमा जौला ने एसडीएम का धन्यवाद किया।

### प्रदेश स्तर पर हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेंगे खांजापुर के चार खिलाड़ी

**मुज़फ्फरनगर।** द ओंकारेश्वर लिटिल लीडर्स एकेडमी, खंजापुर के चार होनहार छात्रों हरिओम शर्मा, भुवदेव चौधरी, वेदांत मलिक, लक्ष्य ग्रेवाल ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए मंडल स्तर पर चयन प्राप्त किया और अब प्रदेश स्तर हॉकी टीम प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाएंगे। यह प्रतियोगिता 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक रामपुर में आयोजित की जाएगी। प्रदेश स्तरीय टीम में चयन की सूचना मिलते ही विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। चयनित छात्र जब विद्यालय पहुँचे तो विद्यालय परिवार द्वारा उनका उत्साहपूर्वक स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी छात्र–छात्राओं, शिक्षकों तथा अभिभावकों ने गर्व और उल्लास व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने चयनित छात्रों को बधाई दी है।

### श्रीराम कॉलेज में विधिक साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ, के प्रांगण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर तथा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में कलस्टर आधारित प्रशिक्षण कार्यकम सम्बर्धन के अर्न्तगत पराविधिक स्वंयसेवको लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में वीरेन्द्र कुमार सिंह जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुजफ्फरनगर तथा अन्य अतिथियों के रूप में श्री सीता राम एडीजे सचिव डीएलएसए मुजफ्फरनगर, प्रबा. ेध कुमार वर्मा, एडीजे सचिव डीएलएसए सहारनपुर, श्री श्रेय शुक्ला एडीजे सचिव डीएलएसए बिजनौर, आंचल कसाना सिविज जज सीडी शामली उपस्थिति हुए।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलन करके किया गया। प्रवक्ता आंचल अग्रवाल ने बताया कि आज का यह कार्यकम सरकारी कल्याण योजनाओं तथा विधिक स्वंयसेवको माध्यम से समाज को सहायता पहुंचाने पर केंद्रित है। बीरेन्द्र कुमार सिंह जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुजफ्फरनगर ने कहा कि ऐसे कार्यकम समय–समय पर आयोजित कराने आवश्यक है ताकि जनता योजन. ओं से लाभप्राप्त कर सके। इस कार्यकम चार शिक्षा प्रद सत्र आयोजित किये गये कार्यक्रम के अन्त में श्री सीता राम एद्गडीद्ग जेद्ग सचिव डीद्गएलद्गएद्ग मुजफ्फरनगर के द्वारा आये अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री राम कॉलेज ऑफ लॉ के प्रायार्चा डॉ पूनम शर्मा, सोनिया गौड, संजीव कुमार, आंचल अग्रवाल, रितु धीमान, मिनी सिंघल, ब्बिवेन्द्र पंवार, आशीष कुमार, नाहिद अंजुम, विनय तिवारी, प्रीती, त्रिलोक चंद का सराहनीय योगदान रहा

# हादसे के बाद खतौली में रोष ,अवैध कब्जों पर कार्रवाई व 50 लाख मुआवजे की मांग तेज

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुढ़ाना रोड पर शुक्रवार को हुए भीषण सड़क हादसे ने नगरवासियों को झकझोर कर रख दिया है। शनिवार को भी लोगों में इस हादसे का खौफ बना रहा, जिसमें ट्रक की टक्कर से इस्लामुद्दीन पुत्र नसीर की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद क्षेत्र में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में शनिवार को ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम नि. कता शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान क़ासमी ने कहा कि नगर में बढ़ते अतिक्रमण और अवैध कब्जों ने सड़कें संकरी कर दी हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने मृतक इस्लामुद्दीन के परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा, सरक. ारी मदद और सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने दोषी ट्रक चालक पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने, मुख्य बाजारों और प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाने, यातायात व्यवस्था सुधारने तथा पुलिस व नगर पालिका को सख्त निर्देश जारी करने की मांग भी रखी। ज्ञापन सौंपने के दौरान मौलाना इमरान क़ासमी के साथ डॉ. शरिय ज़ैद, शकील, सलमान अली, मोहम्मद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# खतौली में फायर स्टेशन बनाने की प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** क्षेत्र में आगजनी की बढ़ती घटनाओं और बार–बार उठती मांग के बीच आखिरकार खतौली में फायर स्टेशन निर्माण की दिशा में गंभीर पहल शुरू हो गई है। शनिवार को फायर चीफ अनुराग कुमार और अग्निशमन इंस्पेक्टर रामकिशोर ने तहसील पहुँचकर एसडीएम निकिता शर्मा से मुलाक. ात की और लगभग पांच बीघा भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तत्काल कानूगो को उपयुक्त भूमि तलाशने के कड़े निर्देश दिए। इससे वर्षों से लंबित खतौली फायर स्टेशन की मांग पूरी होने की उम्मीद जग गई है।

**घनी आबादी और बड़े संस्थानों के बीच अब तक नहीं फायर स्टेशन**

करीब 3.27 लाख आबादी वाले खतौली में दर्जनों स्कूल, कॉलेज, त्रिवेणी शुगर मिल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा भीड़भाड़ वाले बाजार स्थित हैं। इसके बावजूद यहां आज तक फायर स्टेशन की व्यवस्था नहीं हो सकी। आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड को मुज़फ्फरनगर, जानसठ या बुढ़ाना से पहुंचना पड़ता है, जिससे कई बार एक घंटे तक की देरी होती है और बड़े नुकसान का सामना करना पड़ता है।

सठेड़ी व गंगधड़ी में मिली सरकारी भूमि, फायर स्टेशन वहीं बनने की संभावना कानूगो द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सठेड़ी और गंगधड़ी गांवों में सरकारी जमीन उपलब्ध है।सठेड़ी गांव में गन्ना तोल केंद्र वाली जमीन पूरी तरह सरकारी है, जिसे फायर स्टेशन के लिए उपयुक्त माना जा रहा है। इस पर एसडीएम ने स्थल निरीक्षण कर तोल केंद्र हटवाने और जमीन को फायर स्टेशन हेतु खाली कराने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीण न्यायालय व अन्य सरकारी इमारतों के लिए भी भूमि तलाश

फायर स्टेशन के साथ–साथ एसडीएम ने खतौली में ग्रामीण न्यायालय, अन्य सरकारी भवन, तथा भविष्य की प्रशासनिक आवश्यकताओं के लिए भी अतिरिक्त भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। प्रशासन द्वारा की जा रही यह कार्यवाही नगर के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



**नगरवासियों में उत्साह, राहत की उम्मीद बढ़ी**

वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की उम्मीद से नगरवासियों में उत्साह है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फायर स्टेशन बनने के बाद आग. जनी की घटनाओं में देरी खत्म होगी और बड़े हादसों को समय रहते रोका जा सकेगा। प्रशासन द्वारा भूमि चयन की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही खतौली में फायर स्टेशन निर्माण का रास्ता लगभग साफ माना जा रहा है।

# 76 बीएलओ को किया गया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** मतदाता सूचियों के वर्तमान में प्रचलित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) में लगे विधान सभा 13 पुरकाजी क्षेत्र के उन 76 बीएलओ को आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुजफरनगर के कार्यालय में प्रशस्ति–पत्र तथा गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया, जिन्होने अपने–अपने बूथ का शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है।

इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राहुल देव भट्ट एसडीएम, राधेश्याम गौड सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / तहसीलदार, संदीप कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिक. ारी मुजफ्फरनगर, राजस्व निरीक्षक ऐनुल हसन, समस्त सुपरवाईजर तथा सम्बन्धित बीएलओ विनय वर्मा, नूरजहां एवं मोद्ग राशिद आदि उपस्थित रहे।

एसडीएम राहुल देव भट ने बताया कि अपने साथियों के सम्मान से प्रेरित होकर अन्य बीएलओ भी गुणवत्तापूर्वक कार्य करेंगे तथा शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करेंगे। यह भी बताया गया कि जिन सुपरवाईजर का समस्त बूथों पर शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण हो जायेगा उन्हें भी सम्मानित किया जायेगा।

# गोवर्धन लीला से श्री कृष्ण ने अहंकारियों का मान मर्दन किया : गजेंद्र सामर्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पावन तीर्थ शुक्रतीर्थ स्थित हनुमत धाम आश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन में कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का व्याख्यान करते हुए विस्तार से बताया। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब से आये श्रद्धालुओं ने भारी संख्या मे भाग लिया।

भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित गजेंद्र सामर्थ ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने चोरी नहीं की परंतु सभी के चित्त का आकर्षण किया और भगवान श्री कृष्ण ने सबके मन को मोहने के लिए सबके मनोरथों को सिद्ध करने के लिए यह बाल लीलाएं करते रहे भगवान श्री कृष्ण ने गो पालन के लिए गाय की रक्षा के लिए और हम सभी भक्तों की रक्षा के लिए सभी भक्तों के मनोरथ को सिद्ध करने के लिए धरा धाम पर अवतार लेकर के आए बाल लीलाओं के बाद व्यास जी कथा कहते हुए गोवर्धन लीला तक पहुंचे गोवर्धन लीला के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण ने अहंकारियों का मान मर्दन किया और भगवान ने प्रकृति की पूजा करवाई जो प्रकृति हमें खाने के लिए अन्न पानी प्रदान करती है प्रकृति हमें स्वच्छ हवा इत्यादि प्रदान करती है प्रकृति सुरक्षित है तो हम सुरक्षित हैं इस बात का भी संकेत व्यास जी ने अपनी कथा के माध्यम से दिया व्यास जी ने कहा कि हम सबको भी मिलकर के भगवान श्री कृष्ण के वाक्यों का अनुसरण करना चाहिए और प्रकृति की रक्षा हमें भी करना चाहिए। भागवत के आयोजन में मुंबई, नागपुर, जयपुर, भोपाल, इंदौर,अमृतसर व दूर–दूर से आये श्रद्धालुओं ने पावन श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया।

आयोजक पंडित सुरेश मुदगल कथा के मुख्य सूत्रधार हैं।



# हिन्दू राष्ट्र के लिए शुकतीर्थ धर्म संसद में आज जुटेंगे साधु संत

**धर्म संसद में आएंगे 17 महामंडलेश्वर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ स्थित हनुमान धाम मे रविवार को धर्म संसद का आयोजन किया जायेगा जिसमें राजपुरोहित सहित 17 महामंडलेश्वर व प्रसिद्ध साधु संत भाग लेगें आयोजक हिन्दू संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने शनिवार को आश्रम मे व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया।

हिन्दू संघर्ष समिति संरक्षक अमित गुप्ता ने बताया की आयोजित धर्म संसद मे मुख्य रूप से 9 प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री को भेजे जाएंगे जिनमे भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने, गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने,सनातन बोर्ड का गठन किये जाने, सामाजिक एकता एवं समरसता को बढ़ावा देने जाति विभेद को समाप्त करने, जनसंख्या नियंत्रण एवं समान नागरिक संहिता कानून, राष्ट्र निर्माण मे संत समाज की भूमिका, मुस्लिम आक्रांताओं द्वारा मिटाए गये मंदिरों आदि को पुनरूवापस करने को कानून बनाने,सनातन धर्म के योद्धाओं की सुरक्षा, मुज़फ्फरनगर का नाम लक्ष्मी नगर करने आदि प्रमुख हैं।सनातन के प्रति सरकार को और अधिक जागरूक करने को आयोजित धर्म संसद द्वारा प्रस्ताव राज पुरोहित स्वामी डॉ. सीता रमण रामा शास्त्री के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा जायेगा।अथिति सत्कार व्यवस्था मे जुटे हिन्दू चिंतक एवं विचारक अमरीश गोयल ने बताया कि सनातन से जुड़े मुद्दों पर साधु संतो द्वारा चर्चा की जायेगी। धर्म संसद मे मुख्य रूप से राजपुरोहित के अलावा बड़ी संख्या मे साधु संत भाग लेंगे।शनिवार को कार्यक्रम कि तैयारियां पूर्ण कर ली गयी कार्यक्रम का आयोजन हनुमान धाम के भव्य हॉल मे किया जायेगा



# पी.आर.पब्लिक स्कूल में झूमते कदम बुलंद इरादे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** गांधी कॉलोनी स्थित पी.आर.पब्लिक स्कूल में आज दिनांक 6/12/2025 दिन शनिवार को श्झूमते कदम बुलंद इरादे नामक कार्यक्रम का रंगारंग ढंग से आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने अपनी परिस्थितियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विद्यालय के मैनेजर अशोक सिंघल और प्रधानाचार्य मीना सिंघल ने माँ सरस्वती सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।सर्व प्रथम राजस्थानी नृत्य के माध्यम से सभी अभिभावकों का स्वागत किया गया। जिसमें कक्षा – चतुर्थ की छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें नंदिनी, बीह, वैशाली, दीपिका, प्रेरणा आदि की प्रस्तुति सराहनीय रही। तत्पश्चात कक्षा प्रथम के छात्रों आरुष बाटला, आरव कुमार, अभिनंदन ,पार्थ ,यूवी, रुद्रांश आदि ने अंजनी के के लाल भजन पर अपनी प्रस्तुति देकर विद्यालय के वातावरण को भक्ति मय कर दिया। कक्षा द्वितीय की छात्राओं के श्बेटी हमारी अनमोलश सॉन्ग पर सभी दर्शक गण भावुक हो गए। असी फौजी....देश भक्ति से सराबोर नृत्य ने दर्शकों के रौंगट ही खड़े कर दिए ,इस प्रस्तुति में उरविन,ओम शर्मा, अभिनव सैनी, दक्ष, अब्दुल ने भाग लिया।हमें कभी भी किसी परिस्थिति में हिम्मत नहीं हारनी चाहिए,मैं तैयार हूं शीर्षक गीत पर प्रस्तुति देकर सबका मानसिक स्तर ऊँचा उठाने का प्रयास किया। इस प्रस्तुति में आयुष, अंकित, अक्षय, प्रिंस, ध्रुव आदि छात्रों ने भाग लिया।अन्त में आज के वातावरण की सबसे बड़ी मजबूरी – 'मोबाइल पर दो परिवार बनाकर एक नाटिका प्रस्तुत की गई।मुख्य वाचिका रिया के साथ –साथ आत्मविश्वास से भरपूर सभी विद्यार्थियों ने अपनी–अपनी भूमिका को बखूबी निभाया व समाज को एक सार्थक संद. ेश दिया।विद्यालय की अध्यापिकाओ ज्योति नारंग, भावना अरोरा, तान्या अरोरा, ,पूजा, सुजाता, श्रुति व मानसी,इशांत और बिन्नी मैडम का योगदान सराहनीय रहा।स्कूल प्रधानाचार्या मीना सिंघल ने वहाँ उपस्थित सभी अभिभावकों का उनके सहयोग के लिए धन्यवाद किया व साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया।



शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विभिन्न सड़क हादसों से दहला क्षेत्र, दो की दर्दनाक मौत





शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार-शनिवार की रात और सुबह हुए करीब आधा दर्जन हादसों ने जनपद को दहला दिया। इन हादसों में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। कई घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

देर गत रात्रि शहर कोतवाली क्षेत्र के बलवा चौराहे पर हुआ। यहां जनपद बागपत के थाना रमाला क्षेत्र के गांव बरवाला निवासी विद्युत संविदा कर्मचारी लाईनमैन 48 वर्षीय महकपाल पुत्र ब्रहसिंह अपने अन्य साथी जेई रत्नाराम, टीजी-2 कपिल कुमार, पारस व सैंसरपाल के साथ अपनी शि फ्ट कार में सवार होकर शामली के करनाल रोड स्थित एक बारातघर में शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था। बताया जाता है कि जब वह क्षेत्र के बलवा चौराहे पर चौकी के सामने पहुंचे तो इसी दौरान सामने से तेज गति से आ रहे एक ट्रक से आमने सामने की भिड़ंत हो गई।

हादसे में महकपाल की मौके पर मौत हो गई, जबकि अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां कार चला रहे राहुल की दशा गंभीर होने के कारण हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों को भर्ती किया गया। वहीं पुलिस ने मृतक महकपाल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक महकपाल अपने पीछे तीन छोटे बच्चे छोड़ गया है। लाईनमैन की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

दूसरा हादसा शामली के बुढ़ाना रोड पर हुआ। यहां संभल से एक पीकअप गाड़ी में सवार होकर श्रमिक लुधियाना मजदूरी के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि बदायूं निवासी ठेकेदार शंकरलाल संभल से करीब एक दर्जन से अधिक श्रमिकों को पीकअप गाड़ी में भरकर लुधियाना मजदूरी के लिए लेकर जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह शामली के बुढाना रोड स्थित आईसीआईसीआई बैंक के बाहर पहुंचे तो इसी दौरान तेज गति से आ रहे ट्रक ने पीकअप में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पीकअप गाड़ी में सवार दर्जनों लोग घायल हो गए और हाहाकार मच गया। महिलाओं व बच्चों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना शहर कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सभी घायलों को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां संभल निवासी बीरमति, मंजू, भीमसैन, नेमप्यारी, ज्ञानवती, सच्ची देवी, सिमरन, जयवती, धनपाल, पूजा, बाबू, छोटेलाल, शेखर, चंद्रभाल घायल हो गए।

## बाइक से गिरे युवक पर ट्रक का पहिया चढ़ा, मौके पर मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** शादी समारोह में पत्नी व बच्चे के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहे युवक का अचानक नियंत्रण बिगड़ने से बाइक से नीचे गिर गया उधर रास्ते से गुजर रहे ट्रक के पहिए के नीचे आने से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरी और गिरे बच्चे व महिला को हल्की चोट लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर घटना के बाद मौके से फरार ट्रक चालक को ट्रक सहित पुलिस ने पकड़ लिया।



थाना भवन क्षेत्र के गांव नोजल के पास बड़ी दर्द विदारक घटना हुई, जो भी रास्ते से गुजर रहा देख कर सिहर गया। पत्नी व बच्चे के सामने उनका घर संसार कुछ ही पल के भीतर उजड़ गया। रास्ते से गुजर रहे लोगों द्वारा पुलिस को दी जानकारी के अनुसार थाना पुलिस ने बताया कि निकटवर्ती क्षेत्र राझड़ में आयोजित एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाइक पर सवार होकर लगभग 37 वर्षीय युवक विकास पुत्र मदनपाल निवासी केवलपूरी, मुजफ्फरनगर अपनी पत्नी नेहा व 7 वर्षीय बच्चे विहान के साथ जा रहा था जैसे ही क्षेत्र के गांव मस्तगढ़ व नौजल के बीच पंहुचा तो सामने से आ रहे एक गन्ने के ट्रक को देखकर आगे चल रही कार व बाइक पर सवार विकास सड़क किनारे रुक गए। इसी दौरान अचानक बाइक पर सवार विकास का नियंत्रण बिगड़ गया जिससे बाइक गिर गई बाइक के साथ विकास की पत्नी व बच्चा सड़क किनारे कच्ची सड़क की ओर जा गीरे जबकि विकास पक्की सड़क पर गिरा जो सामने से आ रहे ट्रक के पहिए की चपेट में आ गया। ट्रक का पहिया उतरने से विकास की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में नेहा व उसके बच्चे विहान को भी चोटे आई। उधर घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जहां थाना भवन बूढ़ा बाबू तालाब के पास ट्रक व ट्रक चालक को पकड़ लिया वहीं पुलिस ने महिला व उसके बच्चे को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया जबकि मृतक विकास के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दर्द विदारक घटना को जिसने भी देखा वह सिहर गया। समाचार लिखे जाने तक थाने में तहरीर नहीं दी गई थी।

## हादसे में वृद्ध की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता



**शामली।** शामली के बधेव रोड पर हुआ। यहां बुलट बाईक व इलैक्ट्रिक स्कूटी की हुई आमने सामने की जोरदार भिड़ंत में 75 वर्षीय वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुए है। थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के मुंडेट कला निवासी 75 वर्षीय वेदपाल पुत्र केशोराम अपनी इलैक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर शामली से अपने गांव वापस लौट रहे थे। बताया जाता है कि जब वह गोदावरी हॉस्पिटल के निकट पहुंचे तो इसी दौरान सामने से आ रही ट्रेक्टर ट्राली को ओवरटेक करते हुए तेज रफ्तार बुलट बाइक सवार तीन युवकों ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और वेदपाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बुलट बाइक सवार तीनों युवक उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने वेदपाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि बुलट बाइक सवार शाहरूख, आदिल व उवेश की दशा गंभीर होने के कारण हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया गया। वेदपाल की मौत से परिजनों में को. हराम मचा हुआ है। वही पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# घर में घुसकर मारपीट और फायरिंग प्रकरण में कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला दरबारकला निवासी नेमचंद ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अपने साथ हुई मारपीट, फायरिंग की घटना में तहरीर के बाद भी कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है।

पीड़ित ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि रंजिशन विपक्षीगण उसके घर में दो बार घुसकर जानलेवा हमला कर चुके हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। नेमचंद ने बताया कि वह अपने भाई राजसिंह से मुकदमेबाजी में उलझा हुआ है। इसी रंजिश के चलते गांव के ही राजसिंह, सचिन, जगदीश, अशोक, राशिद, जुनेद, अजय और जुबैर सहित कई लोग गत 11 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे उसके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी हमलावर लाठी-डंडे, धारदार हथियार और देशी तमंचों से लैस थे। उन्होंने घर में घुसते ही गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपी राशिद ने देशी तमंचे से हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी दी। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए और किसी तरह पीड़ित को बचाया। जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि अगली बार जान से खत्म कर देंगे। नेमचंद ने बताया कि इसके बाद भी 29 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे विपक्षीगण फिर उसके घर पहुंचे और गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। मोहल्ले के लोगों ने हस्तक्षेप कर उसकी जान बचाई। पीड़ित का कहना है कि उसने घटनाओं की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल, एसपी शामली और कोतवाली कैराना में कई बार की, लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई। मचंद ने समाधान दिवस में पहुंचे अधिकारियों से गुहार लगाई कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उसे न्याय दिलाया जाए तथा उसकी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## मासूम पर कुत्ते ने बोला हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में गली में खेल रही दो वर्षीय मासूम बच्ची पर एक आवारा कुत्ते ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बच्ची की चीख पुकार सुनकर परिजनों ने आवारा कुत्ते को भगाया और घायल बच्ची को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया है। शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी रुपिन की 2 वर्षीय मासूम बच्ची निकुंज घर के बाहर मंदिर के समीप गली में खेल रही थी।

गली में खेल रही मासूम बच्ची पर एक आवारा कुत्ते ने जान लेवा हमला बोल दिया और काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कुत्ते के द्वारा हमले में घायल मासूम बच्ची की चीख-पुकार सुनकर आसपास के पड़ोसी वह परिजन डंडा लेकर दौड़े और आवारा कुत्ते को भगाया। परि. जनों ने मासूम बच्ची को घायल अवस्था में उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाने के बाद गंभीर अवस्था में बच्ची को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सरकारी डॉक्टर वीरेंद्र सिंह का कहना है कि कुत्ते के हमले से घायल एक मासूम बच्ची को लेकर परिजन अस्पताल पहुंचे थे जहां पर एंटी रेबीज वैक्सीन लगाकर आवश्यक उपचार कर उसे जिला अस्पताल भेजा गया है।

## अधिवक्ताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊन।** तहसील में ग्राम न्यायालय की मांग को लेकर अधिवक्ताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है शनिवार को बार एसोसिएशन द्वारा ग्राम न्यायालय की स्थापना की मांग को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य न्यायाधीश प्रयागराज को संबो. धित ज्ञापन उपजिला अधिकारी को सोपा गया जिसमें ग्राम न्यायालय हेतु तहसील कार्यालय पर खाली पड़े भवन देने की मांग की गई है तहसील में ग्राम न्यायालय की मांग को लेकर अधिवक्ता आंदोलन रत है अधिवक्ताओं का आरोप है कि तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना को लेकर जिला जज द्वारा सहमति दे दी गई है लेकिन जिला. धिकारी द्वारा तहसील में खाली पड़े भवन में अस्थाई ग्राम न्यायालय चलाने हेतु भवन देने से मना कर दिया है इस संबंध में अधिवक्ताओं द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रही है अधिवक्ताओं ने संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य न्यायाधीश हाई कोर्ट को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी संदीप त्रिपाठी को सोपा जिसमें ग्राम न्यायालय की स्थापना हेतु तहसील कार्यालय पर खाली पड़े भवन देने की मांग की गई है जिससे कि अस्थाई रूप से ग्रामीण न्यायालय चलाया जा सके तथा तहसील में आने वाले 101 ग्राम वासियों एवं तीन नगर पंचायत के निवासियों को सस्ता एवं सुलभ न्याय मिल सके।

ज्ञापन देने वालों में विपिन कुमार, सोनू कल्याण, तसव्वर अली, जोगिंदर, आदि शामिल रहे दूसरी ओर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सम्राट सिंह, महासचिव अनुज वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अबरार अहमद, सतीश समेत दर्जनों अधिवक्ता चरण में जिला जज से मिले उन्होंने पूरे प्रकरण से जिला जज को अवगत करा तथा जिलाधिकारी द्वारा तहसील कार्यालय में खाली पड़े भवन देने से स्पष्ट मना करने की जानकारी दी उन्होंने जिला जज से जिला अधिकारी से वार्ता कर ग्राम न्यायालय की स्थापना करने की मांग की बार संघ के महासचिव अनुज वशिष्ठ ने बताया कि जिला जज द्वारा जिलाधिकारी से वार्ताकर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

## सड़क पर ओवरलोड गन्ना वाहनों का कब्जा

शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** गन्ना सीजन शुरू होते ही जिले की सड़कों पर एक बार फिर ओवरलोड गन्ना वाहनों का कब्जा हो गया है। हाईवे हो या लिंक रोड, हर जगह बड़े-बड़े ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दुर्घटनाओं का खतरा बनकर दौड़ रहे हैं। प्रशासन और परिवहन विभाग की चुप्पी ने जनता में कई सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर वाहन चालकों पर कार्रवाई कौन करेगा? मेरठ-करनाल हाईवे, ऊन-शामली रोड, और गांवों की लिंक सड़कों पर रोजाना भारी भरकम ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दिखाई दे रही हैं। इन वाहनों में ढुलाई की कोई सीमा तय नहीं, इसी कारण दूसरे वाहन चालकों को ओवरटेक करने में जान का जोखिम उठाना पड़ता है। सड़क पर चलते समय ओवरलोड वाहनों की उचाई ढ्डओवर हाइटड्ड इतनी ज्यादा हो जाती है कि कई बार ए फ्लाईओवर और पुलों पर भी फंस जाते हैं। पहियों के नीचे चिपके कीचड़ से ऊंचाई और बढ़ जाती है, जिसके कारण घंटों जाम लगा रहता है। कई बार एंबुलेंस, स्कूली वाहन और आम लोग इस जाम में फंसकर परेशान होते हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी समस्याएं




शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** तहसील सभागार कक्ष में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आमजन की समस्याओं को सुनने के लिए जिलाधिकारी अरविंद सिंह चौहान और पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह स्वयं मौजूद रहे। सुबह से ही फरियादी अपनी-अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जहां राजस्व, पुलिस, कृषि, पूर्ति सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तैनात रहे। समाधान दिवस में कुल 43 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें भूमि विवाद, पुलिस संबंधी शिकायतें, राजस्व प्रकरण, सामाजिक योजनाओं से जुड़े मुद्दे और विभागीय लापरवाही के मामले प्रमुख रहे। अधिकारियों द्वारा मौके की गई पड़ताल के बाद 4 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया, जिससे फरियादियों ने राहत की सांस ली। डीएम अरविंद सिंह चौहान ने समाधान दिवस के दौरान विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी मामले में लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। पुलिस संबंधी शिकायतों पर एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह ने अधिका. रियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर हर हाल में किया जाए। उन्होंने कहा कि जांच में ढिलाई या कार्रवाई में देरी पाए जाने पर जिम्मेदार कर्मियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। एसपी ने फरियादियों को आश्वस्त किया कि यदि समाधान न मिले तो वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। समाधान दिवस के दौरान राजस्व निरीक्षक, कानूनगो, लेखपाल और पुलिसकर्मियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कई मामलों में मौके पर ही टीम भेजकर वास्तविक स्थिति की जानकारी ली गई। इस दौरान एसडीएम निधि भारद्वाज, सीओ हेमंत कुमार, तहसीलदार अर्जुन चौहान, जिला कृषि अधिकारी प्रदीप यादव, जिला पूर्ति अधिकारी अंकुर यादव, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री, आपूर्ति निरीक्षक मदन पाल सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा शामली कलक्ट्रेट सभागार में सीडीओ विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन किया गया। उनके समक्ष 35 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन मौजूद रहे। इसके अलावा तहसील ऊन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम सत्येंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ। यहां 28 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## बढ़ती शीतलहर से जनजीवन प्रभावित, अस्पताल में उमड़े मरीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** क्षेत्र में कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। क्षेत्र में कई दिनों से लगातार चल रही शीतलहर के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। तेज ठंडी हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया है। मौसम में अचानक आई इस कड़ाके की ठंड का असर स्वास्थ्य पर साफ दिखाई देने लगा है। नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों ने तेजी से पैर पसार लिए हैं, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। शनिवार को नगर सरकारी अस्पताल में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भारी भीड़ देखने को मिली। अस्पताल में अधिकांश मरीज बुखार, खांसी, जुकाम, गले में खराश, ठंड लगने व बदनदर्द जैसी शिकायतें लेकर पहुंचे।

मरीजों की संख्या इतनी अधिक थी कि अस्पताल के चिकित्सकों को लगातार कई घंटों तक बिना रुके उपचार करना पड़ा। बढ़ती भीड़ के बीच चिकित्सकों के हाथ-पांव फूल गए, लेकिन फिर भी उन्होंने जिम्मेदारी के साथ सभी मरीजों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र सिंह का कहना है कि शीतलहर के दौरान संक्रमण तेजी से फैलता है, इसलिए सावधानी न बरतने पर बीमारी गंभीर रूप ले सकती है। डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ने लोगों से ठंड के मौसम में अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस मौसम में खांसी-जुकाम के अलावा निमोनिया व सांस संबंधी समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। इसलिए सुबह-शाम विशेष तौर पर गर्म कपड़ों का प्रयोग करें, बिना आवश्यकता घर से बाहर न निकलें, गर्म पानी पिएं और खानपान पर ध्यान दें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अस्पताल में सभी आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा किसी भी मरीज को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

## एक नजर

### पुलिस ने एक अभियुक्त पकड़ा

**शामली।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आद. शानुसार संचालित संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना थानाभवन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से अवैध तमंचा 315 बोर तथा दो जीवित कारतूस 315 बोर बरामद किए गए। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना थानाभवन, जनपद शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त इस्तकार पुत्र इकबाल, निवासी ग्राम रसूलपुर, थाना फतेहपुर, जनपद सहारनपुर है।

### बेटे-बहू पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

**कैराना।** ग्राम मंगलपुर मजरा बीबीपुर हटिया की एक वृद्ध विधवा महिला ने अपने बेटे व बहू पर प्रताड़ना, मारपीट तथा घर से बाहर निकालने के गंभीर आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी कैराना से न्याय की गुहार लगाई है। विधवा महिला रोशनी पत्नी स्वर्गीय गोरधन ने आरोप लगाया कि उसके पति की मृत्यु लगभग 30 वर्ष पूर्व हो गई थी। तब से वह मेहनत-मजदूरी कर बेटे रामप्रसाद और बेटी संगीता का पालन-पोषण करती रही हैं। महिला का कहना है कि अब बड़ा होने पर बेटा रामप्रसाद और उसकी पत्नी मेरे साथ आए दिन मारपीट करते हैं और भोजन तक नहीं देते। रोशनी का आरोप है कि तीन वर्ष पूर्व उन्होंने कर्ज लेकर बेटी की शादी कराई थी, लेकिन बेटा-बहू उस कर्ज को चुकाने के लिए तैयार नहीं हैं। आरोप है कि अब बेटा-बहू उसे आए दिन घर से बाहर निकाल देते हैं और जान से मारने की धमकी भी देते हैं। पीड़िता का यह भी कहना है कि पति गोरधन के नाम दर्ज भूमि विरासत में बेटे रामप्रसाद के नाम हो चुकी है और उस पर पूरा कब्जा भी उसी का है। आरोप है कि उसे उसका हिस्सा न देकर प्रताड़ित किया जा रहा है, जिसके चलते वह भीख मांगकर जीवन-यापन करने को मजबूर है। रोशनी ने एसडीएम से मांग की है कि पति की छोड़ी हुई संपत्ति में उसका वैधानिक हिस्सा दिलाया जाए एवं बेटे-बहू के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

### छत पर खेलते समय बालक का पैर फिसला, गिरकर घायल

शाह टाइम्स संवाददाता



**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रामनगर में छत पर खेल रहा एक दस वर्षीय बालक का पैर फिसलने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में हायर सेंटर के लिए रेफर किया है। शनिवार को कस्बे के मोहल्ला रामनगर निवासी अनुज का दस वर्षीय पुत्र ऋषभ अपने मकान की छत पर खेल रहा था। छत पर खेलते समय बालक का अचानक से पैर फिसल गया और वह जमीन पर जा गिरा। जमीन पर गिरने से बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर परिजन आनन-फानन में लेकर नगर के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे। चिकित्सकों ने घायल बालक को प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर अवस्था में हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

### नाइनगला जाटान में शराबी युवक का रातभर हंगामा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चौसाना।** क्षेत्र के नाइनगला जाटान में शुक्रवार की रात शराब के नशे में एक युवक द्वारा किया गया हंगामा पूरे गांव के लिए परेशानी का कारण बन गया। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी अमित कई सालों से नशे की हालत में अपने माता-पिता और भाई के साथ झगड़ा करता रहा है। कई बार पुलिस उसे शांति भंग में चालान भी कर चुकी है, लेकिन शुक्रवार की रात उसने हदें पार कर दीं। देर रात तक अमित गलियों में घूमता रहा और घर के बाहर खड़े अपने ही परिजनों को लगातार धमकाता रहा। उसके आक्रामक व्यवहार के कारण पूरा परिवार घर में बंद होकर बैठ गया। ग्रामीणों का कहना है कि उसकी हालत ऐसी थी कि कोई भी बाहर निकलकर उसे रोकने की हिम्मत नहीं कर पाया। गांव में बच्चों और महिलाओं तक में दहशत का माहौल बना रहा। शनिवार सुबह आरोपी के छोटे भाई पवित पुत्र नरेंद्र ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अमित को काबू में कर चौसाना चौकी ले आई। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि अमित रोजाना शराब पीकर हंगामा करता है, जिससे परिवार और गांव दोनों ही परेशान रहते हैं। उन्होंने मांग की है कि ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि गांव में शांति बनी रहे और परिवार सुरक्षित रह सके।

### तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**शामली।** शहर के राजकीय इंटर कॉलेज लिलौन में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन आज रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। समापन अवसर पर बच्चों ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति को दर्शाते हुए उनके नाम, खान-पान और पारंपरिक परिधानों का सुंदर प्रदर्शन किया। शिविर के दौरान बच्चों ने तंबू निर्माण, फूड प्लाजा, तथा हस्तकला कौशल का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित अतिथियों ने सराहा। बच्चों की रचनात्मकता और अनुशासन देखकर सभी अतिथि भाव-विभोर नजर आए। इस अवसर पर जिला सचिव डॉ. हीरासिंह, जिला संगठन आयुक्त गीता रानी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गायत्री देवी, होली मदरलैंड पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद, प्रधानाचार्य अनुज चौरसिया, पूजा मलिक, भावना सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहित किया गया और सफल आयोजन के लिए आयोजक मंडल की सराहना की गई।

### फोन पर बात नहीं कराने पर मारपीट तीन घायल हायर सेंटर रेफर



शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** कस्बे के कैराना बस स्टैंड पर चार शराबियों ने तीन युवकों को फोन पर बात नहीं कराने से क्षुब्ध होकर शराब की बोतलों से हमला कर मारपीट की। मारपीट में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट कर चारों आरोपी मौके से फरार हो गए। 112 पुलिस ने तीनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने तीनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। मामले में पीड़ितों के परि. जनों ने अज्ञात युवकों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। जनपद मुजफ्फरनगर के थाना फुगाना क्षेत्र के गांव डूंगर निवासी बबलू पुत्र संसार, संजीव पुत्र ओमकारा व मोनू पुत्र राममेहर शनिवार को अपने घर से हिमाचल प्रदेश जाने के लिए निकले थे।

तीनों युवक कस्बे के कैराना बस स्टैंड पर पेशाब कर रहे थे। आरोप है इसी बीच चार शराबी मौके पर पहुंचे और पेशाब कर रहे युवकों से फोन मांगने लगे, तीनों युवकों ने फोन पर बात कराने से मना किया तो आरोप है कि चारों शराबियों ने शराब की बोतल फोड़ कर तीनों युवकों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मारपीट में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने तीनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने तीनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पीड़ितों के परिजनों ने अज्ञात युवकों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# महिला को ले जाने का मामला प्रकाश में आया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** जयपुर राजस्थान के गांव केशिया कलां की एक महिला को भगाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला के पिता द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जयपुर पुलिस झिंझाना निवासी युवक के पिता महबूब को अपने साथ जयपुर ले गई।

जयपुर के गांव केशिया कलां की एक महिला को भगाकर ले जाने के मामले में महिला के पिता रमेश शर्मा ने जयपुर के मुहाना मंडी थाने में तहरीर देकर झिंझाना निवासी युवक आकिब जावेद सहित अन्य परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर राजस्थान पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया हुआ है। जयपुर पुलिस ने शनिवार को झिंझाना थाने में आमद कराई तथा आरोपी युवक आकिब जावेद के पिता महबूब को अपने साथ जयपुर ले गई। जयपुर पुलिस तीन दिन पूर्व भी युवक की तलाश में झिंझाना पहुंची थी, परिजनों से पूछताछ कर वह वापिस जयपुर लौट गई थी।

मामले में यह भी सामने आया है कि आरोपी युवक आकिब जावेद जयपुर के मुहाना मंडी में फल बेचने का कारोबार करता है। वहीं, महिला के पिता की भी उसी जगह फल आदि की दुकान है। इसी दौरान दोनों की नजदीकियां बढ़ गई थी। परिजनों के मुताबिक युवक शादी शुदा है तथा साथ में गई महिला के भी शादी शुदा होने की चर्चा है।

# भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि समरसता दिवस के रूप में मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। शनिवार को स्कूल सभागार में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का अध्यक्षता संस्था के प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने की। वैभव ऐरन ने कहा कि डॉ। भीमराव अम्बेडकर भारतीय संविधान के निर्माता, नारी समाज के मुक्तिदाता, कमजोर व उपेक्षित वर्गों के मसीहा, अर्थशास्त्री, राजनीतिक व समाज सुधारक थे। उन्होंने लगभग 60 देशों के संविधानों का अध्ययन किया। अम्बेडकर को संविधान के पिता के रूप में मान्यता प्राप्त है। इनके द्वारा निर्मित भारतीय संविधान हमे अनेक मौलिक अधिकार प्रदान करता है। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने डॉ। भीमराव अम्बेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मलूक



चन्द, अरविन्द कुमार, मधुबन, कवीन्द्र कुमार, नीटू कुमार, सोमदत्त, अशोक सोम, परितोष, मधुबन शर्मा, नितिन कुमार, धीरज कुमार, भानु कुमार, अंकुर कुमार, आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहेब की मूर्ति पर किया माल्यार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डा. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर समाजवादी पार्टी के पदा. धिकारियों एवं सदस्यों ने कई स्थानों पर बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



शनिवार को थानाभवन विधानसभा के ग्राम जलालपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। जहां प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि भाजपा ने बाबा साहेब के संविधान की रक्षा करने वाली संस्थाओं न्याय पालिका, चुनाव आयोग, विधानसभा व लोकसभा को कमजोर किया है जिससे लोकतंत्र पर संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जातियों के अधिकारो के लिए अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी संघर्ष कर रही है। गोष्ठी में जावेद जंग, सलेक चंद, सुरेन्द्र शाह, रविन्द्र, ब्रहमदास, रोहतास, बेबी रानी, सुनीता, बबीता,रोशनी, मन्नत, दिव्या, नन्दिनी, साधना, राजेन्द्र, यासीन प्रधान, इरफान शाह आदि मौजूद रहे।

# बीपीएन जूनियर हाई स्कूल की एथलेटिक मीट में कलाम हाउस बना चैंपियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के बीपीएन जूनियर हाई स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट का शनिवार को उत्साहपूर्ण माहौल में सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता में कलाम हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक पदक अपने नाम किए और 2025 की चौंपियनशिप ट्रॉफी जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया। पुट द बॉल बास्केट में अजीत, बैलून रेस में सनाया, डाक रेस में ओवैस, 150 मीटर रेस में अक्षय, बैक रेस में उमेश, 300 मीटर रेस में अरमान, 500 मीटर में अंश और 50 मीटर रेस में अब्दुल समद ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं बैलून गेम्स में अर्श ने प्रथम स्थान हासिल किया। लॉन्ग जंप




में लड़कों में सेजन और लड़कियों में प्रिया ने स्वर्ण पदक जीता। हाई जंप में लड़कियों में अक्षय तथा लड़कों में समीर स्वर्ण पदक विजेता रहे। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने खेल भावना, अनुशासन और उत्साह का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।विद्यालय की अध्यक्ष अलका चौहान व डॉ। जनेश्वर चौहान ने सभी विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों द्वारा किया गया प्रदर्शन बेहद सराहनीय है। उन्होंने उन छात्रों को भी प्रोत्साहित किया जो इस बार पदक नहीं जीत पाए कि वह अभ्यास जारी रखकर अगली बार बेहतर प्रदर्शन करें। स्कूल प्रबंधक श्वेता चौहान ने शिक्षकों और छात्रों की मेहनत की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं में सफलता के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य शर्मा प्रवीण ने सभी बच्चों को खेलों के साथ-साथ शिक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि खेल छात्र जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं। इस दौरान सभी विजेता छात्रछात्राओं को सम्मानित किया गया विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# खेत में गिरी हाईटेंशन लाइन, सात बीघा फसल जल कर हुई खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव अठा में एक विधवा महिला की मेहनत पर उस समय पानी फिर गया, जब खेत के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन की विद्युत लाइन का तार टूटकर नीचे गिर पड़ा। तार गिरते ही खेत में आग लग गई, जिससे सात बीघा में खड़ी गन्ने की फसल धू-धू कर जल गई। विकासखंड क्षेत्र गांव अठा निवासी विधवा कैलाशो पत्नी कटार सिंह का खेत गांव के बाहरी छोर पर स्थित है। अचानक टूटी लाइन खेत में गिरते ही आग तेजी से फैल गई और किसान की पूरी फसल कुछ ही देर में नष्ट हो गई। घटना से पीड़िता का बड़ा आर्थिक नुकसान हो



गया है।विधवा महिला किसान ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बिजली विभाग की लापरवाही बताते हुए उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि उसकी आजीविका को सहारा मिल सके। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से पीड़ित महिला को तत्काल मदद देने की मांग की है।दो दिन पुर्व गाव भभीसा निवासी तीन किसने की 14 बीघा फसल जल का राख हो गई थी।

## एक नजर

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** खंड विकास क्षेत्र के गांव डांगरौल में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीणों में प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोष्ठी को संबोधित करते हुए रालोद नेता राजन जावला ने कहा कि डॉ। अम्बेडकर के विचार, सिद्धांत और उनकी दूर. ष्टि भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज में व्याप्त विषमता, अन्याय और भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष करते हुए समानता, स्वतंत्रता और बंधुता पर आधारित समाज का सपना देखा था, जो आज भी हम सबके लिए पथ-प्रदर्शक है।इस अवसर पर मोंटी, जितेन्द्र, डोली, अमित, मोनू, धरमबीर, सहेनदर, कार्तिक सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



### सड़क हादसे में घायल बालिका ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** एक सप्ताह पूर्व सड़क हादसे में गंभीर घायल हुए 6 वर्षीय बालिका ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने घटना में बाइक सवार युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव झाड़खेड़ी निवासी रामनिवास पुत्र सेवाराम ने बाइक सवार युवक के खिलाफ मुदकमा दर्ज कराया है।बताया है कि गत 29 नवंबर की शाम करीब 4 बजे काव्या सैनी पुत्री अनूप सैनी सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान नरेंद्र पुत्र सतपाल निवासी झाड़खेड़ी की दुकान से निकलकर सड़क पार कर अपने घर की ओर जा रही थी। इसी बीच गांव तितरवाड़ा की ओर से आए एक बुलेट मोटरसाइकिल सवार ने गलत दिशा में बाइक मोड़कर बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बच्ची गंभीर रूप से सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गई थी। आनन-फानन में परिजनों ने घायल बच्ची को उपचार के लिए पहले कैराना के अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत नाजुक देखते हुए उसे पानीपत के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया। बाद में चिकित्सकों ने उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।लगातार उपचार के बावजूद बच्ची ने 2 दिसंबर को दम तोड़ दिया। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी बाइक सवार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### दथेड़ा में आयोजित दंगल में लड़ी 41 कुश्तियां,जावेद की कुश्ती रही रोमांचक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** दथेड़ा में स्व. रतिराम की पुण्यतिथि पर आयोजित दो दिवसीय दंगल मे पहले दिन 41 कुश्तियों आयोजित की गई। जिसे यूपी व हरियाणा के एक दर्जन से अधिक पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। सबसे रोमांचक कुश्तियों में जाकिर जलालाबाद व प्रिंस कल्याण व जावेद गंगोह व गौरव कल्याण के बीच हुई। जिसमें जीतने वाले पहलवान को इक्कीस सौ की नगदी से सम्मानित किया गया। दंगल के दूसरे दिन हरियाणा से महिला पहलवान भी जोर आजमाइस करेगी। चौसाना के दथेडा में प्रत्एक वर्ष होने वाले दंगल की भांति इस वर्ष भी दंगल का आयोजन किया गया। शनिवार के दिन पहला दंगल आयोजित किया गया। जिसमे कुल 41 कुश्तियां लडी गईं। जिसमे क्षैत्र व अन्य राज्यो के पहलवानों ने अपना दम दिखाया। पहली कुश्ती अभय बपौली व अनंत लुहारी के बीच हुई,जिसमें अभय ने जीत हासिल की। जीतने वालों में शावेज जलालाबाद,हुसैन लुहारी,मौसम कैराना,बापौली,करण कल्याण,जावेद,आजम तासीपुर ने अपने प्रतिद्वंती को हराकर जीत हासिल की। वही मन्नी कल्याण-शांतनु, वरिश-आशीष, अवी-देव, जाकिर-प्रिंस, विक्रम-रवि, साकिर-सचिन, साबिर-ज्ञानचंद, कल्लू-अक्षय, काली मुंडेट-अजहर व मोनू-आवेश के मध्य हुई कुश्ती बराबर पर छुटी। इस दौरान सैक्डो की संख्या मे दर्शको के साथ आयोजक मौजूद रहे।

# पुलिस वेलफेयर एसो. ने किया मेडिकल एवं काउंसलिंग कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देशन में पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन शामली द्वारा ग्रीन हर्बल सेंटर योजना के अंतर्गत पुलिस लाइन शामली में व्यापक मेडिकल एवं काउंसलिंग कैंप का आयोजन किया गया।



इस कैंप का उद्देश्य पुलिसकर्मियों एवं रिक्रूट आरक्षियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन तथा समग्र कल्याण को सु.ढ़ करना रहा। कार्यक्रम में अनुभवी मनोचिकित्सकों, नैदानिक मनोवैज्ञानिकों तथा स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, भावनात्मक संतुलन, तनाव नियंत्रण, सकारात्मक सोच, स्वस्थ दिनचर्या एवं कार्य के दौरान आने वाले दबाव से प्रभावी ढंग से निपटने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कैंप के अंतर्गत कुल 59 पुलिसकर्मियों एवं रिक्रूट आरक्षियों की व्यक्तिगत काउंसलिंग की गई। विशेषज्ञ टीम ने प्रत्एक कार्मिक की मानसिक स्थिति, व्यवहारगत चुनौतियों, पारिवारिक एवं पेशेवर तनाव तथा उनके समाधान से जुड़े पहलुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं व्यवहारिक मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर चिकित्सक टीम में डा. वीरेन्द्र कुमार, चिकित्साधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला, जनपद शामली, प्रेरणा पुण्डीर, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट, आशा, साइकाइट्रिक नर्स, जिला संयुक्त चिकित्सालय शामली अंकित यादव, साइकाइट्रिक सोशल वर्कर, कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद शामली उपस्थित रहे और उन्होंने पूरे कैंप का संचालन किया। कैंप में प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग प्रदान किया। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने इस पहल की सराहना की। कैंप के आयोजन से पुलिस लाइन में सकारात्मक वातावरण बना रहा तथा बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और रिक्रूट आरक्षियों ने विशेषज्ञों से प्राप्त परामर्श को अत्यंत लाभकारी बताया।



# टैलेंट सर्च एग्जाम का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**शामली।** जेनेसिस द्वारा आयोजित टैलेंट सर्च एग्जाम 2025 का पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार को एमएस फार्म में संपन्न हुआ। समारोह में परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम में जेनेसिस क्लासेज के मैनेजिंग डायरेक्टर जितेंद्र ऐहलावत तथा करनाल इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन सेवानिवृत्त कर्नल अरुण दत्ता ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और परीक्षार्थियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्था सदैव छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और उनके बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए समर्पित रही है और आगे भी इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारा जाता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान विजेता छात्रों को सम्मान-पत्र, मेडल एवं विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और कठोर परिश्रम की मुक्तकंठ से प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, शिक्षा जगत से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्तियों तथा बड़ी संख्या में अभिभावकों की गरिमामई उपस्थिति रही।

## किसान के खेत में पानी छोड़कर की फसल बर्बाद

**कैराना।** कांधला क्षेत्र के ग्राम इस्सोपुर टील निवासी किसान जितेंद्र कुमार ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अपनी फसल को बार-बार नष्ट किए जाने की शिकायत करते हुए गांव के ही कुछ व्यक्तियों पर गंभीर आरोप लगाया है।

पीड़ित किसान जितेंद्र का आरोप है कि गांव के रमेश, महावीर, जसबीर पुत्रगण टीकाराम तथा जितेंद्र और सतेंद्र पुत्रगण रमेश उनकी खेती को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से बार-बार खेत में पानी छोड़ देते हैं, जिससे तैयार फसल नष्ट हो जाती है। किसान के अनुसार, जब मजदूर खेत में कार्य करने जाते हैं तो विपक्षी उनसे अभद्रता करते हुए गाली-गलौच करते हैं तथा जान से मारने की धमकी भी देते हैं। कई बार मौके पर तनाव की स्थिति भी उत्पन्न हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

किसान ने बताया कि गत 5 दिसंबर की रात विपक्षियों ने फिर से उनके खेत में पानी भर दिया, जिससे फसल बर्बाद हो गई और परिवार को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा।

**खोया-पाया/सूचना**

मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट वर्ष 2021 अनुक्रमांक नंबर 210583822 वास्तव में कहीं खो गई है।

**नदीम पुत्र नूरदीन**
**गांव-भभीसा जिला शामली**

# सड़क पर बने गड्ढे के चलते बाइक कार से टकराई, एक गंभीर घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना-बिडौली मार्ग पर सकौती के पास शनिवार सुबह करीब सात बजे सड़क के बीच पड़े गड्ढे को बचाने में बाइक और गाड़ी की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार ललित निवासी खलदपुर जिला सहारनपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक और गाड़ी दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। चौसाना निवासी राजेश कुमार जो ललित का रिश्तेदार है उसने बताया कि ललित रोजाना खलदपुर से शामली स्थित बैंक में फाइनेंस का कार्य करने जाता है। शनिवार सुबह भी वह डडूटी के लिए निकला था। गड्ढे के पास अचानक सामने से आ रही गाड़ी को बचाने में उसकी बाइक फिसलकर भिड़ गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत उसे सकौती में निजी डॉक्टर के पास पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत देखते हुए करनाल के कल्पना चावला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गनिमत यह रही कि ललित ने हेलमेट पहन रखा था, जिससे उसकी जान बच गई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर बने गहरे गड्ढे लगातार वाहन चालकों के लिए खतरा बने हुए हैं, लेकिन विभाग की ओर से कोई सुधार नहीं किया गया है। गाड़ी सवार साहब सिंह निवासी सफीदो (पानीपत) अपने गांव से सुंदर नगर रिश्तेदारी में जा रहा था। उसने बताया कि सड़क के गड्ढे अचानक दिखे और बाइक सामने आ गई, जिससे हादसा हो गया। चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि हादसे की जानकारी किसी भी पक्ष द्वारा तहरीर के रूप में नहीं दी गई है। वहीं पीडब्ल्यूडी के एई ईश्वर दत्त ने कहा कि मार्ग पर बने गड्ढों को लेकर जई को निर्देश दे दिए हैं। जल्द ही ग्ङ्गों की मरम्मत करवा दी जाएगी।

## समाधान दिवस में लगाई गुहार

**कैराना।** कस्बा कांधला स्थित राज कॉलोनी के एक प्लॉट को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्राम कुरड़ी, तहसील बड़ौत ॿजिला बागपतॠ निवासी जरीफा बेगम ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर उपजिलाधिकारी कैराना को प्रार्थनापत्र सौंपते हुए कई व्यक्तियों पर उनकी वैध खरीदी गई भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश और फर्जी रजिस्ट्री कराने का गंभीर आरोप लगाया। पीड़िता ने बताया कि विगत 11 मार्च वर्ष 2011 को राज कॉलोनी क्षेत्र स्थित खसरा संख्या 2406/1 व 2406/4/2/1 कुल 110.37 वर्गमीटर भूमि विधिवत रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से खरीदी थी। भूमि क्रय के बाद से वह उसकी वैध स्वामिनी व कब्जेदार हैं। आरोप है कि स्थानीय निवासी शकील खां, रिजवान, अल्ला रक्खा, उस्मान, सलमा और अमजद ने साजिशन उसी प्लॉट का खसरा नंबर बदलकर 2274 दिखाते हुए सलमा के नाम अवैध रजिस्ट्री करा ली।पीड़िता का कहना है कि उक्त प्रकरण में वह पहले ही सिविल जज (सीनियर डिवीजन) कैराना न्यायालय में वाद संख्या 60/2025 (जरीफा बनाम शकील आदि) दाखिल कर चुकी हैं, जो विचाराधीन है। इसके बावजूद विपक्षीगण पुनः फर्जीवाड़ा कर जबरन कब्जा करने की फिराक में हैं। जरीफा बेगम ने एसडीएम से निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा उनकी खरीदी हुई संपत्ति पर किसी भी अवैध कार्रवाई या कब्जा रोकने की मांग की है।

# क्षेत्र में एक और युवा का आर्मी में चयन, गांव में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मछरौली गांव निवासी कश्यप समाज के होनहार युवक नितिन कश्यप पुत्र विनोद कश्यप का इंडियन आर्मी की संचार प्रणाली Signals झांसी में चयन होने पर उस समय खुशी का माहौल बन गया जब गांव के होनहार युवा का इंडियन आर्मी में चयन होने की खबर सामने आई। रास्ते पर नितिन का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया और देशभक्ति नारे लगाए गए नितिन को देखकर माता-पिता दादा दादी वह रिश्तेदार गर्व से नम हो गए । नितिन का बचपन से ही देश सेवा करने का सपना था और इसी लक्ष्य के लिए उसने निरंतर परिश्रम किया वह 7 महीने की कठिन सैन्य प्रशिक्षण पूरा कर लौटा। वहीं कैराना विधानसभा के विधायक नाहिद हसन ने आर्मी के जवान के पिता से फोन पर बात कर



नितिन को बधाई दी। राजबहादुर प्रधान- ने नितिन के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे युवा देश किस और आने वाली पीढ़ियों के प्रेरणा स्रोत है। ओमपाल कोरी आमवाली- ने कहा नितिन ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है उनका आर्मी में चयन युवाओं के लिए नया जोश है देश सेवा के लिए मैं दिल से बधाई देता हूं। मोहर सिंह कश्यप-ने चयनित युवक को बधाई देते हुए कहा



कि उसने मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल कर गांव व समाज का नाम रोशन किया है। ग्रामीणों व परिवार के सदस्यों ने कहा कि यह उपलब्धि न सिर्फ परिवार की बल्कि पूरे गांव समाज की शान है। गांव में माहौल उत्सव जैसा बना हुआ है और हर कोई युवा की सफलता पर गर्व महसूस कर रहा है।

# छात्राओं ने पहाड़ों की संस्कृति की ली जानकारी



**देवबन्द।** पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने देहरादून (उत्तराखंड) का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक सौंदर्य, वैज्ञानिक संस्था एवं पहाड़ी संस्कृति के बारे में जानकारी हासिल की। पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज के एक दिवसीय देहरादून (उत्तराखंड) के शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्राओं ने फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफआरआई), नेचर पार्क (लच्छीवाला) का भ्रमण किया। इसमें विशेषज्ञो ने उन्हें वन संरक्षण और जैव विविधता के बारे में जानक. ारी दी। इसके बाद छात्राओं ने पहाड़ों के मौसम, संस्कृति और पर्यटकों की भीड़ के साथ ही प्राकृतिक दृश्य, ठंडे पानी और चट्टानों की संरचना के बारे मे महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की। इसमें विद्यालय प्रधानाचार्य सबा हसीब सिददीकी व अध्यापिकाएं सहित छात्राएं शामिल रहीं।

# बाबा साहेब के चित्र पर किए पुष्प अर्पित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भारत रत्न संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ ही उनके जीवन कार्यों पर प्रकाश डाला गया।

रविदास मार्ग स्थित जाटव नगर में भारत रत्न संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सभासद राजकुमार जाटव ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर ने जीवन भर समाज के दबे, कुचले, शोषित और मजलूम तबके की आवाज उठाने का काम किया। देश के लिए किया गया उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। ओमवीर सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के लिए जीवन भर कार्य किया और भारतीय संविधान की मजबूत नींव रखी। मनोज कुमार जाटव, हेम कुमार जाटव, विभोर जाटव, भव्या जाटव, सुरेखा, नीलम जाटव, मोंटी आदि मौजूद रहे। वहीं, गांव जटोला दामा. दरपुर में बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एसडी गौतम ने कहा कि बाबा साहब के विचारों पर चलते हुए अंधविश्वास पाखंडवाद से दूर होकर शिक्षा की ओर चलना होगा। कार्यक्रम में गायक शिवदास नौटियाल व विनोद कटारिया ने भीम भजनों से अनुयायियों को बांधे रखा। प्रधान मोनू कुमार, महात्मा सतीशदास, रामपाल सिंह गौतम, राकेश राणा, राजपाल दास, सुजीत कुमार, विशाल कुमार आदि शामिल रहे।



# राशन डीलर पर लगाया अनियमितता बरतने का अरोप

■ **मुख्यमंत्री को राशन डीलर के खिलाफ ज्ञापन भेजकर की कार्रवाई की मांग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के विक्रेता पर मोहल्ला लहसवाड़ा के लोगों ने राशन वितरण में अनियमितता बरतने तथा सरकारी राशन के अतिरिक्त कुछ सामान लेने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

मोहल्लेवासी नौशाद, अब्दुल वाहिद, बाबर, शाहबाज, फिरदौस अकीला, रजिया आदि ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे ज्ञापन में कहा है कि राशन डीलर कार्डधारकों के राशन में कटौती करने के साथ ही तौल कम रखता है। इतना ही नहीं धोखाधड़ी कर पात्र लोगों के राशन की कालाबाजारी करता है। जब गरीब जनता इस बात पर अपना विरोध दर्ज कराती है तो आरोप है कि उक्त डीलर उनके साथ अभद्रता करता है। ज्ञापन में कहा गया कि राशन डीलर की मनमानी से जनता परेशान हो चुकी है। बताया कि राशन डीलर के सभी कारनामों की एक वीडियो भी उनके पास मौजूद है। मोहल्लेवासियों ने डीलर के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने तथा उक्त राशन डीलर का लाइसेंस रद्द करने की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि राज्यपाल, जिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी को भी भेजी गई है। उपजिलाधिकारी युवराज सिंह का कहना है कि मामले में जांच की जाएगी। तथ्यों के आधार पर कार्रवाई होगी।

# संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन




**देवबन्द।** इस्लामिया ग्रुप आफ कॉलेज में संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षण पद्धतियों, डिजिटल उपकरणों, अनुसंधान तकनीकों एवं उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित कर उनके ज्ञान एवं कौशल को बढ़ाता है ताकि वे छात्रों को बेहतर शिक्षा दे सकें और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार कर सकें।

इस्लामिया ग्रुप आफ कॉलेज प्रागण में संकाय विकास कार्यक्रम में एफडीपी के मुख्य प्रवक्ता एवं कोका-कोला मून बेवरेज लिमिटेड के असिस्टेंट मैनेजर एचआर अतुल कुमार ने कहा कि यह ऐसा अवसर है जहां अलग-अलग फील्ड के लोग मिलकर सीखेंगे। उन्होंने शिक्षकों को कुशल शिक्षण के लिए प्रेरित किया और उनके अनुभव साझा करने का आग्रह किया। सत्र के दौरान क्लास रूम को ऑर्गेनाइज करना और कैसे लगातार क्लासेस को इंप्रूव किया जाना है से संबंधित टिप्स दिए। संस्था के चेयरमैन डॉक्टर अजीम उल हक ने शिक्षकों को उनकी भूमिका और जिम्मेदारियां के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि शिक्षकों की क्षमता को बढ़ाना न केवल उनके व्यक्तिगत विकास के लिए बल्कि छात्र-छात्राओं की सफलता और संस्थान की प्रगति के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त शिक्षक व कर्मी शामिल रहे।

# मुस्लिम समाज में फैल रहे रुझान पर जताई चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुसलमानो में अल्लाह के अलावा किसी ओर के नाम की कसम खाने का मुस्लिम समाज में फैल रहे रुझान पर चिंता जताते हुए कहा कि कि इससे हमारी नई पीढ़ी के ईमान और चरित्र पर गहरा असर पड़ रहा है।

मीयत दावतुल मुसलमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने जारी अपने बयान में कहा कि कसम खाने की आदत को एक खतरनाक सामाजिक और दीनी गिरावट बताते हुए कहा कि इससे हमारी नई पीढ़ी के ईमान और चरित्र पर गहरा असर पड़ेगा। अफसोस जताते हुए कहा कि आज मुसलमानों की जुबान पर कसम खाना एक खेल बन गया है। छोटी से छोटी बात, मामूली झगड़ा हो या रोजमर्रा की बातचीत इसमें अल्लाह के अलावा तरह-तरह की कसमें खाते हैं। कहा कि यह न सिर्फ शरई तौर पर गलत है बल्कि पैगंबर मोहम्मद की शिक्षाओं के भी खिलाफ है। कसम असल में सम्मान का इजहार है और सम्मान केवल अल्लाह का है। जब कोई इंसान किसी रिश्ते, नाम, दरगाह या किसी बुजुर्ग की कसम खाता है तो वह अनजाने में उस हस्ती को अल्लाह के बराबर ठहराने जैसा काम कर बैठता है, जो सीधे-सीधे शिर्क की ओर ले जाता है। उन्होंने मुस्लिम समाज से कसमें खाने की आदत को छोड़ने का आह्वान किया।

# गोपीगीत का पाठ करने से गोपीनाथ भगवान के हाते हैं दर्शनः महाराज



**देवबन्द।** श्री गीता प्रचार समिति सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास मनोज महाराज ने कहा कि गोपीगीत का पाठ करने से गोपीनाथ भगवान के दर्शन होते हैं क्योंकि भक्ति में वह शक्ति है जो हृदय के रूदन को भी गीत बनाकर प्रस्तुत कर देती है।

श्रीगीता भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण की बृज से विदाई का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण ने अपनी बांसुरी राधारानी के चरणों मे रख दी। कहा कि मुरलीधर ही योगेश्वर कहलाते हैं। कहा कि ज्ञान का अंहकार प्राणी को कठोर बना देता है। जबकि गोपियों ने ऊद्धवजी को भक्ति ओर प्रेम का पाठ पढाकर उनके ज्ञान को सरस बना दिया। इसलिए विद्या में विनम्रता होनी चाहिए। मनोज महाराज ने कहा कि भगवान को प्राप्त करने के लिए ही मनुष्य जीवन मिला है और भक्ति से भगवान मनुष्य के भाग्य को संवार देते हैं। कहा कि नारद जी से भगवान के गुणों की कथा सुनकर रूकमणी ने भगवान द्वारिकाधीश को पति रूप मे प्राप्त किया। शनिवार को कथा के यजमान नीरज गोयल और प्रसाद वितरण नितिन गर्ग रहे। जबकि पूजन पंडित विनय प्रकाश त्रिवारी ने एवं संचालन सुधीर गर्ग ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लिया।

# एथलेटिक्स में छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने अन्तर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने पर संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक नंदिनी कश्यप ने दो इवेंट्स में बेहत. रीन प्रदर्शन कर स्ट्रिपलचेंज में भी तृतीय स्थान प्राप्त किया। रितु ने 3 किलोमीटर स्ट्रिपलचेंज में दूसरा स्थान प्राप्त कर मेडल अपने नाम किया। दिव्यांशी ने 100 मीटर में तीसरा स्थान प्राप्त किया। सिमरन ने 800 मीटर में तीसरा स्थान प्राप्त किया। शोभित कुमार ने 3 किलोमीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मैक्स रिले में 400 मीटर रिले सिमरन, दिव्यांशी, शोभित, अभी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर रिले में नंदिनी, रितु ,दिव्यांशी सिमरन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर रिले में नंदिनी, रितु ,दिव्यांशी, सिमरन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इंद्रप्रस्थ कॉलेज की निदेशक डॉ अंजू वालिया , भूपेंद्र सिंह, सोनम राजपूत, विकास चौधरी ने सभी छात्र छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।




## आरएसएम में जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय प्रांगण में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण फार्म भरने के संबंध में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. रश्मि एस. रावल ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को एसआईआर फार्म के संबंध में पूर्ण जानकारी दी। विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने आस-पास एवं परिवार के सदस्यों का फार्म भरना सुनिश्चित करें, क्योंकि यह फार्म ही उनकी भारतीय नागरिकता का प्रमाण है और यह बताया कि अंतिम तिथि से पूर्व अपना फार्म भरना एवं भरवाना सुनिश्चित करें।

यदि उन्हें किसी प्रकार की समस्या हो तो वे महाविद्यालय स्तर पर हेल्प डेस्क एवं अपने बूथ स्तर के अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम में प्रो. अमित कुमार सिंह, प्रो. शौराज सिंह एवं डॉ. विनय दुआ ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हिमांशु त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डा. मनोज कुमार, डा. रवि, डा. भावना वत्सल, देवेश पाठक, डा. विवेक यादव, डा. राधा रानी वरनवाल, डा. अनिल यादव, डा. चंद्रकला, प्रीति, अन्नु एवं अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## बाइक सवारों से हेलमेट लगाने का आह्वान

**अफजलगढ़।** कालागढ़ मार्ग पर निरीक्षण भवन के पास एक युवक बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चलाते हुए मोबाइल फोन पर बात करता हुआ देखा गया। राहगीरों और स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। नगरवासियों ने बताया कि युवक अपनी और दूसरों की जान की परवाह किए बिना सड़क पर बिना हेलमेट मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए मोटरसाइकिल चलाते पाए जा रहे हैं। सड़क हादसों का खतरा बढ़ रहा है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से ऐसी लापरवाही पर सख्त कार्यवाही की मांग की है ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## कई नलकूपों व एक घर में चोरी

**नांगल सोती।** कई नलकूपों सहित सोफतपुर के एक घर में हजारों की नगदी और आभूषण चोरी की घटनाओं ने नांगल पुलिस की नींद उड़ा दी है। देर रात एक साथ चोरी की कई घटनाओं से क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर पुलिस कार्रवाई हेतु अनेक सवाल खड़े हो रहे हैं। रात में गहरी नींद सोए सोफतपुर निवासी नीरज और उसकी पत्नी को चकमा देकर चोर ने उनके घर से दस हजार की नगदी, दो चांदी की पायल, बिछुए और सोने की लॉन्ग चोरी कर लिए और जाग होने पर मौके से फरार हो गया। इसके संबंध में रात में ही पुलिस को सूचित कर तहरीर सौंपी गई। वहीं इसी रात शहजादपुर निवासी किसान संतरम सिंह, गजेंद्र सिंह, ओमबीर और भूरे सहित कई किसानों के नलकूपों से चोरों ने बेश कीमती सामान चोरी कर लिया। इसके संबंध में किसानों को नलकूपों पर पहुंचने के बाद पता चला। जिसके साथ ही इन्होंने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई मांग की।

## बाबरी विध्वंस पर महा आरती का आयोजन

**चांदपुर।** शिव सैनिकों ने बसंती देवी धर्मशाला में प्राचीन शिव मंदिर में 6 दिसंबर बाबरी विध्वंस के शुभ अवसर पर महा आरती का आयोजन किया गया। शिव सैनिकों ने जय श्रीराम के नारे लगाए, उसके बाद सभी ने मिष्ठान वितरित कर खुशी मनाई। शिवसेना प्रदेश उप प्रमुख पंडित नरेश कुमार शर्मा ने कहा कि स्व. बालासाहेब ठाकरे के दिशा निर्देश पर 6 दिसंबर 1992 में शिव सैनिकों ने श्री राम की नगरी अयोध्या में बाबरी विध्वंस किया था। आज वहां पर मंदिर बनकर तैयार है, हमें बहुत खुशी है। जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह ने कहा कि बाला साहेब ठाकरे का संकल्प था। 20% राजनीति 80% समाज सेवा, जिसमें भारतीय संस्कृति की रक्षा, गंगा मां, गौ माता और महिलाओं की सुरक्षा व कमजोर वर्ग किसानों की आवाज उठाना ही उनका प्रण था, जिसे शिव सैनिक आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम में चौधरी वीर सिंह शिवसेना जिला प्रमुख, सुरेंद्र चौधरी, मुकेश लाम्बा, अभय कुमार, रोहित कुमार, विक्रांत चौधरी, आकाश, पंकज कुमार, सुरेश कुमार आदि शिवसैनिक मौजूद रहे।

# भाकियू का वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर धरना



## भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत कार्यकर्ताओं ने वन क्षेत्राधिकारी दुष्यंत कुमार के कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर धरना एवं प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन पर किसानों का कहना था कि रेंजर गरीब किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान करते हैं। वन रेंज कार्यालय चांदपुर पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जबरदस्त प्रदर्शन के बाद भी पहले दौर की वार्ता विफल रही।

किसानों ने वन क्षेत्र अधिकारी से कहा कि उप जिला अधिकारी के साथ वार्ता होगी, तभी समाधान निकलेगा। किसानों ने दो टूक कहा कि तुम्हारी जिम्मेदारी है कि तुम उप जिलाधिकारी को वन रेंज कार्यालय पर बुलाओ। किसान नेताओं ने कहा कि शमशेर सिंह का मकान का लेंटर डालने के लिए ढोला बन रहा था। वन क्षेत्र अधिकारी ने उनकी लेबर से कहा कि काम मत करना और काम रुकवा दिया गया। अब किसान नेताओं का कहना है कि हमें लिखित में इसका कोई आदेश दिखाइए। यह काम तो राज्सव विभाग का है ।

धरना स्थल पर प्रदेश महासि. चव चौधरी कुलदीप सिंह, तहसील अध्यक्ष चौधरी हरीराज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह, जिला उपाध्यक्ष चौधरी लुधियान सिंह, जिला उपाध्यक्ष मौ. याकूब, जसवंत सिंह नामधारी, मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ, रोहतास प्रधान, प्रताप सिंह, जसविंदर सिंह, राजीव कुमार चौधरी, सुधांशु, सुनील चौधरी, बब्बू खान, फरमान खान, परवेज आलम, नफीस अहमद, शमशेर सिंह, अनिल सिद्धू, बलजीत सिंह, अशरफ अली, मैराजू प्रधान, जहीरूद्दीन, दिवेश चौधरी, नवनीत प्रधान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** झालू मार्ग पर अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया।

धामपुर क्षेत्र के गांव नींदड़ू निवासी फरमान पुत्र इमरान अपनी पत्नी के साथ बाइक द्वारा शनिवार की अपराह्न करीब तीन बजे बिजनौर बहन के घर जा रहा था। बताया जाता है कि झालू मार्ग पर नहटौर थाना क्षेत्र की सीमा के पास अज्ञात ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी ,जिसमें बाईक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर लगने के दौरान बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सड़क दुर्घटना के दौरान आवागमन प्रभावित होने पर पुलिस ने व्यवस्था को संभालते हुए आवागमन को सुचारू रूप से शुरू कराया।

## टीकाकरण बूथ का उद्घाटन

**स्योहारा।** शहरी क्षेत्र में टीका उत्सव का शुभारंभ वार्ड-25 से किया गया। जहाँ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सभासद श्रीमती सुभद्रा देवी रहीं। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही और वरिष्ठ नागरिक कमेटी के सदस्य सेवानिवृत्त शिक्षक ऋषिपाल के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर टीकाकरण सत्र का उद्घाटन किया। वार्ड-4 के चामुंडा मंदिर परिसर स्थित टीकाकरण बूथ का उद्घाटन भी सभासद सुभद्रा देवी और डॉ. स्नेही ने किया। सभासद सुभद्रा देवी ने कहा कि टीका उत्सव का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गर्भवती महिलाओं और 0-5 वर्ष तक के सभी बच्चों को समय पर आवश्यक टीके लगाए जाएं। उन्होंने लोगों से अपील की कि टीकाकरण में लापरवाही न बरतें क्योंकि यह बच्चों को टीबी, पोलियो, खसरा, काली खांसी, टेटनस, डायरिया तथा निमोनिया जैसे गंभीर रोगों से सुरक्षा प्रदान करता है। डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि दिसंबर माह भर चलने वाले विशेष अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें वार्ड-वार जाकर गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और बच्चों का उम्र के अनुसार पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित कर रही हैं।

## कृष्णा में क्राफ्ट वर्कशॉप का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गृह विज्ञान विभाग में क्राफ्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें रचनात्मक सीख, नवाचार से भरपूर का प्रभावशाली आयोजन किया गया। वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में हस्तकला कौशल का विकास, नई तकनीकों का परिचय और स्वनिर्माण का भावना को सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि छवि चोपड़ा, संस्थापक निद. शक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। कार्यशाला की शुरुआत प्रशिक्षक द्वारा विभिन्न क्राफ्ट माध्यमों के परिचय से हुई, जिसमें प्रमुख रुप से पेपर प्रट, बेस्ट-आउट ऑफ वेस्ट, सजावटी गिफ्ट पैकिंग, फैब्रिक डेकोरेशन, पुडिंग और घर की उपयोगी वस्तुओ को तैयार करने थी। छात्राओं की हर गतिविधि को चरणबद्ध तरीके से सीखने का अवसर मिला।

कार्यक्रम के समापन पर छात्राओं को प्रोत्साहन दिया गया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं न केवल कलाकारों को नई दिशा देती है बल्कि आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और रचनात्मक सोच को भी विक. सित करती है। रचनात्मक गति. विधियां छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद आवश्यक है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्षा डा. शालिनी शर्मा, सहायक प्रवक्ता ज्योति चौहान, प्रीति चौहान, सायमा खानम, मुक्ता चौधरी विशेष योगदान रहा।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में प्रदर्शनी

## बच्चों ने बनाए वर्किंग मॉडल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में विज्ञान, समाजिक विज्ञान तथा आर्ट और क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा-3 से कक्षा-11 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाये, जिनमें अधिकांश मॉडल वर्किंग थे।

प्राप्त समाचार के अनुसार विद्यालय प्रांगण में अभिभावकों ने प्रदर्शनी में मॉडलों का निरीक्षण किया एवं बच्चों से उनके मॉडलों के बारे में जानकारी ली तथा मॉडल से प्रभावित होकर उनके मॉडलों से सम्बन्धित प्रोजेक्ट के कवर पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर करके बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

छात्रों द्वारा बनाये गये मॉड्ल्स में सोलर कार, सोलर एनर्जी पम्प, क्रिकेट स्टेडियम, एलजेब्रिक फॉर्मूला कम्प्यूटर शॉर्टकट की, फायर डिटेक्टर एनर्जी सॉर्सैज, वैस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, एयर पोल्यूशन कन्ट्रोलर, ईबीएम मशीन, लेजर होम सिक्योरिटी सिस्टम व भव्य मॉल आदि महत्वपूर्ण रहें। इस प्रदर्शनी में आज के युग की ज्वलन्त समस्याओं जैसे जल संरक्षण, बढ़ता प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग तथा सीमा सुरक्षा से संम्बधित मॉडलों को अध्यापक तथा अभिभावकों ने खूब सराहा।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी छात्रों को कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों की बुद्धि का विकास होता है। इस प्रकार के कार्यो से बच्चों में रचनात्मक एवं तार्किक विकास की भावना विकसित करती है। प्रदर्शनी के सफल आयोजन में त्रिमोहन गंगोत्री, मोनोजीत विश्वास, महमूब आलम, फरजाना खातून, तब्बसुम जैदी, पवन सैनी, मधुसुदन, क्षितिज चौधरी, नवनीत चौधरी, विन्सी चौधरी आदि का विशेष योगदान रहा।

**आवश्यकता है।**

**आशादीप डिग्री कॉलेज नागल सहारनपुर** को अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, शिक्षा शास्त्र, गृह विज्ञान, इतिहास विषय हेतु यूजीसी मानक अनुसार प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। **इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें:- 9761569381.**
Ashadeepcollege@gmail.com

**सूचना**

मैंने अपना नाम चिंतामनी से बदलकर आयशा सैय्यद रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
आयशा सैय्यद पत्नी फवाद आजम सैय्यद निवासी मौहल्ला बडजियाउलहक निकट मस्जिद आलीशान देवबन्द जिला सहारनपुर

**सम्बंध विच्छेद**

मेरे पुत्र सलेक की शादी जनेशवर प्रसाद की पुत्री रविता के साथ हुई थी। रविता की छोटी बहन रचना की पढ़ाई के लिए मेरे पुत्र सलेक से रविता के पिता जनेशवर प्रसाद ने 10 लाख रूपेय उधार लिए थे। वापस मांगने पर उन्होने मेरे बेटे के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया था। मेरे पुत्र सलेक की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी रविता हमारे साथ गलत व्यवहार करती है। जिससे दुखी होकर मैंने अपनी समस्त चल - अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिए है।
राजकुमार पुत्र गेंदा निवासी ग्राम पाण्डोखेड़ी रेलवे कॉलोनी थाना देवबन्द जिला सहारनपुर

# तीसरा वनडे: भारत ने द. अफ्रीका को हराया

## यशस्वी जायसवाल की सेंचुरी, कुलदीप-प्रसिद्ध ने 4-4 विकेट लिए, सीरीज 2-1 से जीती

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** भारत ने साउथ अफ्रीका को तीसरे वनडे में 9 विकेट से हरा दिया। विशाखापट्टनम में टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। साउथ अफ्रीका 270 रन ही बना सका। भारत ने 40वें ओवर में महज एक विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। विराट कोहली ने लुंगी एनगिडी की बाल पर लगातार दो चौके मारकर टीम इंडिया को जीत दिला दी। डा. वाई. राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में मेहमान टीम के लिए क्विंटन डी काक ने शतक लगाया। कप्तान टेम्बा बावुमा ने 48, डेवावाईड ब्रेविस ने 29 और मैथ्यू ब्रीट्जकी ने 24 रन बनाकर टीम को 270 तक पहुंचाया। भारत से कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा ने 4-4 विकेट लिए। 271 रन के टारगेट के सामने यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ने




भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 155 रन की पार्टनरशिप की। रोहित 75 रन बनाकर आउट हुए, यह सीरीज में उनकी पहली फिफ्टी रही। यशस्वी ने फिर 111 गेंद पर अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाया।

उनके सामने विराट कोहली ने महज 40 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। दोनों ने 40वें ओवर में टीम को जीत दिला दी। साउथ अफ्रीका से केशव महाराज ने इकलौता विकेट लिया। तीसरे वनडे में नतीजे के साथ होम टीम ने 3 मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। साउथ अफ्रीका ने दूसरे मुकाबले में 359 रन चेज किए थे। दोनों टीमों के बीच 5 टी-20 की सीरीज 9 दिसम्बर से शुरू होगी। साउथ अफ्रीका ने टेस्ट सीरीज 2-0 से जीती है। रोहित के 20 हजार इंटरनेशनल रन रोहित के इंटरनेशनल क्रिकेट में 20 हजार रन पूरे हो गए हैं। वे ऐसा करने वाले भारत के चौथे बैटर बने हैं। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ यह कारनामा कर चुके हैं।प्लेयर ऑफ द मैच यशस्वी जायसवाल ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। रोहित और मैंने इस बारे में बहुत बात की है कि हमें कैसे खेलना है और किस तेजी से आगे बढ़ना है। शुरू में मैं ज्यादा तेजी से रन नहीं बना पा रहा था। मैं सोच रहा था कि पारी को बैलेंस कैसे करूं। जब विराट पाजी आए, तो उन्होंने कई शक्ष्ट खेले। उन्होंने मुझे टारगेट सेट करने में भी मदद की। साउथ अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा बोले हम इस मैच को और अधिक रोमांचक बनाना चाहते थे। हमारे पास पर्याप्त रन नहीं थे। लाइट्स में बैटिंग आसान भी हो जाती है। पहले 10 ओवर में हमने गेंद से हमने कंट्रोल किया, लेकिन ऊपर स्कोरबोर्ड का कोई दबाव नहीं था। भारतीयों की बैटिंग काबिल ए तारीफ रही।




### संक्षिप्त खेल समाचार

## एएफसी गोवा की नजरें खिताब बचाने पर

**फातोर्दा, वार्ता।** कोलकाता की बड़ी टीम ईस्ट बंगाल रविवार को फातोर्दा के जेएलएन स्टेडियम में एआईएफएफ सुपर कप 2025-26 के फाइनल में डिफेंडिग चैंपियन एफसी गोवा से भिड़ेगी। ईस्ट बंगाल बनाम एफसी गोवा का फाइनल रविवार शाम 7:30 बजे शुरू होगा। 2018 में फेडरेशन कप के बाद शुरू हुआ सुपर कप, इंडियन फुटबॉल का टॉप-टियर डोमेस्टिक कप कॉम्पिटिशन है और जीतने वालों को 2026-27 एएफसी चैंपियंस लीग टू प्ले-ऑफ में जगह मिलेगी। ईस्ट बंगाल एफसी गोवा के खिलाफ बिना हारे फाइनल में पहुंचा है। उन्होंने सेमीफाइनल में पंजाब एफसी को 3-1 से हराने से पहले ग्रुप ए में एक जीत और दो ड्रॉ के साथ टॉप किया था।

## भारत सेमीफाइनल में जर्मनी से भिड़ेगा

**चेन्नई, वार्ता।** मेजबान भारत रविवार को सेमीफाइनल में सात बार की चैंपियन जर्मनी से भिड़ेगा। भारत ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप दो बार जीता है, और उसकी आखिरी जीत 2016 में हुई थी, जब यह टूर्नामेंट लखनऊ में उसके घर पर हुआ था। मंगलवार को मदुरै इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में पुरुषों के रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुक. ाबले में जोश से भरे भारत ने अपना धैर्य बनाए रखते हुए शूट-आउट में बेल्जियम को 4-3 से हराया। प्रिसदीप सिंह ने शूटआउट में भारतीय हॉकी टीम के लिए शानदार बचाव किया। प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए प्रिसदीप ने कहा कि (कोच) पीआर श्रीजेश से बहुत कुछ सीखा है और उन्हें देखकर, उनसे सीखकर आत्मविश्वास बढ़ा है। यह एक शानदार मैच था और चेन्नई में दर्शकों का समर्थन अविश्वसनीय था। शारदा नंद तिवारी भी भारत के शूटआउट में डटे रहे, उनके पेनल्टी स्ट्रोक्स ने भारत को मुकाबले में बनाए रखा।

# द. अफ्रीका: टी-20 सीरीज में गिल को जगह

**● शुभमन गिल रिकवरी प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रखी गई है और परिणामों को सफल और संतोष जनक बताया गया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल को बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैब सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद पूरी तरह से फिट घोषित कर दिया गया है और वह सभी प्रारूपों में चयन के लिए उपलब्ध हैं। चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार, गिल ने न केवल अपना रिहैब पूरा कर लिया है, बल्कि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के लिए आवश्यक सभी फिटनेस और प्रदर्शन मानदंडों को भी पूरा कर लिया है। गिल की रिकवरी प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रखी गई है और परिणामों को फल और संतोषजनक बताया गया है। गिल को औपचारिक रूप से सीओई से छुट्टी दे दी जाएगी। गिल को नौ




दिसम्बर से शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। बीसीसीआई ने टीम का एलान करते वक्त बताया था कि गिल की उपलब्धता सीओई से फिटनेस मंजूरी पर निर्भर थी, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब वह फिट घोषित हो गए हैं। गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट के दौरान पहली पारी में बल्लेबाजी करते वक्त चोट लगी थी। वह रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए थे और फिर मैच में हिस्सा नहीं ले पाए थे। गिल दूसरे टेस्ट में खेलने के लिए फिट नहीं हुए और वनडे सीरीज से भी उन्हें बाहर रखा गया। गिल रिहैब के लिए इस सप्ताह बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे थे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच फिलहाल तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जा रही है। रांची में भारत और रायपुर में दक्षिण अफ्रीका की जीत के साथ सीरीज 1-1 की बराबरी पर पहुंच गई है। आज विशाखापत्तनम में आखिरी मुकाबला खेला जा रहा है। भारत की नजरें निर्णायक मुकाबला जीतकर सीरीज जीतने पर होंगी। इसके बाद दोनों टीमें पांच मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेंगी, जिसकी शुरुआत 9 दिसम्बर से होगी। पहला मुकाबला कटक में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मैच 11 दिसम्बर को न्यू चंडीगढ़ में होगा। इस सीरीज के बाकी तीन मुकाबले क्रमशरू 14 दिसम्बर, 17 दिसम्बर और 19 दिसम्बर को धर्मशाला, लखनऊ और अहमदाबाद में खेले जाएंगे।

# गूगल ट्रेंड्स में वैभव सूर्यवंशी भारत के नंबर-1 क्रिकेटर

**● प्रियांश आर्या दूसरे, टॉप-10 में जेमिमाह रोड्रिग्स और स्मृति मंधाना भी शामिल**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के 14 साल के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी साल 2025 में देश में सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले पर्सनैलिटी बन गए हैं। वहीं, दुनिया भर में वह छठे सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले पर्सनैलिटी रहे। आईपीएल, अंडर-19 और टी-20 में लगातार रिकार्ड तोड़ प्रदर्शन के कारण पिछले एक साल में उनकी लोक. प्रियता तेजी से बढ़ी है। वैभव मूल रूप से बिहार से आते हैं। पिछले साल मात्र 14 साल की उम्र में राजस्थान रायल्स ने उन्हें 1.1 करोड़ रुपये में खरीदा था। यह आईपीएल इतिहास में सबसे कम उम्र में मिला कान्ट्रैक्ट है। इस साल वैभव ने आईपीएल में डेब्यू किया। वह लेफ्ट-हैंडेड बल्लेबाज हैं और टी-20 में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने यह उपलब्धि आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से गुजरात टाइटंस के खिलाफ हासिल की। राइजिंग स्टार्स एशिया कप में भी धमाल वैभव राइजिंग स्टार्स एशिया कप भी खेल चुके हैं। यूएई के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 32 गेंदों में शतक जड़ा था। इस पारी में उनके 15 छक्के और 11 चौके शामिल थे। प्रियांश आर्य दूसरे नंबर पर गूगल ट्रेंड्स 2025 की सर्च लिस्ट में वैभव सूर्यवंशी के बाद प्रियांश आर्य दूसरे नंबर पर रहे। प्रियांश दिल्ली की ओर से खेलते हैं और आईपीएल में पंजाब किंग्स का हिस्सा हैं। अपने पहले ही आईपीएल सीजन में उन्होंने 17 मैचों में 475 रन बनाए। तीसरे स्थान पर अभिषेक शर्मा रहे। अभिषेक ने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में सिर्फ 12 गेंदों में फिफ्टी लगाकर इतिहास रचा था। हैरानी की बात यह रही कि टॉप-5 में आंध्र प्रदेश के गुन्टूर के 21 वर्षीय शेख रशीद भी शामिल रहे। टॉप-10 में महिला वर्ल्ड कप जीतने वाली जेमिमा रोड्रिग्स और स्मृति मांधना के नाम भी शामिल हैं। इसके अलावा करुण नायर, भारत अंडर-19 टीम के कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स के युवा ओपनर आयुष म्हात्रे (17 वर्ष) भी लिस्ट में रहे। आयुष ने 48 गेंदों पर 94 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली थी, भारत अंडर-19 की कप्तानी की और फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 500 से ज्यादा रन बनाए।

# नोएडा में 15 जनवरी से शुरू होगी प्रो रेसलिंग लीग

**● स्पोर्ट्स और कॉरपोरेट दुनिया में जो बात धूम मचा रही वह है इस सीजन को लेकर जबरदस्त क्रेज**

**नोएडा, वार्ता।** प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) ऑफिशियली वापस आ गई है, और इसे उम्मीद से कहीं जडादा रिस्पॉन्स मिला है। लीग 15 जनवरी 2026 को शुरू होगी, और इसका ग्रैंड फिनाले 1 फरवरी 2026 को मशहूर नोएडा इनडोर स्टेडियम में होगा, जो लीग के पूरे समय के लिए पहले ही पूरी तरह से बुक हो चुका है। स्पोर्ट्स और कॉर्पोरेट दुनिया में जो बात धूम मचा रही है, वह है इस सीजन को लेकर जबरदस्त क्रेज। कुछ ही हफ्तों में, पीडब्ल्यूएल फ्रेंचाइज स्पेस इंडियन स्पोर्ट्स में सबसे जडादा डिमांड वाली जगहों में से एक बन गया है। बड़े कॉर्पोरेट घराने, बिजनेस परिवार और स्पोर्ट्स इन्वेस्टर अब टीमों को खरीदने के लिए जोरदार मुकाबला कर रहे हैं, और अगर यही रफ्तार जारी रही, तो सभी फ्रेंचाइज 30 दिनों के अंदर बिक जाएंग। यह एक ऐसा माइलस्टोन है जो इंडिया में बहुत कम लीग्स ने कभी हासिल किया है। यह एक्साइटमेंट सिर्फ इन्वेस्टर्स के बीच ही नहीं है। रेसलिंग की तरफ, रिस्पॉन्स और भी जबरदस्त रहा है। आने वाले प्लेयर ऑक्शन के लिए, 300 से ज्यादा प्रोफेशनल रेसलर्स ने रजिस्टर किया है, जो 20 से जडादा देशों को रिप्रेजेंट करते हैं, जिसमें ओलंपिक मेडलिस्ट, वर्ल्ड चैंपियनशिप फाइनलिस्ट और भारतीय पुरुष और महिला रेसलर्स की एक मजबूत लाइनअप शामिल है। अप्लाई करने वाले एथलीटों की डायवर्सिटी और कैलिबर इस बात का पक्का इशारा है कि ग्लोबल रेसलिंग कम्युनिटी पीडब्ल्यूएल को दुनिया के सबसे सीरियस और हाई-वैल्यू प्लेटफॉर्म में से एक मानती है।

## भूपेंद्र लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** ग्लोबल स्ट्रेंथ स्पोर्ट्स सेलिब्रिटी फेडरेशन (लंदन, यूके) ने द्रोणाचार्य अवार्डी भूपेंद्र धवन को पिछले 35 सालों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयरन गेम्स (बॉडीबिल्डिंग और पावरलिफ्टिंग) के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया है। इस साल का अवॉर्ड समारोह 22 नवम्बर 2025 को लंदन में हुआ था। पहले से तय प्रोफेशनल कामों के कारण, धवन इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए थे। आज यहां आयोजित एक खास कार्यक्रम में, फेडरेशन की प्रेसिडेंट सुश्री हैने बिगल एमबीई ने ग्लोबल स्ट्रेंथ स्पोर्ट्स सेलिब्रिटी फेडरेशन की ओर से उन्हें यह अवॉर्ड औपचारिक रूप से प्रदान किया। फेडरेशन भूपेंद्र धवन को उनके जीवन भर के समर्पण, नेतृत्व और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिल से बधाई देता है,

# ग्रीव्स का ऐतिहासिक दोहरा शतक



**● प्लेयर ऑफ द मैच जस्टिन ग्रीव्स ने नाबाद 202 रन बनाकर टीम के लिए दो विकेट भी चटकाए**

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** प्लेयर ऑफ द मैच जस्टिन ग्रीव्स ( दो विकेट/ नाबाद 202), शाई होप (140) और केमार रोच (नाबाद 58) की जुझारू पारियों के दम वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पांचवें दिन शनिवार को दूसरी पारी में छह विकेट पर 457 का स्कोर कर मैच को शानदार तरीके से ड्रा कराने में सफल रहा। और उसने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चरण के अपने छठे टेस्ट में पहला अंक हासिल किया। यहां वेस्टइंडीज ने कल दो विकेट पर 217 रनों से आगे खेलना शुरु किया। वेस्टइंडीज का पांचवां विकेट 93वें ओवर में 268 के स्कोर पर शाई होप के रूप में गिरा। शाई होप ने 234 गेंदों में 15 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 140 रनों की पारी खेली। कुछ देर बाद जैक फाउल्क्स ने टेविन इमलाच (चार) को आउट कर न्यूजीलैंड के मैच जीतने की उम्मीद को हवा दी। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए केमार रोच ने जस्टिन ग्रीव्स के साथ न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का सामना बहादुरी से किया और पिच पर टिके रहे। इसी दौरान ग्रीव्स ने पहले अपना शतक और उसके बाद दोहरा शतक पूरा किया। इसी के साथ ग्रीव्स टेस्ट की चौथी पारी में डबल सेंचुरी बनाने वाले चौथे वेस्टइंडियन और कुल मिलाकर सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। न्यूजीलैंड के लिए जेकब डफी ने तीन विकेट लिए। माइकल ब्रेसवेल, जैकरी फॉक्स और मैट हेनरी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। जस्टिन ग्रीव्स की शानदार बल्लेबाजी की वजह से उन्हें इस एक ही पारी में अपने 12-टेस्ट करियर की आधी से अधिक गेंदों का सामना करना पड़ा, और वेस्टइंडीज ने क्राइस्टचर्च में 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चरण के अपने छठे टेस्ट में पहला अंक हासिल किया। उन्होंने कुल 163-3 ओवर खेले, जो 95 सालों में वेस्टइंडीज के लिए टेस्ट में चौथी पारी में सबसे ज्यादा ओवर हैं। तीसरे दिन 92 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद वेस्टइंडीज को बचाने वाली 196 रन की पार्टनरशिप में शाई होप का साथ देने के बाद, जब होप (140) और टेविन इमलाच जल्दी-जल्दी आउट हो गए, तो ग्रीव्स पारी की जान बन गए। उन्होंने आखिरी ओवर से ठीक पहले जैकब डफी की गेंद को बैकवर्ड पॉइंट के ऊपर से मारकर अपना पहला शानदार टेस्ट दो. हरा शतक पूरा किया। यह आखिरी सेशन में उनका सिर्फ दूसरा चौका था, और उनके साथी खिलाड़ियों ने खड़े होकर उनका तालियों से स्वागत किया। ग्रीव्स ने 388 गेंदों में 19 चौके लगाते हुए नाबाद 202 रनों की पारी खेली। उन्होंने एक ऐसी पारी खेली जो शुरू तो अपने खास कलात्मक अंदाज और जोश के साथ हुई थी, लेकिन बाद में वह मकसद और हिम्मत से भरी एक मजबूत पारी में बदल गई। ग्रीव्स को शरीर पर इतनी गेंदे लगी कि वह गिन भी नहीं सकते थे, उन्होंने अपने करियर में सबसे अधिक गेंदें खेलीं, और एक ही मकसद और पक्के इरादे के साथ अपने नेचुरल अंदाज को कंट्रोल में रखा।

# अबू धाबी नाइट राइडर्स ने 500 टी-20 विकेट पूरे करने पर रसेल को किया सम्मानित




**अबू धाबी, वार्ता।** अबू धाबी नाइट राइडर्स ने टी-20 प्रारूप में 500 विकेट लेने वाले आंद्रे रसेल को सम्मानित किया है। आंद्रे रसेल ने यह उपलब्धि डीपी वर्ल्ड आईएल टी-20 के दौरान अबू धाबी नाइट राइडर्स और डेजर्ट वाइपर्स के बीच खेले गए मुकाबले में हासिल की। इसी के साथ वह इस प्रारुप में 500 विकेट पूरे करने वाले दुनिया के कुछ ही खिलाड़ियों में से एक बन गए हैं। इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए, अबू धाबी नाइट राइडर्स ने रसेल को एक कस्टमाइज्ड '500' जर्सी भेंट की, जो टीम और टी-20 क्रिकेट में उनके शानदार योगदान का जश्न मनाती है। अपनी तेज गति, पावर और गेम बदलने वाले प्रदर्शन के लिए जाने जाने वाले रसेल अपनी पीढ़ी के सबसे प्रभावशाली टी-20 क्रिकेटरों में से एक रहे हैं। उन्होंने दुनिया भर में नाइट राइडर्स टीमों के लिए शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें कोलकाता नाइट राइडर्स, अबू धाबी नाइट राइडर्स, ट्रिनबागो नाइट राइडर्स और लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स शामिल हैं। नाइट राइडर्स परिवार को रसेल की इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है और इसे उनके करियर का एक खास पल और एक ऐसा मील का पत्थर मानता है जो दुनिया भर की लीगों में उनकी लंबे समय से चली आ रही बेहतरीन परफॉर्मेंस को दिखाता है।

# जोरावर को पीपल्स चॉइस पुरुष एथलीट चुना



**● दोहा में आयोजित समारोह में कुल सात एथलीटों को सम्मानित किया गया**

**कतर, वार्ता।** भारतीय निशानेबाज जोरावर सिंह संधू को आईएसएसएफ एथलीट ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स 2025 में आईएसएसएफ पीपल्स चॉइस मेन्स एथलीट ऑफ द ईयर चुना गया। दोहा में शुक्रवार को आयोजित समारोह में कुल सात एथलीटों को सम्मानित किया गया। इसी के साथ कतर की राजधानी में आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल 2025 का शुभारंभ भी हो गया। 48 वर्षीय भारतीय निशानेबाज ने इस साल की शुरुआत में एथेंस में शॉटगन वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। मलाकासा शूटिग रेंज में पुरुषों के ट्रैप निशानेबाजी स्पर्धा में संधू का कांस्य पदक शॉटगन विश्व चैंपियनशिप में इस स्पर्धा में भारत का तीसरा पदक था। उनसे पहले यह कारनामा मानवजीत सिंह संधू, जगरेब (2006) में स्वर्ण पदक और करणी सिंह ने 1962 में काहिरा में रजत पदक जीता था। नॉर्वेजियन शूटर जेनेट हेग ड्यूस्टैड, जो मौजूदा 50मीटर राइफल थ्री पोजीशन वर्ल्ड चैंपियन ने डबल जीत हासिल की। उन्होंने विमेंस राइफल एथलीट ऑफ द ईयर और पीपल्स चॉइस विमेंस एथलीट अवॉर्ड दोनों जीते। ड्यूस्टैड के टीममेट जॉन-हरमन हेग (नॉर्वे) ने मेन्स राइफल एथलीट ऑफ द ईयर का खिताब जीता। चीन ने पिस्टल अवॉर्ड्स में दबदबा बनाया, जिसमें हूं काई ने सभी चार आईएसएसएफ वर्ल्ड कप स्टेज में ऐतिहासिक क्लीन स्वीप के बाद पुरुषों की कैटेगरी जीती। सुन युजी ने अपने डेब्यू सीजन में तीन बार बिना हारे महिलाओं का खिताब जीता। अमे. रिकी ट्रैप लेजेंड विसेंट और सामंथा सिमोंटन को क्रमश: पुरुष और महिला शॉटगन एथलीट ऑफ द ईयर चुना गया।

# चोटिल बर्गर भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर




**● बाएं हाथ के गेंदबाज बर्गर दूसरे वनडे के दौरान हैमिस्ट्रिंग इंजरी के चलते मुकाबले से बाहर हो गए थे**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** चोट के चलते नांद्रे बर्गर और टॉनी डी जॉजी भारत के खिलाफ तीसरे वनडे से बाहर हो गए हैं।

बर्गर भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बर्गर दूसरे वनडे के दौरान हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते मुक़ाबले से बाहर हो गए थे जबकि डी जॉर्जी को दक्षिण अफ्रीका की चेज के दौरान 45वें ओवर में हैमस्ट्रिंग में खिचाव महसूस हुआ और वह 17 रन के निजी स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे।

सीएसए के बयान में बताया गया कि दोनों खिलाड़ियों का शुक्रवार को स्कैन हुआ था और बर्गर भारत के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 सीरीज के लिए बर्गर का रिप्लेसमेंट घोषित नहीं किया है। क्वेना मफाका का भी अभी रिहैबिलेशन पूरा नहीं हुआ है इसलिए टी-20 दल से उनका नाम भी वापस ले लिया गया है। मफाका की जगह पर लुथो सिपामला को साउथ अफ्रीका के दल में जगह दी गई है।

# अवैध खनन व परिवहन पर मुकदमा दर्ज

## बोले एडीएमएफ-अवैध खनन एवं परिवहन नहीं होगा बर्दाश्त, होगी कठोर कार्यवाही



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उप खनिज आरबीएम का हरियाणा के व्यक्तियों द्वारा अवैध खनन कर परिवहन किये जाने पर थाना बेहट में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

जिलाधिकारी मनीष बंसल के सख्त निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल ने जानकारी दी कि व्हाट्सएप ग्रुप मे वायरल अवैध खनन की खबर का संज्ञान लेते हुए 5 एवं 6 दिसंबर को राजस्व, खनन एवं पुलिस विभाग द्वारा अवैध खनन के गडढों की पैमाईश की गई। पैमाईश में तहसील बेहट के ग्राम आलमगीरपुर गुर्जर के खसरा नम्बर-1/1 रकबा-64.5530हे. के आंशिक भाग से कुल-5500 घ.मी. उपखनिज आरबीएम का हरियाणा के व्यक्तियों द्वारा अवैध खनन कर परिवहन किया जाना पाया जिसके सम्बन्ध में थाना बेहट में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल ने बताया कि खान निरीक्षक खान अधिकारी द्वारा कुल 55 वाहनों को चैक किया गया जिसमें से 5 वाहन बिना आई. एस.टी.पी. के पाये गये जिन्हें चौकी शाहजहांपुर की सुपुर्दगी में दिया गया। इसके अतिरिक्त कुछ वाहनों पर पूर्व के 3 चालान लम्बित थे उन्हें भी जमा कराया गया। एक वाहन बिना परिवहन प्रपत्र के उपखनिज का परिवहन करते पकड़ा गया जिसे थाना बेहट की सुपुर्दगी में देते हुये वाहन चालक, वाहन स्वामी तथा संलिप्त देव क्रेशर के विरूद्ध थाना बेहट में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि भविष्य में भी इसी तरह अवैध खनन एवं परिवहन पर कठोर कार्यवाही होती रहेगी तथा किसी भी सूरत में अवैध खनन एवं परिवहन को बर्दाश्त नही किया जायेगा।

## ठगी गई रकम वापस कराई

**सहारनपुर।** थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड के माध्यम से पीड़ित के खाते से ठगी गई लगभग 43 हजार रूपए की धनराशि उसके खाते में वापस कराई है।

विगत 13 जुलाई को वादिया समरजहां पुत्री जमील अहमद निवासी मौहल्ला बहाउद्दीन थाना गंगोह ने थाना साइबर क्राइम में लिखित तहरीर देकर बताया था कि साइबर ठगों द्वारा फर्जी समाजसेवी बनकर 5 लाख डालर की धनराशि देने का झांसा देकर उससे उक्त धनरा. शि के टैक्स के रूप में 42 हजार 960 रूपए अपने खाते में डलवा लिए थे। इस सम्बंध में थाना साइबर क्राइम में धारा-318(4), 319(2) बीएनएस, 66डी आईटी एक्त में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। आज थाना साइबर क्राइम पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार व निरीक्षक देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त कार्यवाही करते हुए वादिया की रकम वापस कराई गयी।

# रूही अंजुम के आवास पर बाबा साहब को अर्पित किए श्रद्धासुमन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा प्रदेश सचिव रूही अंजुम के आवास पर संविधान निर्माता बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाते हुए उनके संघर्ष से प्रेरणा लेने का आहवान किया गया।

चकरोता मार्ग स्थित रूही अंजुम के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद हरेंद्र मलिक भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बाबा साहब के संविधान के बचाने की जरूरत है। जिसके लिये अखिलेश यादव संघर्ष कर रहे है। रूही अंजुम ने कहा कि हमें बाबा साहब के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने की जरूरत है।

इस दौरान उस्मान, जुबैर, साबिर गुल्लू, बाबर सफतानी, वसीम, यावर सैफी, कुलदीप वाल्मीकि, नदीम कुरैशी, शादाब अंसारी, केनात, सारिया, हीना, मीरा, माया देवी, समीन, मुशाहिद, देव, जिंदा हसन आदि मौजूद रहे।

# आज का बच्चा कल का भविष्यः डॉ.विमल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** बेहट राजकीय हाई स्कूल खैरी मढ़ती में करियर मेला का आयोजन किया गया। करियर मेले में मुख्य अतिथि के रूप पहुंचे वरिष्ठ समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार डॉ.विमल शर्मा, स्कूल के प्रधानाचार्य किशोर अग्निहोत्री व प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र धीमान ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

तहसील बेहट क्षेत्र के राजकीय हाई स्कूल में करियर मेले में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डॉ.विमल शर्मा ने कहा कि बच्चों को दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि हम सब के बीच से ही आई.ए.एस, आई.पी.एस, इंजी. नियर, डॉक्टर पढ़ लिखकर निकलते है और हम सब भी पढ़कर आगे निकल सकते है। आज का बच्चा ही कल का भविष्य बनकर निकलेगा । वही कार्यक्रम में पहुंचे एल आर डी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र धीमान ने कहा कि हमें साहस के साथ आगे बढ़ना है और बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों से पास होना है। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य किशोर अग्निहोत्री ने सभी छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि रहे डॉ.विमल शर्मा व सफल संचालन श्री मती नेहा गौतम ने किया । इस दौरान प्रीतम कुमार, सुंदर लाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य शहीद , डॉ अमित सैनी, मौ.अशफाक, डॉ कालूराम सैनी, श्री सुजीत पंकज आदि विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# संविधान में दिए हक छीनना चाह रही भाजपाः हरेंद्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं एसआईआर जनपद प्रभारी हरेंद्र मलिक ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान में मिले अधिकारों को कम करने का प्रयास कर रही है। इसलिए हम सब का दायित्व है कि पीडीए कैंप में अधिक से अधिक लोगों के वोट बनवाने का काम किया जाए ताकि कोई भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रह सके।

राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद हरेंद्र मलिक आज अंबाला रोड स्थित पार्टी जिला कार्यालय पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस एवं मासिक बैठक में एसआईआर की समीक्षा कर रहे थे। पार्टी कार्यालय पहुंचने पर राष्ट्रीय महासचिव हरेंद्र मलिक एवं राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर भुवन भास्कर जोशी का जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया इस अवसर पर सभी ने बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हे परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि इससे बिल्कुल भी घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि जगह-जगह कैंप लगाकर एसआईआर कैंप में बीएलओ का सहयोग करते हुए अधिक से अधिक लोगों को वोट बनवाने का काम करें। राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर भुवन भास्कर जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए एसआईआर जैसे कार्य लेकर आई है बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संविधान में इतनी अधिकार दिए हुए हैं कि कोई भी उन्हें वोट के अधिकार से वंचित नहीं कर सकता।

बैठक को जिलाध्यक्ष चौ.अब्दुल वाहिद, विधायक आशु मलिक, विधायक उमर अली खान, पूर्व सांसद हाजी फजलुर रहमान, पूर्व विधायक वीरेंद्र ठाकुर, पूर्व विधायक मनोज चौधरी, पूर्व विधायक माविया अली, प्रदेश सचिव मजाहिर राणा, चौधरी साजिद, कार्तिकेय राना, प्रदेश सचिव रूही अंजुम, पूर्व मंत्री विनोद तेजियान, पूर्व मंत्री लियाकत अली, कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी, संदीप सैनी, राजकुमार घाटेड़ा, राजेश शर्मा, रमेश पंवार, चौधरी अख्तर, अबूबकर चौधरी, फरहाद आलम, अमित गुर्जर आदि ने संबोधित किया।

# अनाधिकृत रूप से बनाई जा रही तीन दुकान सील




**सहारनपुर।** सहारनपुर विकास प्राधिकरण ने जोन 5 में अनाधिकृत रूप से बनाई गयी तीन दुकानों को सील किया गया।

उपाध्यक्ष व सचिव के निर्देशों के क्रम में एसडीए टीम ने जोन 5 के आईटीसी रोड साऊथ सिटी एक्सटेंशन में सुखबीर सिंह द्वारा बनाई जा रही तीन दुकानों के निर्माण को सील किया। टीम में सहायक अभियन्ता विरेश कुमार, अवर अभियंता आशीष सक्सेना, मेट सुभाष शामिल रहे।

# वोट हड़पना चाहती है भाजपा सरकारः मलिक

## सपा पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा के आवास पर पहुंचे मुजफ्फरनगर सांसद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी से मुजफ्फरनगर के सांसद हरेंद्र मलिक ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि भाजपा सरकार एस.आई.आर. नाम पर किसान मजदूर कमेरों के वोट को हड़पना चाहती है जो समाजवादी पार्टी सरकार कि इस मंशा को किसी भी तरह पूरा नहीं होने देगी।

सांसद हरेंद्र मलिक समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाड़ा के आवास पर पहुंचे। जहां उनका कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो अक्सर भाषण में यह कहते थे कि देश में अगर घुसपैठिया है तो नैतिकता के आधार पर केंद्र सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए। अब भाजपा की सरकार एसआईआर के माध्यम से देश में घुसपैठियों को तलाश रही है। अब मेरा सीधा कहना है कि नैतिकता के आधार पर मोदी और उनके सरकार को हर हाल में इस्तीफा दे देना चाहिए सांसद मलिक ने यह भी स्पष्ट कहा है कि हिंदू मुस्लिम चाहे भारत का नागरिक किसी भी वर्ग का हो उसका वोट किसी भी हालत में काटने नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कितने भी चाहे षड्यंत्र किए जाएं, लेकिन समा. जवादी एसआईआर प्रहरी किसी भी वोट को काटने नहीं देगा।

प्रेसवार्ता में पूर्व सांसद हाजी फजलू रहमान, पूर्व विधायक माविया अली रिषभ त्यागी ,अली पधान सैयद हस्सान ,अनस गाड़ा, समीर गाड़ा, हाजी नाययब, विकी त्यागी, हसीब ,सादिक गाड़ा, सावेज गाड़ा अफजल प्रधन, मोहतरम खनव रोहित गर्ग आनस गाड़ा आबिद पप्रधान बाबू प्रधान, इसुफ प्रधन आदि मौजूद रहे।

# गुहार के बाद भी पुलिस से नहीं मिली सुरक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार क्षेत्र के रहने वाले अनस पुत्र फुरकान द्वारा दिए गए अपने एवं अपने परिवार की सुरक्षा से संबंधित प्रार्थना-पत्र पर थाना अध्यक्ष द्वारा अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई न किए जाने से पीड़ित परिवार में रोष व्याप्त है।

पीड़ित का कहना है कि 27 नवंबर 2025 को अदालत परिसर में आकिब पुत्र वसीम गली न. 8 पीर वाली गली निवासी थाना मंडी के खिलाफ चल रहे मुकदमे के अभियुक्त ने अनस को खुलेआम गंभीर धमकियां दी थीं तथा जान से मारने की भी बात कही थी,जबकी इस प्रकरण में उसने उसी दिन थाना सदर बाजार में आकिब के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने के संबंध में थाना सदर बाजार में तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई थी। पीड़ित अनस पुत्र फुरकान ने आरोप लगाया है कि स्पष्ट खतरा होने और प्रार्थना-पत्र में सभी तथ्य प्रस्तुत करने के बावजूद भी पुलिस ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। जिससे उसकी और उसके परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। पीड़ित ने जिला प्रशासन एवं उच्चाधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि यदि समय रहते कार्रवाई न हुई तो किसी भी अनहोनी की पूरी जिम्मेदारी संबंधित थाना प्रशासन की होगी।

# बाबा साहब के विचार अपनाएंः सतीश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सामा. जिक चिंतक सतीश गौतम ने कहा कि डा.भीमराव अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

सतीश गौतम ने यह बात बामियान बौद्ध विहार में संविधान निर्माता डॉ आंबेडकर के 69 वे परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डॉ आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि उनके विचारों को आत्मसात कर आने वाले पीढ़ियों को सामाजिक न्याय के विचार से संस्कारित कर ही संभव है। मूर्तियों,स्मारकों और भवनों पर पुष्पांजलि करके ही हम अपने कर्तव्य की इतिश्री नही कर सकते बल्कि पे बैक टू द सोसाइटी के सिद्धांत पर कार्य करना होगा।

भंते विनयदीप महाथेरा ने सभा मे उपस्थित लोगों को धम्म देशना व त्रिशरण पंचशील दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश व संचालन वर्षवर्धन और पवन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। गायक मुकेश खजूरवाला ने भजन और गीतों के माध्यम से अत्यंत मार्मिक श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर इंदु गौतम, महेंद्र सिंह, जे पी देवल, गणेश प्रसाद, नरेश कुमार, प्रकाश चंद, वेद प्रकाश, राजबीर सिंह, डॉ रोशन लाल, अरविंद पालीवाल, अशोक सैनी व मुजफ्फर तोमर आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# छह दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री दिगंबर जैन मंदिर चन्द्र नगर के छः दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रवचन करते हुए जैन मुनि ने प्रणम्य सागर महाराज ने कहा कि मुनि एक स्थान पर प्रवास नहीं करते, वह सरिता जल के सामान होते है, जो निरंतर विहार कर स्व-पर कल्याण में साधनारत रहे है, प्रतिश्ठा महोत्सव सभी पाशण से परमात्मा बनने का जीवन्त क्रिया के साक्षी बनते है।

रेलवे फील्ड में निर्मित भव्य काशी नगरी मे आज हर्ष उल्लास उत्साह के साथ छह दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारंभ हो गया, मांगलिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं भीड़ को उपदेश देते हुए मुनि प्रणम्य सागर महाराज ने कहा प्राचीन धर्म नगरी सहारनपुर में मुनिसंघ का विहार ऐतिहासिक मांगलिक पंच कल्याणक महोत्सव की शुरुआत के साथ हुआ है, यह दुर्लभ संयोग आने वाले सैकड़ों वर्षों में सभी को स्मरण रहेगा। प्रतिष्ठा महोत्सव में रामपुर के विधायक देवेंद्र निम, नकुड विधायक मुकेश चौधरी, महानगर मेयर डॉ.अजय सिंह ने कहा जैन समाज के तपस्वी संत मुनिमहाराज समय समय पर अपनी साधना का फल प्रत्येक प्राणी को प्रदान कर हम पर एक महान उपकार कर रहे हैं। समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन, भाजपा पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन ने विधायकगणो, मेयर, संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियो का स्वागत कर यह मांगलिक अनुष्ठान केवल जैन समाज तक ही सीमित नहीं है, प्राणी मात्र के कल्याण के लिए आयोजित इस मांगलिक कार्यक्रम हो रहा है। इससे पूर्व प्रातरू काल श्री जैन मंदिर चंद्र नगर से विशाल शोभा यात्रा में भगवान महावीर स्वामी की अतिशययुक्त प्रतिमा स्वर्णमंडित रथ पर विराजित होकर नवनिर्मित काशी नगरी पहुंची, जहां प्रतिष्ठित आचार्य शुभम द्वारा शास्त्र सम्मत विधि विधान मंत्रोच्चार द्वारा मुख्य पात्रों माता-पिता प्रवीन-रेनू, सौ धर्म इन्द्र देवेंद्र-पूनम, धनपति कुबेर नितिन- सोनाली,महायज्ञनायक अविनाश-सरिता, यज्ञनायक गौरव-शिप्रा के साथ संपन्न करायी गयी। धर्मनिष्ठ डॉ.जे डी जैन द्वारा कार्यक्रम के शुभारंभ में मंगल ध्वजारोहण किया गया,पंचरंगी ध्वजा के ईशान कोण में फहराने से मांगलिक संकेत प्राप्त हुए। मांगलिक मंडप का उद्‌घाटन आशीष जैन-मान्या जैन और पवित्र पावन मंच का उद्‌घाटन विपिन- पायल जैन द्वारा किया गया।

धार्मिक अनुष्ठान में सुशील जैन, प्रवीण जैन, प्रो. एके जैन, विशाल जैन, अजय जैन, सुभाष जैन, व्रती अनिल जैन सीए, विशाल जैन, मुकेश जैन, प्रदीप किशोर जैन, सुदीप जैन, पूर्व पार्षद मानसिंह जैन, चौधरी अनुज जैन, उप चौधरी संदीप जैन, अजय जैन, निखिल जैन,दीपक जैन , आदित्य जैन, प्रदीप किशोर जैन संजय जैन उमंग जैन अभिषेक जैन, अक्षत जैन, शैलेंद्र जैन, डॉ पीयूष जैन, अरुण जैन मनोज जैन संजीव जैन सहित सैकड़ो की संख्या में श्रावक और श्राविकाए उपस्थित रहे।

# पुलिस का महिलाओं व बालिकाओं से सीधा संवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर की महिला एंटी रोमियो टीम ने शनिवार को पूरे कस्बे में जोरदार जागरूकता अभियान चलाया। मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत थानाध्यक्ष विनय शर्मा के निर्देश पर लेडी कांस्टेबल प्रीति चौधरी और लेडी कांस्टेबल नीरज ने छुटमलपुर की पंजाबी मार्केट, सब्जी मंडी, रुड़की रोड, देहरादून रोड, सर्राफा बाजार, झंडा तिराहा और ज्योति किरण तिराहा पर सैकड़ों महिलाओं-बालिकाओं से सीधा संवाद किया।

टीम ने सबसे पहले तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा सं. हता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की आसान भाषा में जानकारी दी। साथ ही गुड टच-बैड टच, बाल मजदूरी रोकथाम, विधवा पेंशन, सुमंगला योजना जैसी सरकारी कल्याण योजनाओं के बारे में बताया साइबर सुरक्षा पर खास जोर रहा महिलाओं को फर्जी कॉल, डिजिटल अरेस्ट, अनजान लिंक और ऑनलाइन ठगी से बचने के टिप्स दिए गए। हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1076, 1930, 1098 और 108 की पर्चियाँ भी बांटी गईं। प्रीति चौधरी ने कहा, "आज की महिला डरने वाली नहीं, लड़ने वाली है। कोई भी परेशानी हो तो तुरंत 1090 या 112 डायल करें। हम 24 घंटे आपके साथ हैं।" बाजार में खरीदारी कर रही महिलाओं ने पुलिस की इस पहल की तारीफ की। कई लड़कियों ने सवाल भी किए और टीम ने धैर्य से सभी के जवाब दिए।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत यह अभियान पूरे दिसंबर महीने तक लगातार चलेगा। गाँव-गाँव और स्कूलों में भी जागरूकता कार्यक्रम होंगे। "हमारा मकसद एक भी महिला या बच्ची असुरक्षित महसूस न करे," उन्होंने कहा।कस्बे में पुलिस की इस सक्रियता से लोग काफी खुश हैं। व्यापारियों ने भी टीम को मिठाई खिलाकर सम्मान दिया।

## कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रमुख शिक्षण संस्था केएलजीएम इंटर कॉलेज में आज छात्र-छात्राओं की कैरियर काउंसलिंग के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जिला रोजगार अधिकारी अनिल गौतम ने छात्र-छात्राओं को रोजगार के विभिन्न आयामों से परिचित कराया।

छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला रोजगार अधिकारी अनिल गौतम ने कहा कि वर्तमान युग स्किल का युग है तथा सभी छात्र छात्राओं को कोई न कोई स्किल सीखनी चाहिए। प्रधानाचार्य कैप्टन गौरव मिश्रा ने छात्र-छात्राओं का आव्हान किया कि वे रोजगार कार्यालय की वेबसाइट पर पंजीकरण अवश्य करें। कार्यक्रम को विद्यालय की प्रवक्ता संध्या सिंह,सलीम मोहम्मद, अखिलेश द्विवेदी ने भी संबोधित किया।

# कीचड़ से होकर स्कूल जाने को मजबूर बच्चे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** विकासखंड मुजफ्फराबाद की ग्राम पंचायत हलवाना में पंडित वाली गली और अरविंद मास्टर के घर के सामने महीनों से गंदगी का अम्बार लगा है। टूटी नालियों का गंदा पानी सड़क पर भर रहा है, जिससे पूरा इलाका कीचड़ और बदबू से भरा रहता है। सबसे ज्यादा मार स्कूल जाने वाले बच्चों को झेलनी पड़ रही है।

हर रोज सैकड़ों बच्चे जूते-मोजे गंदे करके, कीचड़ में फिसलते हुए प्राइमरी और जूनियर स्कूल पहुंचते हैं। कई बच्चे तो बीमार पड़ने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के बाद तो हालात और बिगड़ जाते हैं। मच्छरों का आतंक इतना है कि शाम ढलते ही बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।

ग्रामीण विपिन शर्मा, बसंत शर्मा, सुधीर शर्मा, सोनी शर्मा, अमर शर्मा, हिमांशु, अंकुर और रितिक शर्मा ने बताया कि ग्राम प्रधान और सचिव को कई बार लिखित-पत्रक दिए गए, मौखिक शिकायतें की गईं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई ग्राम प्रधान चुनाव के समय तो रोज आते थे अब महीनों से गांव की सूरत नहीं देखी ग्रामीणों ने गुस्सा जताया। रितिक शर्मा ने साफ कहा अगर एक हफ्ते में नालियां साफ नहीं हुईं और गंदगी नहीं हटाई गई तो हम लोग बच्चों के साथ मिलकर धरना देंगे रास्ता जाम करेंगे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं, यह बर्दाश्त से बाहर है ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और बीडीओ से गुहार लगाई है कि गांव में तुरंत सफाई अभियान चलवाया जाए और प्रधान-सचिव की लापरवाही की जांच हो विपिन शर्मा का कहना है कि स्वच्छ भारत अभियान के बड़े-बड़े बोर्ड लगे हैं, लेकिन हलवाना की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयान कर रही है।


नई दिल्ली। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 (टी) पर प्रतीक्षा करते यात्री।

## इटली को 100 जेएसएसएम मिसाइलें बेचने को अमेरिका की मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने आकाश से धरती पर मार करने वाली ज्वाइंट एयर-टू-सरफेस स्टैंडऑफ (जेएएसएसएस) मिसाइलों और उनसे संबंधित उपकरणों को इटली को बेचने पर सहमति जतायी। इस सौदे की अनुमानित लागत 30 करोड़ 10लाख अमेरिकी डॉलर है। अमेरिका की डिफेंस सिक्योरिटी कोऑपरेशन एजेंसी (डीएससीए) ने एक बयान में कहा कि स्टेट डिपार्टमेंट ने इटली सरकार को विस्तारित रेंज वाली जेएएसएसएस मिसाइलें और संबंधित उपकरण बेचने की संभावित विदेश सैन्य बिक्री को मंजूरी दे दी है। इस बारे में कांग्रेस को आवश्यक सूचना भेज दी गई है।

## घर में आग लगने के बाद भारतीय छात्रा की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में भारत की एक छात्रा की मौत हो गई। घर में आग लगने के कारण छात्रा को गंभीर चोटें आई थीं। न्यूयार्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी। सहज रेड्डी उदुमाला (24 वर्षीय) न्यूयार्क की राजधानी अल्बानी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रही थी। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार (स्थानीय समय) को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उदुमाला की आकस्मिक मृत्यु से गहरा दुख हुआ। दूतावास ने कहा इस कठिन समय में हमारे विचार और हार्दिक संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। इसने यह भी कहा कि वह उदुमाला के परिवार के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।

# भारत को जल्द मिलेंगी 40 हजार लाइट मशीन गन

## अगले साल की शुरुआत से पहली खेप की आपूर्ति की तैयारी कर रही प्रमुख इजरायली रक्षा कंपनी

**यरूशलम।** इजरायल की एक प्रमुख रक्षा कंपनी ने कहा कि वह अगले साल की शुरुआत से भारत को 40 हजार लाइट मशीन गन (एलएमजी) की पहली खेप देना शुरू करेगी। इसके साथ ही कंपनी करीब एक लाख 70 हजार आधुनिक कार्बाइन देने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के अंतिम चरण में है।


**हमने सभी परीक्षण और सरकारी जांच पूरी कर ली है और हमें उत्पादन का लाइसेंस मिल गया है**

इजरायल वेपन इंडस्ट्रीज (आईडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शुकी श्वाट्र्ज ने कहा कि उनकी कंपनी भारतीय गृह मंत्रालय की कई एजेंसियों के साथ मिलकर पिस्तौल, राइफल और मशीन गन जैसे हथियारों की भारत में बिक्री पर काम कर रही है। वाट्र्ज ने कहा, हम अभी तीन बड़े कार्यक्रमों में शामिल हैं। पहला 40 हजार लाइट मशीन गन का अनुबंध है, जिस पर पिछले साल हस्ताक्षर हुए थे। हमने सभी परीक्षण और सरकारी जांच पूरी कर ली है और हमें उत्पादन का लाइसेंस मिल गया है। हम साल की शुरुआत में पहली खेप देने की तैयारी में हैं। उन्होंने कहा कि एलएमजी की आपूर्ति पांच वर्षों तक चलेगी। उन्होंने कहा कि वह इससे जल्दी भी आपूर्ति कर सकते हैं, लेकिन पहली खेप साल की शुरुआत में दी जाएगी। श्वाट्र्ज ने कहा कि दूसरा कार्यक्रम सीक्यूबी (क्लोज क्वार्टर्स बैटल) कार्बाइन का टेंडर है। इसमें उनकी कंपनी ने दूसरी सबसे बड़ी बोली लगाई थी, जबकि 'भारत फोर्ज' मुख्य बोली लगाने वाली कंपनी है। उन्होंने कहा कि हम इस अनुबंध के 40 फीसदी हिस्से की आपूर्ति करना चाहते हैं। हम अनुबंध पर हस्ताक्षर से ठीक पहले के चरण में हैं और मुझे लगता है कि यह इस साल के अंत तक या अगले साल की शुरुआत में पूरा हो जाएगा। सीक्यूबी कार्बाइन की 60 फीसदी आपूर्ति भारत फोर्ज द्वारा की जाएगी, जबकि बाकी 40 फीसदी (170000 यूनिट) अदाणी ग्रुप की कंपनी पीएलआर सिस्टम्स द्वारा दी जाएगी। आर्बेल तकनीक के बारे में श्वाट्र्ज ने बताया कि यह एक कंप्यूटरीकृत हथियार प्रणाली है, जिसमें एक जटिल एल्गोरिदम यह पता करता है कि कब कोई सैनिक सही निशाने पर है और फिर बहुत तेजी और सटीकता से फायर करता है। उन्होंने कहा कि भारत को इस तकनीक के साथ जोड़ने पर शुरुआती बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि हम अलग-अलग एजेंसियों से आर्बेल तकनीक को अपनाने को लेकर शुरुआती चर्चा में हैं। एक बार वे इसे लेने का फैसला कर लें, तो हम इसकी इजरायल और भारत में संयुक्त रूप से बनाकर आपूर्ति करेंगे।

# पुतिन के दौरे से भारत-अमेरिका रिश्ते बेअसर

## जयशंकर ने कहा: हमारी दोस्ती कोई और तय नहीं कर सकता, भारत-रूस संबंध सबसे मजबूत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दौरे का असर भारत-अमेरिका के रिश्तों पर नहीं पड़ेगा। जयशंकर ने एचटी लीडरशिप समिट 2025 में यह बातें कही। जयशंकर ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते बात. चीत पर इसका असर पड़ने की अफवाहों को भी खारिज कर दिया। जयशंकर ने कहा कि भारत किस से दोस्ती करे या नहीं करे यह भारत के अलावा कोई और तय नहीं कर सकता। उन्होंने आगे कहा सभी को पता है कि भारत का दुनिया के हर बड़े देश से संबंध है। किसी भी देश के लिए यह उम्मीद करना कि भारत अपने अन्य देशों से रिश्ते कैसे बनाएगा, इस पर उसकी राय मानी जाएगी, यह उचित नहीं है। अगर हम ऐसा किया तो दूसरे देश भी हमसे यही उम्मीद करेंगे।

अमेरिका के साथ हो रहे व्यापार समझौते पर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अपने किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और मध्यम वर्ग के हितों की पूरी रक्षा करेगा। वहीं, जयशंकर ने भारत-रूस संबंध दुनिया के सबसे मजबूत रिश्तों में से एक बताया। ट्रम्प ने भारत पर 25 अतिरिक्त टैरिफ लगा रखा है। अमेरिका ने इसके पीछे की वजह भारत का रूसी तेल खरीदना बताया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 फीसदी हो गया। इसके बावजूद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की बातचीत जारी है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बात. चीत 10 दिसम्बर को शुरू होगी। वर्तमान में दोनों देशों के बीच सालाना व्यापार लगभग 191 अरब डालर है, जिसे 2030 तक 500 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस साल की शुरुआत में अमेरिका यात्रा के दौरान इस व्यापार समझौते की घोषणा हुई थी और तब से दोनों पक्ष लगातार बातचीत कर रहे हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-रूस संबंधों को दुनिया के सबसे स्थिर, मजबूत और बड़े रिश्तों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो दिवसीय भारत यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच के असंतुलन को दूर करना था। पुतिन की यात्रा ने पिछड़े क्षेत्रों, विशेष रूप से आर्थिक सहयोग में साझेदारी को नए तरीके से पेश किया है। जयशंकर ने कहा कि रूस का चीन, अमेरिका और यूरोप के साथ रिश्ता कई बार ऊपर-नीचे हुआ, लेकिन भारत के साथ यह रिश्ता हमेशा स्थिर और विश्वसनीय रहा। जयशंकर ने कहा कि किसी भी लंबे रिश्ते में कुछ क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ते हैं और कुछ पीछे रह जाते हैं। भारत-रूस संबंध में रक्षा, ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्र हमेशा से बहुत मजबूत रहे, लेकिन व्यापार और आर्थिक सहयोग उतना नहीं बढ़ पाया था। उन्होंने कहा कि इसके उलट, अमेरिका और यूरोप के साथ भारत का आर्थिक रिश्ता 80, 90 और 2000 के दशक में तेजी से बढ़ा, पर रक्षा और सुरक्षा सहयोग में उतनी प्रगति नहीं हुई। विदेश मंत्री ने भारत की विदेश नीति पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हमारे जैसे बड़े और उभरते देश के लिए, जिससे और बेहतर करने की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि यह जरूरी है कि हमारे खास रिश्ते अच्छी स्थिति में हो। हम महत्वपूर्ण देशों के साथ सहयोग बनाए रख सकें और हमें अपने हित के अनुसार मित्र चुनने की आजादी हो। यहीं हमारी विदेश नीति है। जयशंकर ने 18 नवम्बर को मास्को में पुतिन से मुलाकात की थी। रूसी राष्ट्रपति की यात्रा का मकसद पश्चिमी देशों को मैसेज भेजना था। इस सवाल पर जयशंकर ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि सवाल यह है कि आप उन देशों से क्या कहते हैं। सवाल यह है कि आप भारत और रूस के लिए क्या करते हैं। विदेश मंत्री ने साफ किया कि पुतिन की यात्रा पश्चिमी देशों को संदेश देने के लिए नहीं था।


**भारत किस से दोस्ती करे या नहीं करे यह भारत के अलावा कोई और तय नहीं कर सकता: विदेश मंत्री**

## पाक ने चीन के अरुणाचल पर दावे का समर्थन किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने एक बार फिर चीन के अरुणाचल प्रदेश पर दावे का खुलकर समर्थन किया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने 5 दिसम्बर को प्रेस ब्रीफिंग में कहा, 'चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़े हर मुद्दे पर पाकिस्तान का लगातार और पूरा समर्थन चीन के साथ है।' अरुणाचल प्रदेश पर चीनी विदेश मंत्रालय के दिए गए बयानों के सवाल पर अंद्राबी ने यह बात कही। चीन ने 25 नवम्बर को अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताया था। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा था कि जांगनान (अरुणाचल प्रदेश) हमारा हिस्सा है। उन्होंने कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश को कभी भारत का हिस्सा नहीं माना। चीन का यह बयान भारतीय महिला पेम वांगजाम थांगडाक के साथ शंघाई एयरपोर्ट पर बदसलूकी के आरोपों के सवाल पर आया था। चीन ने पेम के साथ बदसलूकी के आरोपों को भी नकार दिया था। चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश को भारत के राज्य के तौर पर मान्यता नहीं दी है। वो अरुणाचल को 'दक्षिणी तिब्बत' का हिस्सा बताता है। उसका आरोप है कि भारत ने उसके तिब्बती इलाके पर कब्जा करके उसे अरुणाचल प्रदेश बना दिया है। चीन अरुणाचल के इलाकों के नाम क्यों बदलता है, इसका अंदाजा वहां के एक रिसर्चर के बयान से लगाया जा सकता है।

## अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर सख्ती बढ़ी सोमालिया-मैक्सिको के 12 लोग गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिनियापोलिस में फेडरल एजेंट्स ने इस सप्ताह अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ बड़े पैमाने पर छापेमारी की। इस छापेमारी में 12 लोगों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई का मुख्य लक्ष्य सोमाली समुदाय के अवैध प्रवासियों पर था, लेकिन गिरफ्तार लोगों में केवल पांच सोमाली थे। बाकी में छह मेक्सिकन और एक एल साल्वाडोर का नागरिक था। बता दें कि मिनियापोलिस-सेन्ट पाल क्षेत्र में अमेरिका की सबसे बड़ी सोमाली समुदाय रहती है। ट्रम्प प्रशासन ने इससे पहले शिकागो, लास एंजिलिस और चार्लोट में भी बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान चलाया था। इसी तरह इस सप्ताह न्यू आरलियन्स में भी कार्रवाई की गई है, जहां अधिकारी 5000 लोगों तक को गिरफ्तार करने की योजना बना रहे हैं। मामले में डीएचएस की सहायक सचिव ट्रिशिया मैक्लागलिन ने कहा कि गिरफ्तार किए गए 12 लोगों में से अधिकांश सबसे बड़े अपराधी अवैध प्रवासी हैं। इनमें से आठ पर हिंसा, धोखाधड़ी, घरेलू हिंसा और नशे में ड्राइविंग जैसे मामले थे। वहीं मिनियापोलिस के मेयर जैकब फ्रे ने कहा कि शहर की पुलिस फेडरल इमिग्रेशन अभियान में भाग नहीं लेगी। इसके बावजूद डीएचएस की मैक्लागलिन ने फ्रे और वाल्ज़ पर आरोप लगाया कि उन्होंने इमिग्रेशन कानून लागू नहीं किया।

# नेशनल गार्ड की तैनाती को लेकर घिरे ट्रम्प

**संघीय अदालत ने उठाए सवाल, जज ने नेशनल गाड्र्स की तैनाती को अवैध करार दिया**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय जज ने ट्रम्प प्रशासन के कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड तैनात करने के फैसले पर सवाल उठाए। ट्रम्प प्रशासन ने पहले लास एंजिलिस में नेशनल गाड्र्स की तैनाती की और इसे लेकर हिंसक विरोध प्रदर्शन भी हुए। सैन फ्रांसिस्को में सुनवाई के दौरान यूएस डिस्ट्रिक्ट जज चार्ल्स ब्रेयर ने सवाल किया कि क्या प्रशासन संघीय कानून की आड़ में हमेशा के लिए स्टेट गाड्र्स को नियंत्रित कर सकती है। जज ने कहा कोई संकट हमेशा नहीं रहता। मेरा मानना है कि अनुभव हमें सिखाते हैं कि संकट आते-जाते रहते हैं और ऐसा ही चलता है।

जज ने संघीय सरकार के अटार्नी से पूछा कि क्या ऐसा कोई सबूत है, जिससे साबित हो कि राज्य सरकार सक्षम नहीं हैं या संघीय लोगों और संघीय संपत्ति की सुरक्षा नहीं कर सकती? गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने कैलिफोर्निया में हजारों नेशनल गाड्र्स की तैनाती की है। कैलिफोर्निया प्रशासन ने अदालत से अपील की कि राज्य में तैनात नेशनल गाड्र्स का नियंत्रण अब राज्य सरकार को सौंपा जाए, लेकिन अदालत ने फिलहाल ऐसा करने से इनकार कर दिया, लेकिन जज ने कैलिफोर्निया में नेशनल गाड्र्स की तैनाती को अवैध करार दिया है। कैलिफोर्निया के अटार्नी जनरल राब बोन्टा ने कहा कि नेशनल गार्ड राष्ट्रपति की कोई निजी आर्मी नहीं है, जिसे वे जहां चाहे, वहां तैनात कर दें और उसकी कोई वजह भी न बताएं। अप्रवासन कार्रवाई का विरोध होने पर राष्ट्रपति ट्रम्प ने कैलिफोर्निया में चार हजार से ज्यादा नेशनल गाड्र्स की तैनाती की थी।

हालांकि अब उनकी संख्या घटकर करीब 100 ही रह गई है। न्याय विभाग के अटार्नी एरिक हैमिल्टन ने नेशनल गाड्र्स की तैनाती के राष्ट्रपति के अधिकार का बचाव किया और कहा कि संघीय कानून राष्ट्रपति जब तक जरूरी समझें, तब तक उन्हें स्टेट गार्ड सैनिकों पर कंट्रोल बढ़ाने की पावर देता है। उन्होंने कहा कि लास एंजिलिस में बचे हुए सैनिक इमिग्रेशन एजेंटों को सुरक्षा दे रहे थे। हैमिल्टन ने कहा कि कोर्ट के पास यह रिव्यू करने का अधिकार नहीं है कि राष्ट्रपति नेशनल गार्ड मिशन को कैसे मैनेज करते हैं, लेकिन अगर वह कर भी सकता, तो उसे लास एंजिलिस में हुई हिंसा पर भी विचार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हम इस साल जून में लास एंजिल्स में जो हुआ, उसे नजरअंदाज़ नहीं कर सकते।

# पुतिन ने खाई कश्मीरी अखरोट की चटनी

**पीएम मोदी ने पुतिन को तोहफे के तौर पर असम ब्लैक टी और मुर्शिदाबाद का सिल्वर टी सेट दिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में 5 दिसम्बर को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में भव्य स्टेट डिनर का आयोजन किया। यह डिनर पुतिन के दो दिवसीय भारत दौरे के अंत में हुआ। खाने का मेन्यू पूरी तरह से भारतीय क्षेत्रीय व्यंजनों से सजा था। डिनर की शुरुआत दक्षिण भारतीय मुरुंगेकाई चारू (रसम) सूप से हुई।

इसके बाद स्टार्टर में कश्मीरी गुछी दून चेटिन (कश्मीरी अखरोट की चटनी के साथ भरे हुए मशरूम), काले चने के शिकमपुरी कबाब और वेज झोल मोमोज परोसे गए। मेन कोर्स में पुतिन को वेज थाली परोसी गई, जिसमें जाफरानी पनीर रोल, पालक-मेथी-मटर साग के साथ कई किस्म की रोटियां शामिल थी। मीठे में हलवा, कुल्फी और संदेश सर्व किए गए। वहीं, मोदी ने पुतिन को चांदी का घोड़ा, मार्बल चेस समेत 6 खास गिफ्ट दिए। डिनर में भारतीय भोजन के साथ शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रपति भवन की नौसेना बैंड और शास्त्रीय वादकों के ग्रुप ने राग अमृतवर्षिणी, खमाज, यमन, शिवरंजिनी, नलिनकांति, भैरवी का प्रदर्शन किया। इसके साथ रूस की मशहूर धुन 'कालिंका', चौकोव्स्की की नटक्रैकर सूट के पार्ट प्रस्तुत किए गए। पुतिन ने भोज के दौरान 'फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' गाना भी सुना। इसके बाद पुतिन रूस के लिए रवाना हुए। राष्ट्रपति मुर्मू ने पुतिन का स्वागत करते हुए कहा कि इस साल भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी के 25 साल पूरे हो रहे हैं। यह साझेदारी शांति, स्थिरता और आपसी सामाजिक-आर्थिक और तकनीकी प्रगति पर आधारित है। 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन का संयुक्त वक्तव्य हमारी विशेष दोस्ती को दर्शाता है और आगे का रोडमैप देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को तोहफे के तौर पर असम ब्लैक टी और मुर्शिदाबाद का सिल्वर टी सेट दिया है।

## जंगल में आग लगने से कई घर जलकर खाक

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स में जंगलों में आग लगने से कई घर जलकर खाक हो गए हैं। आस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स रूरल फायर सर्विस ने पुष्टि की है कि आग से कई घर जलकर खाक हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) ने शनिवार दोपहर यह जानकारी दी। एबीसी ने बताया कि घरों में आग लगने की घटना तक सामने आई जब नेटवर्क के न्यूज़ हेलीकॉप्टर से चलाए गए लाइव वीडियो में निबिन रोड, कोलूवोंग के पास कम से कम छह घर आग लगने से पूरी तरह खाक हो गये थे। न्यू साउथ वेल्स रूरल फायर सर्विस ने आज दोपहर निबिन रोड के लिए एक आपातकालीन चेतावनी जारी की।

# पाक-अफगान सीमा पर फिर गोलीबारी, 4 की मौत

## पीस टॉक के 48 घंटे बाद ही हमला, एक-दूसरे पर पहले अटैक करने का लगाया आरोप

**काबुल/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान की चमन-स्पिन बोल्डक बॉर्डर पर एक बार फिर भारी गोलीबारी हुई। गोलीबारी रात करीब 10 बजे शुरू हुई और देर रात तक चलती रही। दोनों देश एक-दूसरे पर हमला शुरू करने का आरोप लगा रहे हैं।

गोलीबारी में 4 अफगानी मारे गए और 4 घायल हो गए हैं। अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान ने सबसे पहले कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया, जिसके जवाब में उनकी सेना ने जवाबी कार्रवाई की। दूसरी तरफ पाकिस्तानी अधिकारियों का दावा है कि अफगान सेना ने बिना उकसावे के चमन बॉर्डर पर गोलीबारी शुरू की, जिसके बाद पाकिस्तानी फोर्सेस ने मुंहतोड़ जवाब दिया। प्रधानमंत्री के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने कहा कि पाकिस्तान अपनी सरहद और लोगों की हिफाजत के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार है। इससे 48 घंटे पहले ही दोनों देशों के बीच शांति वार्ता हुई थी। हालांकि, यह बातचीत बेनतीजा रही। यह ताजा झड़प उस वक्त हुई है जब 2-4 दिसम्बर को सऊदी अरब में दोनों देशों के बीच तीसरे शांति वार्ता बिना किसी नतीजे के खत्म हुई थी। हालांकि, दोनों पक्षों ने युद्धविराम को बनाए रखने का वादा किया था, लेकिन तनाव कम नहीं हो रहा। सऊदी अरब से दोनों प्रतिनिधिमंडल 4 दिसम्बर अपने देश लौटे थे और 5 दिसम्बर की रात को गोलीबारी शुरू हो गई। इससे पहले कतर और तुर्की में भी बातचीत हो चुकी है। चौथा दौर कब और कहां होगा, इसकी कोई तारीख तय नहीं है। चमन-स्पिन बोल्डक बॉर्डर को पूरी तरह बंद कर दिया गया है और दोनों देशों ने तैनाती बढ़ा दी हैं। पाकिस्तान का कहना है कि अफगानिस्तान की जमीन से आतंकवादी हमले कर रहे हैं। तालिबान सरकार इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करती है और कहती है कि पाकिस्तान अपनी अंदरूनी नाकामी का ठीकरा अफगानिस्तान पर फोड़ रहा है। फिलहाल चमन-स्पिन बोल्डक बॉर्डर को पूरी तरह बंद कर दिया गया है और दोनों तरफ भारी संख्या में सैनिक तैनात हैं। आने वाले दिनों में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।


**पाक ने सबसे पहले कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया**

# साउथ अफ्रीका के हॉस्टल में गोलीबारी, 11 की मौत

## 25 लोगों को गोली लगी, पुलिस बोली: अवैध शराबखानों को लेकर विवाद था

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में प्रिटोरिया के पास एक हॉस्टल में की गई गोलीबारी में 11 लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक कुल 25 लोगों को गोली मारी गई। यह हमला शनिवार तड़के उस वक्त हुआ, जब कुछ लोग हॉस्टल के अंदर मौजूद शराबखाने में शराब पी रहे थे।

मरने वालों में 3 साल का बच्चा, एक 12 साल का लड़का और 16 साल की लड़की शामिल हैं। 3 साल का बच्चा उसी अवैध शराबखाने के मालिक का बेटा बताया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता एथलेन्दा मथे ने बताया कि हमले का मकसद फिलहाल साफ नहीं है और अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। यहां अवैध शराबखाने को लेकर विवाद चल रहा था। मृतकों में 10 की मौके पर ही मौत हो गई और एक घायल बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसके अलावा 14 लोग अभी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। अवैध शराबखाने का मालिक भी घायलों में शामिल है। पुलिस प्रवक्ता एथलेंडा माथे ने बताया कि पुलिस ने 11 हत्या और 14 हत्या के प्रयास के केस दर्ज कर लिए हैं। यह घटना हॉस्टल में चल रहे गैर-कानूनी शराबखाने में हुई। तीन अज्ञात हमलावर लोकल टाइम के मुताबिक सुबह करीब 4:30 बजे अंदर घुसे और लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं। पुलिस टीम हमले वाली जगह पर मौजूद है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि देश में चल रहे अवैध शराबखाना प्रशासन के लिए चुनौती बन चुका है। माथे ने कहा- बिना लाइसेंस वाले शराबखाने हमारे लिए बड़ी परेशानी हैं, क्योंकि ज्यादातर घटनाएं यहीं होती हैं। यहां झगड़े होते हैं, गलतफहमियां बढ़ती हैं और लोग एक-दूसरे पर हमला कर देते हैं। अप्रैल से सितम्बर के बीच हमने ऐसे 11975 अवैध शराबखाने बंद किए हैं। दक्षिण अफ्रीका दुनिया में सबसे ज्यादा हत्या दर वाले देशों में से एक है। यूएन के 2023-24 के आंकड़ों के मुताबिक, यहां प्रति एक लाख लोगों पर 45 हत्याएं होती हैं। पुलिस के मुताबिक, अप्रैल से सितम्बर के बीच हर दिन औसतन 63 लोगों की हत्या हुई।


**मरने वालों में 3 साल का बच्चा, एक 12 साल का लड़का और 16 साल की लड़की शामिल हैं**

# ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थक बिजनेसमैन पर एक्शन

**सरकार ने बैंक अकाउंट फ्रीज किए, आतंकी संगठन बब्बर खालसा को मदद देने का शक**

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने एंटी टेररिज्म कानून का इस्तेमाल करते हुए एक ब्रिटिश सिख बिजनेसमैन गुरप्रीत सिंह रेहल के सभी बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं। उन्हें किसी भी कंपनी के डायरेक्टर के तौर पर काम करने से रोक दिया गया है।

ब्रिटिश सरकार को रेहल पर भारत में एक्टिव खालिस्तान आतंकी संगठन बब्बर खालसा को आर्थिक मदद देने का शक हैं। सरकार ने 'बब्बर अकाली लहर' नाम के एक ग्रुप पर भी बैन लगाया है। ब्रिटेन के ट्रेजरी डिपार्टमेंट का कहना है कि यह ग्रुप भी बब्बर खालसा के लिए प्रचार करने, लोगों को जोड़ने और उसके लिए फंड जुटाने जैसी एक्टिविटीज में शामिल था। ब्रिटेन की फाइनेंस सेक्रेटरी सचिव लूसी रिग्बी ने कहा कि देश के फाइनेंस सिस्टम का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार हर तरह के कदम उठाने को तैयार है ताकि आतंकवादी किसी भी तरह से फंड इकट्ठा न कर सकें। सरकार का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से ब्रिटेन की सुरक्षा को मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि रेहल इन संगठनों के लिए भर्ती कराने, आर्थिक लेन-देन संभालने और यहां तक कि हथियार खरीदने जैसी एक्टिविटी में भी शामिल थे। ब्रिटेन के साथ-साथ खालिस्तानी आतंकी दुनिया भर के कई देशों में एक्टिव हैं। ये अफवाहें फैलाने, लोगों को भड़काने और विदेशों से मदद लेने की कोशिश करते हैं। इन्होंने भारत में भी कई आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया है। सरकार की कार्रवाई के बाद अब ब्रिटेन का कोई भी इंसान या कंपनी रेहल या उनके जुड़े संगठनों को पैसा नहीं दे सकेगी।



# संदीपा धर ने अपने नए प्रोजेक्ट की शुरुआत की

**मुंबई।** अभिनेत्री संदीपा धर ने अपने नए प्रोजेक्ट की शुरुआत कर दी है। संदीपा ने इस प्रोजेक्ट के बारे में बिना ज्यादा खुलासा किए, अपने फैंस को इसकी पहली झलक भी दिखा दी है। संदीपा ने अपनी वैनिटी वैन से कुछ बिहाइंड-द-सीन्स तस्वीरें शेयर कीं, जिनके कैप्शन में उन्होंने लिखा, फोकस से शुरू हुआ, अंत ऐसे हुआ पहला कदम मुझे शुभकामनाएं दें। तस्वीरों में संदीपा स्क्रिप्ट हाथ में लिए नजर आ रही हैं। वहीं फ्रेम में रखा एक नोट है, आज के लिए आपका सीन तैयार है। सेट पर मिलते हैं। जिससे साफ है कि शूट का पहला दिन काफी एनर्जेटिक रहा। हालांकि संदीपा ने शो का नाम अभी तक रिवील नहीं किया है, लेकिन यह पोस्ट आते ही फैंस में कई तरह के कयास लगने लगे हैं।

कई लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि यह उनकी अगली लंबी फॉर्मेट वाली ओटीटी सीरीज हो सकती है। अभय और माई जैसे प्रोजेक्ट्स के बाद डिजिटल स्पेस में संदीपा की पकड़ लगातार मजबूत हुई है, और यह नई झलक 2025 में आने वाली किसी रोमांचक सीरीज की ओर इशारा करती दिखती है।नए साल के करीब आने के साथ ही ऐसा लगता है कि संदीपा का कैलेंडर पहले से ही काफी व्यस्त है। इस सीक्रेट प्रोजेक्ट के अलावा, वह दो दीवाने शहर में में भी नजर आने वाली हैं, जिससे उनकी लाइन. अप और भी दिलचस्प हो गई है।

## माही-गोल्डी का भोजपुरी गाना मेहरी के नखरा ने 20 मिलियन व्यूज किए पार

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका गोल्डी यादव का भोजपुरी गाना मेहरी के नखरा ने 20 मिलियन व्यूज पार कर लिया है। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव की सुपरहिट जोड़ी ने एक बार फिर बड़ा धमाका कर दिया है। माही श्रीवास्तव की मनमोहक अदायगी से भरपूर और गोल्डी यादव मधुर आवाज में गाया हुआ भोजपुरी लोकगीत मेहरी के नखरा दर्शकों के बीच वायरल हो गया है।

यह गाना 20 मिलियन व्यूज यूट्यूब पर पार करके धमाल मचा रहा है। इस गाने को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूटूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि प्रियांशु सिंह ने संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, डीओपी गौरव एंड रंजन, कोरियोग्राफर एम के गुप्ता जॉय, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स के पास है।

माही श्रीवास्तव ने कहा कि इस गाने को 20 मिलियन व्यूज पार करना उनके लिए बहुत ही खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि वह इस गाने के लिए रत्नाकर कुमार सर को दिल से धन्यवाद देती हैं। वहीं गोल्डी यादव ने कहा कि यह लोकगीत रत्नाकर कुमार सर ने बहुत ही प्यारा बनाया है। इस गाने को गाकर वह बहुत खुश हैं, क्योंकि यह गाना 20 मिलियन क्लब में शामिल हो गया है।

# उर्मिला मातोंडकर संग रूमर्ड अफेयर पर रामगोपाल वर्मा का रिएक्शन





**मुंबई।** फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा अक्सर अपने बयान और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों रहते हैं। उन पर ये भी इल्जाम लगता है कि वो अभिनेत्रियों को आब्जेक्टिफाई करते हैं, लेकिन अपने एक हालिया इंटरव्यू में डायरेक्टर ने इस पर असहमति जताई है। साथ ही, 90 के दशक में एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर संग अपनी अफेयर की चर्चाओं पर भी रिएक्शन दिया है। जूम टीवी के साथ बातचीत में, राम गोपाल वर्मा ने कहा-मुझे लगता है कि वो सबसे वर्सेटाइल एक्ट्रेस हैं, इसीलिए मैंने उनके साथ इतनी सारी फिल्मों में काम किया। मैंने अमिताभ बच्चन के साथ ज्यादा काम किया है। लेकिन कोई इस बारे में बात नहीं करता। उन्होंने आगे कहा- उनके इर्द-गिर्द होने वाली बातचीत ही सिस्टम और सोशल मीडिया के काम करने का तरीका है। बता दें कि रामू और उर्मिला ने 1990 से 2000 के बीच रंगीला, सत्या, दौड़, एक हसीना थी, भूत और प्यार तूने क्या किया जैसी कई फिल्मों में साथ काम किया था। इस दौरान दोनों की अफेयर की खबरें सुर्खियों में रही थीं। इसी इंटरव्यू में रामू ने श्रीदेवी के बारे में अपनी थंडर थाइज वाली टिप्पणी पर भी बात की। रामू ने कहा-मुझे नहीं लगता कि यह आब्जेक्टिफिकेशन है। उदाहरण के लिए, जब मैंने श्रीदेवी के बारे में थंडर थाइज कहा, तो मेरा मानना है कि उनकी प्रतिभा के अलावा ये उनकी खूबियां भी हैं। यह उनकी यूनिक बात थी। इसे आब्जेक्टिफिकेशन कहना मेरे कमेंट का आब्जेक्टिफाई करना है।

## 75 मेट्रो स्टेशन्स पर लगे तान्या के पोस्टर

**नई दिल्ली।** बिग बास 19 का ग्रैंड फिनाले रविवार को है। टॉप 5 कंटेस्टेंट्स में गौरव खन्ना, प्रणित मोरे, अमल मलिक, फरहाना भट्ट और तान्या मित्तल शामिल हैं। हर कोई अपने पसंदीदा कंटेस्टेंट को जीतने के लिए जी-तोड़ कोशिश कर रहा है। इसी बीच तान्या मित्तल के पोस्टर मेट्रो स्टेशनों पर नजर आ रहे हैं, जिन पर लिखा है कि तान्या को वोट दें। दरअसल, दिल्ली के 75 मेट्रो स्टेशनों पर तान्या के लिए वोटिंग के पोस्टर लगाए गए हैं, जिनके कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि स्टेशन पर लगे डिस्प्ले पर तान्या की तस्वीरें ही छाई हुई हैं। उनके तमाम कटआउट्स का कोलाज बनाया गया है और लिखा है वोट नाऊ। वहीं, सोशल मीडिया यूजर्स भी इस पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। कई लोगों ने इसे एक अच्छी मार्केटिंग स्ट्रेटजी बताया है, जबकि कुछ ने मजाकिया अंदाज में लिखा कि दिल्ली मेट्रो अब तान्या मेट्रो बन गई है। तान्या मित्तल एक यंग उद्यमी, इन्फ्लुएंसर और माडल हैं। उन्होंने 2018 में मिस एशिया टूरिज्म यूनिवर्स का टाइटल जीतकर पहचान हासिल की। तान्या हैंडमेड लव नाम से एक सफल हैंड क्राफ्टेड गिफ्टिंग स्टार्टअप की फाउंडर हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 4 मिलियन से ज्यादा फालोअर्स हैं।

### पुलकित सम्राट ने चंकी पांडे की तारीफ की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट ने अपनी आने वाली फिल्म राहु केतु के को-स्टार और अभिनेता चंकी पांडे की तारीफ की है। पुलकित सम्राट ने अपने काम के प्रति चंकी पांडे के समर्पण और जुनून की बातें साझा करते हुए कहा, पहली नजर में चंकी सर को सेट पर आकर सीन करते देखना केकवॉक जैसा लगता है, लेकिन सच तो यह है कि वो उस सीन को परफेक्ट बनाने के लिए इतनी मेहनत करते हैं कि हमें सामने खड़े होने में शर्म आने लगती है। यकीन मानिए उनकी मेहनत देखकर हम खुद पेन-पेपर लेकर बैठ जाते हैं कि और क्या किया जा सकता है। पुलकित ने चंकी पांडे के साथ अपनी पहली फिल्म का अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके साथ हर दिन ऐसा लगता था जैसे वे किसी स्कूल या किसी यूनिवर्सिटी में आ गए हों और बस सीखते ही जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चंकी पांडे ने अपनी बेटी, अभिनेत्री अनन्या पांडे के करियर और परफॉर्मेंस को संवारने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, अनन्या आज जो भी हैं, जिस तरह परफॉर्म करती हैं, उसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि उसके घर में ही पिता के रूप में एक मेंटर है, एक पूरी यूनिवर्सिटी मौजूद है।

# सिद्धांत ने अपना धड़क 2 का अवॉर्ड दिवंगत सक्षम टेट को किया समर्पित



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपना धड़क 2 का अवॉर्ड, ऑनर किलिंग के शिकार दिवंगत सक्षम टेट को समर्पित किया है। अपनी पिछली फिल्म धड़क 2 में निलेश का किरदार निभाकर दर्शकों के साथ अपने आलोचकों का भी दिल जीत चुके सिद्धांत चतुर्वेदी को हाल ही में इस किरदार के लिए पावर पैक्ड परफॉर्मर ऑफ द ईयर के सम्मान से सम्मानित किया गया, जिसे उन्होंने इंटर-कास्ट ऑनर किलिग का शिकार हुए दिवंगत सक्षम टेट को समर्पित कर दिया। मंच से दिवंगत सक्षम टेट को श्रद्धांजलि देते हुए सिद्धांत ने न सिर्फ संवे. दनशीलता के साथ अपनी बात रखी बल्कि एक सशक्त संदेश भी पेश किया। उन्होंने कहा, यह अवॉर्ड सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि यह उन सभी का है, जिन्हें कभी जाति के आधार पर बहिष्कृत किया गया, किनारे किया गया और भेदभाव का शिकार होना पड़ा। हालांकि इतना कुछ होने के बावजूद उन्होंने न सिर्फ अपने खड़े होने, लड़ने और सिर्फ मौजूद रहने के अधिकार को हासिल किया, बल्कि अपने लिए एक जमीन भी तैयार की। उनकी इसी जिजीविषा को सलाम करते हुए, मैं यह अवॉर्ड दिवंगत सक्षम टेट को समर्पित करता हूं, जिनके पीछे उनका पूरा परिवार और पूरा गांव हैं और आज मेरा दिल भी है। सिद्धांत ने धड़क 2 की निर्देशिका शाजिया इकबाल को धन्यवाद दिया, जिन्होंने फिल्म को हर तूफान से बचाया और लेखक राहुल बडवेलकर की भी सराहना की, जिन्होंने इन हालातों में चुपचाप सांसे ले रही खामोशी को सच में बदला।

अपनी गहरी और व्यक्तिगत समर्पण के साथ, सिद्धांत चतुर्वेदी ने न सिर्फ अपने सम्मान के क्षण का उपयोग वास्तविक अन्याय की कहानियों को आवाज देने के लिए किया, बल्कि ए संदेश भी दिया कि धड़क 2 जैसी कहानियां साहस, संवेदना और बेबाक ईमानदारी के साथ कही जाती रहनी चाहिए। सिद्धांत की आगामी फिल्मों की बात करें तो अगले वर्ष वैलेंटाइन डे के दौरान उनकी फिल्म 'दो दीवाने शहर में 20 फरवरी को रिलीज होगी, जिसमें वह मृणाल ठाकुर के साथ 90 के दशक की प्रेम कहानी दर्शकों को पेश करेंगे।

**मंच से दिवंगत सक्षम टेट को श्रद्धांजलि देते हुए सिद्धांत ने न सिर्फ संवेदनशीलता के साथ अपनी बात रखी बल्कि एक सशक्त संदेश भी पेश किया। उन्होंने कहा, यह अवॉर्ड सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि यह उन सभी का है।**




# जापान में बाहुबली: द एपिक स्क्रीनिंग में छाए प्रभास



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगा स्टार प्रभास ने जापान में बाहुबली: द एपिक की स्क्रीनिंग में लोगों का दिल जीत लिया। हाल ही में बाहुबली: द एपिक जिसमें बाहु. बली: द बिगिनिंग और बाहुबली: द कन्क्ल्यूजन दोनों फिल्मों को जोड़कर एक फिल्म बनाया गया है, 12 दिसम्बर 2025 को जापान में सिनेमा घरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म की रिलीज से पहले प्रभास जापान गए, जहां एक खास स्क्रीनिंग रखी गई थी। यह स्क्रीनिंग एक बड़े जश्न में बदल गई। पूरा हॉल उन फैंस से भरा था जो प्रभास को देखने और बाहुबली की कहानी को बड़े पर्दे पर महसूस करने के लिए बहुत उत्साहित थे। स्क्रीनिंग के बाद प्रभास ने सभी फैंस से बहुत प्यार से मुलाकात की और उनके लिए कुछ यादगार पल बना दिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी एक नोट शेयर किया, जो निर्देशक एस-एस- राजामौली ने उन्हें जापान पहुंचने पर दिया था। इस नोट ने इस पल को और भी खास बना दिया। स्क्रीनिंग से अपनी एक फोटो और वह नोट शेयर करते हुए प्रभास ने लिखा, डारलिंग/एसएस राजामौली आपको बहुत सारा प्यार। यहां जापान में आपकी कमी महसूस हो रही है, हम दोनों फिर साथ में आएंगे। स्क्रीनिंग के दौरान प्रभास ने कहा, पिछले 10 सालों में बहुत लोगों ने मुझे जापान के बारे में बताया था। आज आप सबको सामने देखकर मेरा सपना पूरा हो गया। लक्ष्मी गारु की तरह, मैं भी हर साल जापान आकर आपसे मिलना चाहता हूं। आने वाली फिल्मों की बात करें, तो प्रभास के पास कई बड़ी फिल्में हैं, जिनको लेकर फैन्स बहुत उत्साहित हैं। उनकी लिस्ट में द राजा साहब, स्पिरिट, फौजी, सलार पार्ट-2: शौर्यांग पर्व और कल्कि 2898 एडी पार्ट-2 जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं।

